# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | बिलासपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹93259/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹113900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹124333/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand® Jewels

Pandri, Raipur







## डॉ. हिमांशु द्विवेदी को पितृशोक

# पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी का स्वर्गवास

### हरिभूमि परिवार ने जताई शोक संवेदनाएं, पत्रकार जगत में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी के पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी का 84 वर्ष की आयु में 25 नवंबर को देवलोक गमन हो गया है। वे हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद रहे पं. बृजनारायण 'बृजेश' के मंझले सुपुत्र थे। उनके निधन पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह,तमाम संगठनों और पत्रकार जगत ने शोक जताया है। हरिभूमि एवं आईएनएच परिवार के समस्त सहयोगियों में शोक व्याप्त है। तत्कालीन गुना जिला अंतर्गत ईशागढ़ में जन्मे श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी ने ग्वालियर स्थित कृषि महाविद्यालय से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की, उनका विवाह ग्वालियर के ही प्रतिष्ठित पटेरिया परिवार में रमा जी के साथ हुआ। वे लंबे समय तक मध्य प्रदेश शासन के कृषि विभाग में अधिकारी रहे। उनकी अंतिम यात्रा 26 नवंबर, बुधवार को निज निवास 3, सिंधी कालोनी ग्वालियर से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। स्व. कीर्तिनारायण द्विवेदी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके बड़े सुपुत्र डा. हिमांशु द्विवेदी और पुत्रवधु पूजा द्विवेदी हैं। छोटे सुपुत्र रवि द्विवेदी और ⏭ शेष पेज 8 पर



■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरणदेव, धरमलाल कौशिक, छग विस के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, मप्र विस अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, भाजपा मप्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने जताया शोक

समर्पित नक्सलियों में 19 महिला भी शामिल 89 लाख रूपए का था ईनाम

# माड़ के 28 नक्सलियों ने हथियार छोड़े इनमें 19 महिलाएं, 89 लाख के ईनामी

### समर्पित नक्सलियों में डीवीसीएम, एसीएम, पीपीसीएम व टेक्निकल टीम मेंबर शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर/नारायणपुर

नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में मंगलवार को माड़-उत्तर व पूर्व बस्तर डिविजन में सक्रिय 19 महिला समेत 28 नक्सलियों ने हथियार छोड़ दिए। समर्पित नक्सलियों पर 89 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। समर्पित नक्सलियों में डीवीसीएम, एसीएम, पीपीसीएम व टेक्निकल टीम मेंबर शामिल है। सभी नक्सलियों ने आईजी सुंदरराज पी व एसपी नारायणपुर रॉबिन्सन गुड़यिा के समक्ष समर्पण किया।

पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन के तहत जिला नारायणपुर में पुलिस को बड़ी सफलता मिली जहां 28 माओवादी कैडरों ने आत्मसमर्पण किया है। इन 28 माओवादी कैडरों ने हिंसा का रास्ता छोड़ते हुए हथियारों के साथ सरेंडर किया। मंगलवार को पुनर्वास हुए 28 माओवादी कैडरों में माड़ डिविजन कंपनी नंबर 6 का डीवीसीएम, पीपीसीएम, एसीएम, मिलिट्री मेंबर, पीएम तथा जनताना सरकार मेंबर शामिल है। आईजी ने बताया कि पुनर्वास के दौरान 3 माओवादी कैडरों ने अपने पास रखे एसएलआर, इंसास व थ्रीनॉटथ्री रायफल भी आईजी को सौंप दिया। आईजी ने कहा कि यह हिंसा से दूरी बनाने और कानून व्यवस्था ⏭ शेष पेज 8 पर



### 50 दिनों में 512 ने समर्पण किया

यह उल्लेखनीय है कि पिछले 50 दिनों में बस्तर रेंज में 512 से अधिक माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर सामाजिक मुख्यधारा से जुड़ने का निर्णय लिया है।

### रामदर पापाराव समेत अन्य नक्सलियों के पास समर्पण के अलावा कोई विकल्प नहीं

आईजी ने कहा कि माओवादी कैडर जिनमें पोलित ब्यूरो मेंबर देवजी, सीसीएम रामदर, डीकेएसजेडसी सदस्य पाप्पा राव, बारसे देवा तथा अन्य शामिल हैं। इन सभी नक्सलियों के पास हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल होने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। समर्पण के दौरान आईजी के अलावा कलेक्टर नारायणपुर सुश्री प्रतिष्ठा ममगई, एसपी रोबिनसन गुड़यिा, सीईओ जिला पंचायत आकांक्षा शिक्षा खलखो, रोशन सिंह असवाल सेनानी 38वीं वाहिनी आईटीबीपी, राजीव गुप्ता, सेनानी 43वीं वाहिनी आईटीबीपी, संजय कुमार, सेनानी 53वीं वाहिनी आईटीबीपी, संजय सिंह, सेनानी 129वीं वाहिनी बीएसएफ, नवल सिंह, सेनानी 135वीं वाहिनी बीएसएफ, एएसपी अक्षय प्रमोद साबद्रा, सुशील कुमार नायक समेत सैकड़ों की संख्या में समाज प्रमुख, अधिकारी और जवान मौजूद थे।

## ॥ अंत्येष्टि आज ॥

अनित्यं जीवितं लोके सर्वं तद्धाग्यनिर्भरम्।
प्रार्थयामः शुभे स्वर्गे शान्तिः तस्यात्मनः सदा॥



## कीर्ति नारायण द्विवेदी जी

1945 - 2025

मेरे पति श्री कीर्ति नारायण द्विवेदी जी का देवलोक गमन कल दिनांक 25 नवंबर को हो गया है। **अंतिम यात्रा आज** (26 नवंबर) प्रात: 9.00 बजे हमारे निज निवास 3, सिंधी कालोनी, ग्वालियर से लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम जाएगी।

**॥ श्रद्धानवत ॥**

श्रीमती रमा द्विवेदी (पत्नी)

डॉ. हिमांशु (प्रधान संपादक हरिभूमि समाचार पत्र समूह)–डॉ. पूजा द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)

एडवोकेट रवि–एडवोकेट अनामिका द्विवेदी (पुत्र-पुत्रवधू)

डॉ. राखी–डॉ. अविनाश शर्मा (पुत्री-दामाद)

राधिका, शिवांश, धवल और आराध्या (पौत्र-पौत्री)




# रेल कनेक्टिविटी, छत्तीसगढ़ की औद्योगिक आर्थिक क्षमता को नई ऊर्जा देगाः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंट कर छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के विस्तार, नए प्रोजेक्ट्स की प्रगति और चल रही परियोजनाओं के शीघ्र पूर्ण करने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वीकृत सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जाए, ताकि नागरिकों, उद्योगों और व्यापार जगत को बेहतर, तेज़ और सुरक्षित परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध हो सके।

- छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के विस्तार, नए प्रोजेक्ट्स की प्रगति और प्रगतिरत

रेल मंत्री श्री वैष्णव ने मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए बिंदुओं का स्वागत करते हुए कहा कि रेल मंत्रालय छत्तीसगढ़ में कनेक्टिविटी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए क्रियाशील है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव राहुल भगत एवं वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में रेल विकास अभूतपूर्व गति से हो रहा है। डबल इंजन सरकार के समन्वित प्रयासों से प्रदेश का रेल नेटवर्क एक नए स्वर्णिम युग में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने बताया कि रायपुर–जबलपुर एक्सप्रेस की शुरुआत से पर्यटन, व्यापार और शिक्षा को नई ऊर्जा प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 2014 से 2030 के बीच राज्य में रेल लाइन का विस्तार दोगुना होने जा रहा है, जबकि 1853 से 2014 तक मात्र 1100 किलोमीटर का विस्तार हो सका था। पिछले दस वर्षों में राज्य के रेल बजट में 22 गुना वृद्धि और वर्ष 2025–26 में 6,925 करोड़ रुपये का ऐतिहासिक आवंटन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए इस परिवर्तन का सशक्त प्रमाण है। रेल कनेक्टिविटी का यह विस्तार प्रदेश की औद्योगिक, आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन क्षमता को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

### रेलमंत्री वैष्णव से मिले सीएम साय



### प्रदेश में 47,447 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाएं

राज्य में 47,447 करोड़ रुपये से अधिक की कई प्रमुख रेल परियोजनाएँ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। खरसिया–नवा रायपुर–परमालकसा, गेवरा–पेंड्रा, रावघाट–जगदलपुर, खरसिया–धरमजयगढ़ तथा बिलासपुर–झारसुगुड़ा चौथी लाइन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएँ छत्तीसगढ़ की रेल कनेक्टिविटी को नई ऊँचाई प्रदान करेंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग सहित प्रदेश के 32 रेलवे स्टेशनों का आधुनिक पुनर्विकास भी तीव्र गति से जारी है, जिससे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

### देश के प्रमुख रेल कॉरिडोर में होगा शामिल

कॉरिडोर वाले राज्यों में होगा छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से छत्तीसगढ़ आने वाले वर्षों में देश के सबसे महत्वपूर्ण रेल कॉरिडोर वाले राज्यों में शामिल होगा। कनेक्टिविटी का यह विस्तार प्रदेश की औद्योगिक, आर्थिक, सामाजिक और पर्यटन क्षमता को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

## हाईकोर्ट से हुई क्रमोन्नत वेतनमान की याचिका खारिज

**बिलासपुर**। हाईकोर्ट ने क्रमोन्नत वेतनमान की मांग लेकर शिक्षक रामनिवास साहू द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी है। ध्यान रहे कि याचिकाकर्ता रामनिवास साहू शिक्षक क्रमोन्नति मामले में चर्चित सोना साहू के पति हैं, उन्होंने अपनी याचिका में सोना साहू की तर्ज पर क्रमोन्नति और 2016-17 से लंबित पदोन्नति दिए जाने की मांग की थी। मामले की सुनवाई के बाद सिंगल बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया था। सिंगल बेंच में याचिका खारिज होने के बाद डिवीजन बेंच में याचिका दायर की थी।

याचिकाकर्ता रामनिवास साहू ने खुद उपस्थित होकर पैरवी की और दलीलें रखी। शासन की ओर से कहा गया कि 2017 में जारी सर्कुलर केवल नियमित शासकीय शिक्षकों के लिए लागू था। याचिकाकर्ता शिक्षक वर्ष 2018 में संविलियन के बाद शासकीय सेवक बने हैं। इसलिए उनकी सेवा अवधि की गणना उसी वर्ष से की जाएगी न कि पंचायत सेवा के आरंभिक वर्ष से। राज्य शासन ने कहा कि छह नवंबर 2025 को जारी सामान्य प्रशासन विभाग के नवीन परिपत्र में इस विषय को और स्पष्ट कर दिया गया है, जिससे यह भ्रम दूर हो गया है कि क्रमोन्नति किस आधार पर दी जानी है। सोना साहू प्रकरण की परिस्थितियां वर्तमान याचिकाओं से पूरी तरह भिन्न हैं। इसलिए उसे इन मामलों में मिसाल के तौर पर लागू नहीं किया जा सकता। राज्य शासन की ओर से पैरवी कर रहे विधि अधिकारियों के सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का भी हवाला दिया। मामले की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने याचिका को खारिज कर दिया है।

## शराब घोटाले में करन ट्रैवल्स के ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले के मामले में एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने मंगलवार को करण ट्रैवल्स नामक एजेंसी के ठिकानों पर छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान टीम एजेंसी के राजधानी रायपुर के पिथालिया काम्पलेक्स स्थित दफ्तर पहुंची और यहां जांच-पड़ताल की। सूत्रों के अनुसार ईओडब्ल्यू ने यह छापा पूर्व में शराब घोटाला की जांच के दौरान मिले दस्तावेजों के आधार पर मारा है। बताया जा रहा है कि पूर्व में हुई जांच में ईओडब्ल्यू को ट्रैवल्स एजेंसी के विरुद्ध कुछ तथ्य मिले हैं। शक है कि इस ट्रैवल्स एजेंसी के माध्यम से ही शराब घोटाले के पैसों से देश-विदेश की यात्रा के लिए एयर टिकट तथा होटल की बुकिंग की जाती थी। इन तथ्यों के आधार पर ईओडब्ल्यू ने अब एजेंसी संचालक के ठिकानों पर दबिश देना शुरू किया है। इधर इस छापामार कार्यवाही को लेकर ईओडब्ल्यू के अधिकारियों की ओर से अधिकृत रूप से कोई भी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

- एसीबी-ईओडब्लयू को जांच में मिले इसके सबूत

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शराब घोटाला की जांच कर रही एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने दोपहर बाद गंज क्षेत्र स्थित पिथालिया काम्पलेक्स स्थित करन ट्रैवल्स के दफ्तर में दबिश दी। इस दौरान टीम दफ्तर में रखे कम्प्यूटर सिस्टम सहित दस्तावेजों की जांच की है। इओडब्ल्यू को पूर्व में शराब घोटाला में गिरफ्तार किए गए राजनेता, अधिकारी सहित अन्य अभियुक्तों से की गई पूछताछ तथा जांच में मिले दस्तावेजों में करण ट्रैवल्स का भी नाम सामने आया था। सूत्रों के अनुसार इस छापामार कार्यवाही के दौरान ईओडब्ल्यू करन ट्रैवल्स के दस्तावेजों के साथ एयर टिकट और होटल की बुकिंग की लिस्ट को भी खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि इस लिस्ट में उन सभी के नाम खंगाले जा रहे हैं, जिनके नाम शराब घोटाला से जुड़े हुए हैं या जिनके नाम पर घोटाला में शामिल होने की आशंका है। सूत्रों के अनुसार इस छापा में विदेश के कई शहरों के अलावा देश के जम्मू-कश्मीर, केरल, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड आदि राज्यों में ट्रैवल्स करने की हिस्ट्री सामने आई है।

## बेटी के भरण-पोषण की कानूनी और नैतिक जिम्मदारी से बच नहीं सकते पिता, याचिका खारिज

बिलासपुर। जस्टिस संजय के अग्रवाल व जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की डिवीजन बेंच ने भरण-पोषण को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। डिवीजन बेंच ने कहा है, बेटी की भरण-पोषण के साथ ही विवाह का खर्च उठाना पिता की कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी बनती है। पिता अपनी इस जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। इस टिप्पणी के साथ डिवीजन बेंच ने पिता की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने परिवार न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा है।

कोर्ट ने कहा है कि यह नैतिक रूप से बाध्यकारी है कि पिता अपनी बेटी का वैवाहिक खर्च का वहन करे। भले ही बेटी बालिक क्यों ना हो। 25 वर्षीय अविवाहित बेटी ने हिंदू दत्तक और भरण-पोषण अधिनियम, 1956 की धारा 20 और 3(b) के तहत परिवार न्यायालय में आवेदन पेश भरण-पोषण और विवाह का खर्च उठाने पिता को निर्देशित करने की मांग की थी। बेटी ने बताया कि उसके पिता शासकीय शिक्षक है और 44,642 रुपए मासिक वेतन पाते हैं। बेटी ने मासिक भरण-पोषण और 15 लाख विवाह खर्च की मांग की।



मामले की सुनवाई करते हुए सूरजपुर परिवार न्यायालय ने पिता को 2,500 रुपए प्रति माह भरण-पोषण देने और विवाह खर्च के लिए पांच लाख रुपए देने का निर्देश दिया था। परिवार न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए पिता ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस संजय कुमार जायसवाल की डिवीजन बेंच में हुई। बेंच ने कहा, पिता–बेटी का संबंध निर्विवाद है, बेटी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं है और विवाह जैसे महत्वपूर्ण खर्च के लिए उसे पिता के मदद की आवश्यकता है।

### विवाह खर्च के लिए 5 लाख देने का आदेश

डिवीजन बेंच ने धारा 3(b)(ii) का हवाला देते हुए कहा कि अविवाहित बेटी के विवाह खर्च भी मेंटनेंस की परिभाषा में आता है। धारा 20(3) पिता पर यह दायित्व अनिवार्य करती है कि यदि अविवाहित बेटी अपनी आय या संपत्ति से स्वयं का भरण-पोषण नहीं कर सकती, तो पिता उसका खर्च वहन करेगा। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का उल्लेख करते हुए डिवीजन बेंच ने कहा कि अविवाहित, असहाय बेटी को पिता से भरण-पोषण पाने का अधिकार पूर्ण और लागू करने योग्य है, चाहे वह बालिग ही क्यों न हो। कोर्ट ने कहा, बेटी भले ही 25 वर्ष की है, लेकिन धारा 3(b)(ii) और 20(3) के तहत वह अपने पिता से विवाह खर्च और भरण-पोषण पाने की हकदार है। डिवीजन बेंच ने पिता की अपील खारिज करते हुए फैमिली कोर्ट के आदेश को यथावत रखा है। बेंच ने निर्देश दिया कि पिता नियमित मासिक भरण-पोषण देता रहे तथा 5 लाख रुपए विवाह खर्च की राशि तीन महीने के भीतर जमा करे।

## देश, विदेश के निश्चेतना विशेषज्ञ राजधानी में जुटे, नेशनल कांफ्रेंस शुरू

हरिभूमि न्यूज : रायपुर।

अखिल भारतीय निश्चेतना सम्मेलन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मंगलवार से शुरू हो गया है। दो दिन में 16 वर्कशाप रखे गए हैं। इसमें देशभर से 3 हजार निश्चेतना विशेषज्ञ और विदेश से 40 निश्चेतना विशेषज्ञ अपने अनुभव साझा करने आमंत्रित हैं। 27 नवंबर को कंटीन्यूस मेडिकल एजूकेशन का सत्र रखा गया है। सीएलटीसी के वर्कशाप में शामिल निश्चेतना वैज्ञानिक को सिडनी आस्ट्रेलिया से आमंत्रित अंतर्राष्ट्रीय एक्सपर्ट डॉ. माइकल प्रायोगिक तौर पर ज्ञानवर्धन करेंगे।

- 16 वर्कशाप होंगे, 28 से तीन दिवसीय शैक्षणिक सत्र

नेशनल कांफ्रेंस के आर्गेनाइजिंग चेयरमैन डॉ. सुधीर टिचकुले, आयोजन सचिव डॉ. प्रदीप शर्मा, चीफ एडवाइजर डॉ. महेश सिंहा ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। पत्रकारों से चर्चा में डॉ. सुधीर टिचकुले ने बताया 27 नवंबर को कंटीन्यूअस मेडिकल एजुकेशन का आयोजन होगा, जिसमें देश भर के ख्याति प्राप्त निश्चेतना विज्ञानी अपनी विशेषज्ञता प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन में देश-विदेश की 150 अलग-अलग मेडिकल डिवाइस कंपनियां हिस्सा लेंगी, जो नवीनतम टेक्नालॉजी के मशीनों का प्रदर्शन करेंगे।

## मदद करें, कालेज प्रबंधन खेलने नहीं दे रहा!

**रायपुर**। प्रदेश के इंजीनियरिंग छात्रों ने तकनीकी विवि को खत लिखकर मांग की है कि उनकी खेलने की व्यवस्था की जाए। इससे नाराज विश्वविद्याय ने महाविद्यालयों को खत लिखकर आदेश दिया है कि वे खेल संबंधित प्रतियोगिताओं में छात्रों के हिस्सा लेने की उचित व्यवस्था करें। विवि प्रबंधन ने जारी किए गए अपने आदेश में कहा है कि विगत माह में आयोजित प्रतियोगिताओं में कुछ संस्थानों द्वारा सक्रिय सहभागिता दर्ज की गई। कई छात्रों द्वारा दूरभाष के जरिए विवि को सूचना दी है कि वे खेल प्रतियोगिताओं में शामिल होना चाहते हैं, लेकिन उनका महाविद्यालय प्रशासन आवश्यक सहयोग नहीं कर रहा है।

ITSA HOSPITALS



डॉ. शिवेंद्र अग्रवाल
कंसल्टेंट
यूरोलोजिस्ट, एंड्रोलॉजिस्ट,
किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन
08+ वर्षों से अधिक का अनुभव

UTI बार-बार हो रहा है?
जलन, बार-बार पेशाब, बदबूदार मूत्र-ये सिर्फ़ असुविधा नहीं, संक्रमण के संकेत भी हो सकते हैं।

| Myths | Facts |
|---|---|
| यूटीआई केवल गंदगी की वजह से होता है। | डिहाइड्रेशन, डायबिटीज़, यौन संबंध और कैथेटर का उपयोग भी प्रमुख कारण हैं। |
| क्रैनबेरी जूस से यूटीआई ठीक हो जाता है। | यह केवल हल्के संक्रमण की रोकथाम में मदद करता है, इलाज नहीं करता। |
| लक्षण कम होते ही एंटीबायोटिक बंद कर दें। | अधूरा इलाज दोबारा संक्रमण और एंटीबायोटिक रेज़िस्टेंस का कारण बनता है। |

पथरी का दर्द अनदेखा न करें.
अचानक कमर/पेट का तेज़ दर्द, उल्टी या मूत्र में खून पथरी के सामान्य लक्षण हैं।

| Myths | Facts |
|---|---|
| पथरी केवल पुरुषों को होती है। | बदलती जीवनशैली और खानपान के कारण महिलाएँ भी समान रूप से जोखिम में हैं। |
| घरेलू नुस्खे सभी पथरी घोल देते हैं। | केवल यूरिक एसिड की पथरी दवाओं से घुल सकती है; बाकी के लिए चिकित्सा या सर्जरी की आवश्यकता होती है। |
| एक बार पथरी निकल जाए तो दोबारा नहीं होती। | जीवनशैली में बदलाव न करने पर पथरी दोबारा बन सकती है। |

ITSA Hospitals में सुरक्षित और आधुनिक Urology Care पाएं।

परामर्श के लिए संपर्क करें
7880110000

अम्बुजा सिटी सेन्टर मॉल के पास, सड्डू, रायपुर, छत्तीसगढ़
+91 7880110000, +91 7880120000 www.itsahospitals.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





# बीहड़ में जीना आसान नहीं....मुफ्त के राशन के लिए 70 किमी का सफर और 150 का खर्च

राजेश दास ▸▸| जगदलपुर

छग के बस्तर में आज भी बहुत से ऐसे इलाके हैं, जहां ग्रामीण राशन लेने के लिए कई तकलीफों का सामना करते हैं। मुफ्त के राशन के लिए दुकान तक पहुंचने के लिए इन्हें मीलों का सफर तय करना पड़ता है। इन इलाकों के सैकड़ों ग्रामीण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत मिलने वाले पीडीएस चावल के लिए कई तकलीफों का सामना करते हैं। हर महीने सरकार की राशन दुकान से चावल पाने के लिए ग्रामीणों को 35 ▸▸ शेष पेज 8 पर

अलग खबर

**जब्बागट्टा के ग्रामीण राशन के लिए कर रहे जद्दोजहद, हिड़मा के गांव पूवर्ती होते हुए जाते है चिंतलनार तब मिलता है राशन**

### सातवें किमी में पहला पड़ाव हिड़मा का गांव पूवर्ती

ग्रामीणों ने बताया कि जब्बागट्टा से सभी सुबह निकलते हैं और शाम तक वापस अपने गांव राशन लेकर पहुंचते है। इस दौरान उन्हें ट्रैक्टर में सवार होकर अदंरूनी इलाकों की उबड़खाबड़ सड़क को पार करते हुए चिंतलनार तक जाना होता है। जब्बागट्टा से निकलकर ग्रामीणों का पहला पड़ाव हाल ही में आंध्रप्रदेश में मारे गए खूखांर नक्सली ▸▸ शेष पेज 8 पर



### जल्द ही पूवर्ती में ही की जाएगी राशन की व्यवस्था

सुकमा जिले के जब्बागट्टा पंचायत के ग्रामीण वर्तमान में 35 किमी दूर चिंतलनार राशन के लिए जाते है, इसकी जानकारी मिली है। इसकी दूरी कम करने हम प्रयासरत हैं। जब्बागट्टा से लगभग 7 किमी दूर पूवर्ती में ही अगले माह से राशन मिल सकेगा।

- **सुभाष शुक्ला**, एसडीएम सुकमा

### जब्बागट्टा का 105 परिवार हर माह करते है जद्दोजहद

ग्रामीणों ने बताया कि जब्बागट्टा पंचायत के लगभग 105 परिवार हर माह राशन के लिए चिंतलनार तक का सफर करते हैं। इसके लिए उन्हे हर सदस्य 150 रुपए का भुगतान ट्रैक्टर मालिक को देना पड़ता है। अगर किसी कारणवश नियत दिन में अगर राशन नहीं मिला तो उन्हें दुबारा वहां जाना पड़ता है, जिसके लिए पुनः उन्हें 150 रुपए देना पड़ता ▸▸ शेष पेज 8 पर

## प्रधानमंत्री मोदी और संघ प्रमुख भागवत ने किया ध्वजारोहण

# राम मंदिर पर लहराई धर्म ध्वजा, मोदी बोले- सदियों के ज़ख्म और दर्द भर रहे

एजेंसी ▸▸| अयोध्या

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार और 'जय श्री राम' के नारों की गूंज के बीच भगवा ध्वज फहराया। इस अनुष्ठान के साथ ही मंदिर का निर्माण औपचारिक रूप से पूरा हो गया। मोदी ने राम मंदिर ध्वजारोहण को 'युगांतकारी' की संज्ञा देते हुए कहा कि सदियों के ज़ख्म और दर्द भर रहे हैं, क्योंकि 500 साल पुराना संकल्प आखिरकार राम मंदिर के औपचारिक निर्माण के साथ पूरा हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर भगवान श्रीराम और मां सीता की 'विवाह पंचमी' के अभिजीत मुहूर्त पर तिकोने झंडे का आरोहण किया। ध्वजारोहण के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक ▸▸ शेष पेज 8 पर

*अयोध्या में ऐतिहासिक क्षण आ गया। 500 वर्षों का इंतजार खत्म हुआ। श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर भगवा लहरा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस पवित्र पल में हाथ जोड़कर भगवान श्रीराम को नमन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यह ध्वजारोहण अभिजीत मुहूर्त में संपन्न हुआ, जिससे रामनगरी उत्सवमय माहौल में डूब गई। कार्यक्रम में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित देशभर से आए करीब 7000 मेहमान इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने।*

**देशभर से आए करीब 7000 मेहमान बने ऐतिहासिक पल के गवाह**

### रामनगरी बनी ऐतिहासिक पलों की गवाह

अयोध्या की सड़कों पर धार्मिक नारों की गूंज रही। सात सांस्कृतिक मंचों पर लोक कलाकारों ने नृत्य और गायन से माहौल को भव्य बनाया। हजारों श्रद्धालु और साधु-संत इस क्षण के साक्षी बने। सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजामों के बीच यह आयोजन शांतिपूर्ण और भव्य तरीके से संपन्न हुआ।



### योगी ने मोदी को भेंट की रामलला की प्रतिमा

रामनगरी अयोध्या में ऐतिहासिक ध्वज आरोहण समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को विशेष भेंट दी।

### जैसा सपना देखा था, उससे भी शुभकर मंदिर बना : भागवत

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि इस दिन के लिए कितने राम भक्तों ने अपने प्राण अर्पण किए। मंदिर बनने में भी समय लगता है। यह धर्म ध्वज है। इसका भगवा रंग है। इस धर्मध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। कोविदार वृक्ष दो देव वृक्षों के गुणों का समुच्चय है। धर्मध्वज को शिखर तक पहुंचाना है।



### ध्वज की विशेषता

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अनुसार ध्वज पर भगवान श्री राम की प्रतिभा और वीरता का प्रतीक चमकते सूर्य की तस्वीर है। इस पर कोविदार वृक्ष की तस्वीर के साथ ओम लिखा है। भगवा ध्वज रामराज्य के आदर्शों को दिखाते हुए गरिमा, एकता और सांस्कृतिक निरंतरता का संदेश देगा।

# छग में निवेश के लिए कंपनियों ने ली रुचि, 6800 करोड़ के प्रस्ताव मिले

**दिल्ली में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में 3,000 से ज्यादा रोजगार का खुला रास्ता**



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

दिल्ली में मंगलवार को आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ को 6800 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले। स्टील, ऊर्जा और पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख कंपनियों ने राज्य में उद्योग स्थापित करने, क्षमता विस्तार, होटल निर्माण और वेस्ट-टू-एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए रुचि दिखाई। कंपनियों ने कुल 6321.25 करोड़ के औद्योगिक निवेश और 505 करोड़ का पर्यटन निवेश का प्रस्ताव दिया है। परियोजनाओं से आगामी वर्षों में 3,000 से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की उम्मीद है। ▸▸ शेष पेज 8 पर

### छत्तीसगढ़ देश का स्टील हब

मुख्यमंत्री ने स्टील सेक्टर का उल्लेख करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ देश का स्टील हब है, जहां भिलाई स्टील प्लांट, नगरनार स्टील प्लांट और एमएसएमई आधारित स्टील इकाइयां राज्य की औद्योगिक पहचान को मजबूती प्रदान कर रही हैं। भिलाई स्टील प्लांट पिछले 70 वर्षों से देश की औद्योगिक प्रगति का स्तंभ रहा है और इसकी उपस्थिति ने स्टील आधारित उद्योगों का प्राकृतिक इकोसिस्टम तैयार किया है। ग्रीन स्टील और नवीकरणीय ऊर्जा पर उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य राज्य के लिए नए अवसर लेकर आया है और छत्तीसगढ़ इस ▸▸ शेष पेज8 पर

### राज्य को अब तक साढ़े तीन लाख करोड़ निवेश प्रस्ताव मिले : साय

मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ आज देश के सबसे भरोसेमंद, स्थिर और तेजी से उभरते हुए औद्योगिक गंतव्यों में शामिल है। राज्य में ऊर्जा, खनिज, मानव संसाधन और निवेशक-हितैषी नीति का ऐसा संयोजन मौजूद है, जो किसी भी उद्योग के लिए अत्यंत उपयुक्त वातावरण तैयार करता है। उन्होंने बताया कि सिंगल विंडो सिस्टम के तहत अनुमतियाँ अब पहले की तुलना में अधिक तेजी और पारदर्शिता के साथ जारी हो रही हैं। छत्तीसगढ़ में उद्योग लगाना पहले से कहीं अधिक आसान हो गया है। राज्य में कोयला, लौह अयस्क, बॉक्साइट, टिन, लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों की उपस्थिति बड़े औद्योगिक और विनिर्माण क्षेत्र के लिए वरदान है। हाल ही में आयोजित 'एनर्जी समिट' में राज्य को साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और कई परियोजनाओं में कार्य प्रारंभ भी हो चुका है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### संविधान दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगी राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को पुराने संसद भवन के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में समारोह का नेतृत्व करेंगी। संविधान को अंगीकार किए जाने के उपलक्ष्य में वर्ष 2015 से हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। 26 नवंबर, 1949 को संविधान को अंगीकृत किया गया था। संविधान के कुछ प्रावधान तुरंत लागू हो गए थे तथा शेष प्रावधान 26 जनवरी 1950 को भारत के गणतंत्र बनने पर लागू हुए थे।

### अभिनेता सिद्धांत ने थाने में दर्ज कराया बयान



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत कपूर, मादक पदार्थ जब्ती मामले में अपना बयान दर्ज कराने के लिए मंगलवार को मुंबई पुलिस के समक्ष पेश हुए। अभिनेता शक्ति कपूर के पुत्र और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर के भाई सिद्धांत यहां मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ की घाटकोपर इकाई में पहुंचे, जहां जांच अधिकारियों ने उनका बयान दर्ज किया। एएनसी ने सिद्धांत को बयान दर्ज कराने के लिए जबकि उनके अलावा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओरहान अवत्रामणि को 26 नवंबर को तलब किया है।

**इथियोपिया में ज्वालामुखी विस्फोट**

# ज्वालामुखी की राख ने रोकी रफ्तार दिल्ली में 13 उड़ानें रद्द, 10 लेट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

इथियोपिया में ज्वालामुखी विस्फोट से उठे राख के गुबार के कारण मंगलवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर कम से कम सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं और 10 से ज्यादा विदेशी उड़ानें विलंबित रहीं। एअर इंडिया ने सोमवार से अब तक 13 उड़ानें रद्द की हैं। इथियोपिया में हाल ही में हुए हेली गुब्बी ज्वालामुखी विस्फोट से उठे राख के बादल उड़ानों के संचालन को प्रभावित कर रहे हैं और ऐसी खबरें हैं कि ये बादल भारत के पश्चिमी हिस्सों की ओर बढ़ रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि ज्वालामुखी के राख के गुबार के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर आने व जाने सहित सात अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं।



### यात्रियों के लिए सलाह

हवाई अड्डों के अधिकारियों ने यात्रियों से अपील की है कि वे अपनी उड़ानों की स्थिति की जानकारी संबंधित एयरलाइनों से प्राप्त करते रहें। इस अप्रत्याशित स्थिति के कारण हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया गया है। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई अड्डे के लिए निकलने से पहले अपनी उड़ानों की नवीनतम जानकारी अवश्य जांच लें।

# सुप्रीम कोर्ट की अमित बघेल को फटकार कहा- अपनी जुबान पर रखें लगाम

**याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा- जहां-जहां एफआईआर दर्ज है, वहां की कानूनी प्रक्रिया का सामना करना होगा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल को जमकर फटकार लगाई है। उनकी याचिका को खारिज करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान स्पष्ट टिप्पणी करते हुए कहा, अपनी जुबान पर लगाम रखें। जहां-जहां एफआईआर दर्ज है, वहां की कानूनी प्रक्रिया का सामना करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत की याचिका खारिज कर दी है।

24 नवंबर की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने साफ संकेत दिया कि अदालत इस मामले में किसी तरह का हस्तक्षेप नहीं करेगी। कोर्ट ने कहा, पुलिस उन्हें अलग-अलग राज्यों में ले जाएगी, पूरे देश की सैर का आनंद लीजिए। अमित बघेल पिछले 26 दिनों से फरार हैं और उन पर 12 राज्यों में एफआईआर दर्ज है। सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाने पर अमित बघेल को राहत नहीं मिली है। अमित बघेल की ओर से दर्ज सभी एफआईआर को क्लब करने की मांग पर कोर्ट ने कहा, आप अपनी जुबान संभालकर रखें।

### वकील ने कहा- गुस्से में दिया था बयान

श्री बघेल की ओर से पैरवी कर रहे एडवोकेट ने न्यायालय में सुनवाई के दौरान कहा, बयान स्वीकार्य नहीं थे, लेकिन गुस्से में दिए गए थे और किसी की भावनाएं आहत करने का इरादा नहीं था। उन्होंने यह भी कहा, छत्तीसगढ़ में पांच एफआईआर दर्ज हैं, इसलिए अन्य राज्यों के मामले वहीं ट्रांसफर कर दिए जाएं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने दलील मानने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि वे इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी और आरोपी को हर राज्य में दर्ज एफआईआर के तहत प्रक्रिया का सामना करना होगा।

**प. बंगाल में एसआईआर विरोधी मार्च**

# ममता बोलीं-मुझ पर हमला हुआ तो भारत को हिला दूंगी

एजेंसी ▸▸| ठाकुरनगर



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में जारी मतदाता सूची के एसआईआर के विरोध में मंगलवार को बनगांव के चांदपाड़ा से उत्तर 24 परगना जिले के मतुआ बहुल ठाकुरनगर तक तीन किलोमीटर लंबे एक मार्च का नेतृत्व किया। ममता बनर्जी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि अगर उन पर किसी तरह का हमला हुआ, तो वह पूरा भारत हिला देंगी। ममता बनर्जी ने बताया कि उन्हें हेलीकॉप्टर से यात्रा करनी थी, लेकिन सुबह अचानक खबर मिली कि उड़ान की अनुमति नहीं है। इसे अपने खिलाफ एक गहरी साजिश बताते हुए वह पैदल ही लोगों के बीच पहुंच गईं। उन्होंने भाजपा को सीधे ललकारते हुए कहा कि विरोधी उन्हें छू भी नहीं पाएंगे क्योंकि वह उनका खेल समझ चुकी हैं।

### निर्वाचन आयोग ने दिया समय

पश्चिम बंगाल सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच निर्वाचन आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए शुक्रवार को बुलाया है। हालांकि पार्टी ने कहा कि उसकी ओर से 10 सांसदों के प्रतिनिधिमंडल के लिए समय मांगा गया है। आयोग ने कहा, आयोग रचनात्मक संवाद के लिए राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत का हमेशा स्वागत करता है।

# ईसाई सैन्य अधिकारी को कोर्ट ने लगाई फटकार

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-ऐसे लोगों की सेना में कोई जगह नहीं**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

सशस्त्र बलों में धार्मिक आचरण से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना से बर्खास्त किए गए ईसाई अफसर सैमुअल कमलेसन की याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने उनके आचरण को घोर अनुशासनहीनता करार देते हुए कहा कि ऐसे कैंटैंकरस व्यक्ति सेना में नहीं हो सकते। अधिकारी ने अपनी तैनाती वाले स्थल पर एक मंदिर के गर्भगृह में रेजिमेंट की धार्मिक गतिविधियों में हिस्सा लेने से कथित तौर पर इनकार कर दिया था, जिसके बाद उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। नए मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, 'वह किस तरह का संदेश दे रहे हैं? एक सैन्य अधिकारी द्वारा घोर अनुशासनहीनता।



### शीर्ष न्यायालय की तल्ख टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा- यदि किसी सेना अधिकारी का यही रवैया होगा तो फिर क्या कहा जाए! यह घोर अनुशासनहीनता है। वह चाहे जितने भी अच्छे अधिकारी रहे हों, लेकिन भारतीय सेना के लिए मिसफिट हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो सैनिक अपने धार्मिक विश्वास के नाम पर गुरुद्वारे में प्रवेश करने से इनकार कर दे, वह भारतीय सेना की धर्मनिरपेक्ष परंपरा और अनुशासन के लिए उपयुक्त नहीं है।

**भारत और पाक टी20 विश्व कप के लिए एक ही ग्रुप में**

# कोलंबो में 15 फरवरी को भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान

एजेंसी ▸▸| मुंबई

चिर-प्रतिद्वंदी भारत और पाकिस्तान को 2026 पुरुष टी20 विश्व कप के लिए ग्रुप ए में रखा गया है और मंगलवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार दोनों टीमें 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में आमने-सामने होंगी। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) और पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के बीच टूर्नामेंट के लिए हुए समझौते के अनुसार पाकिस्तान अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा। मौजूदा चैंपियन भारत अपने अभियान की शुरुआत सात फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ करेगा और उसके बाद 12 फरवरी को दिल्ली में नामीबिया से भिड़ेगा।

### आठ शहरों में 55 मैच

यह टूर्नामेंट सात फरवरी से आठ मार्च तक आठ स्थलों (भारत में पांच और श्रीलंका में तीन) पर आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद, चेन्नई, मुंबई, कोलंबो और कैंडी में 55 मैच होंगे।



### चार ग्रुप में होगा मैच

आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने टूर्नामेंट के कार्यक्रम का अनावरण करते हुए यह घोषणा की। ग्रुप ए - भारत, पाकिस्तान, नामीबिया, नीदरलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका होंगे। ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और ओमान शामिल हैं, जबकि ग्रुप सी में इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, नेपाल और इटली शामिल हैं। ग्रुप डी में न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान, कनाडा और यूएई शामिल हैं।

### रोहित होंगे टूर्नामेंट दूत

भारत के दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा को इस विश्व कप के लिए टूर्नामेंट दूत नियुक्त किया गया। रोहित की कप्तानी में भारत ने 2024 में हुए पिछले टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 32.01 की औसत और 140.89 के स्ट्राइक रेट से 4231 रन बनाए। रोहित ने पिछले साल अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में हुए विश्व कप में भारत की जीत के बाद खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से संन्यास ले लिया था।

## चिंतन

# राम मंदिर पर फहरी ध्वजा बताती संघर्ष की दास्तां

आखिरकार वो दिन आ ही गया जिसका सदियों से इंतजार था। पांच शताब्दियों के बाद अयोध्या में राम मंदिर संपूर्ण हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के 673 दिनों बाद प्रधानमंत्री मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। यह सब 25 नवंबर के उस खास विवाह पंचमी के दिन हुआ, जिसे त्रेतायुग में भगवान राम और सीता के विवाह दिवस के रूप में जाना जाता है। भगवान राम का जन्म रघुवंश में हुआ था। रघुवंश में ध्वज की परंपरा रही है। भगवान राम के वंश के लिए कोविदारा वृक्ष का प्रतीक झंडा माना जाता है। अब आयोध्या में उसी विरासत को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिर पर ध्वजारोहण कर रहे थे, तब पूरा देश न केवल आस्था से सराबोर था बल्कि चौतरफा उल्लास का माहौल भी देखा गया। क्योंकि ये दिन लंबे संघर्ष और बलिदान के बाद आया। 16वीं शताब्दी में मंदिर के ध्वंस से 2024 में मंदिर निर्माण तक हिन्दू समाज और भगवान राम के भक्तों के धैर्य और बलिदान की पूरी दास्तां है। इतिहास बताता है कि 1528 में भारत पर मुगल आक्रमण के दौरान बाबर के सेनापति मीर बाकी ने राम जन्मभूमि पर बने मंदिर को गिराकर मस्जिद का निर्माण करवा दिया। यहीं से शुरू हुआ संघर्ष, जो धर्म, सत्य, इतिहास और अस्तित्व का प्रश्न बन गया। राम भक्तों ने संघर्ष छोड़ा नहीं, हर युग में लड़ाई जारी रही। 1530 से 1857 तक हिन्दू समाज लगातार जन्मभूमि पर पूजा करता रहा। कई लड़ाइयां लड़ी गईं। इसे लेकर हिन्दू–मुस्लिम समुदाय में कई बार इस स्थल पर टकराव हुआ, लेकिन रामभक्त पीछे नहीं हटे। 1857 के बाद ब्रिटिश राज के दौरान अंग्रेजों ने पूजा स्थल पर बैरिकेड लगाकर हिन्दुओं-मुसलमानों के हिस्से अलग किए, लेकिन पूजा और दावे का संघर्ष बदस्तूर जारी रहा। राम भक्त हर हाल में मंदिर के फिर से निर्माण पर अटल रहे। 1949 के दौरान मध्यरात्री में रामलला की प्रतिमा प्रकट हुई। भक्तों की मान्यता है कि रामलला स्वयं प्रकट हुए। इससे हिन्दू आस्था और भी गहरी हो गई, लेकिन स्थल को विवादित मानकर ताला लगा दिया गया। 1986 में कोर्ट के आदेश से हिन्दुओं के लिए ताला खोला गया और यहीं से शुरू हुआ देशव्यापी आंदोलन। 1987 से 1989 के बीच आंदोलन ने नई गति पकड़ी। 1990 में पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की रामरथ यात्रा ने आंदोलन को निर्णायक मोड़ दिया। इस यात्रा में नरेंद्र मोदी मुख्य प्रबंधक और रूट समन्वयक की भूमिका में थे। 9 नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट ने सबूत, पुरातत्व और इतिहास के आधार पर फैसला सुनाया कि यह स्थल राम जन्मभूमि ही है। यहां मंदिर ही बनेगा। यह फैसला 500 वर्षों की न्यायिक यात्रा का अंत और मंदिर निर्माण का आधिकारिक आरंभ था। 2020 से 2024 तक मंदिर निर्माण का समय था। 5 अगस्त 2020 को भूमि पूजन के बाद मंदिर निर्माण शुरू हुआ। विश्व-स्तरीय मंदिर आकार लेने लगा और और 22 जनवरी 2024 को रामलला प्रतिमा की भव्य प्राण प्रतिष्ठा हुई। अब ध्वजारोहण के बाद मंदिर निर्माण पूर्ण हो गया। मंदिर की हर ईंट में संघर्ष, बलिदान, आस्था और विजय की कहानी लिखी है और हर ईंट राम के भक्तों में न केवल आस्था बल्कि जोश और उल्लास का नव संचार करती है।

## विशेष

प्रो. (डॉ.) भारत



# भारतीय संविधान : राष्ट्रीय जीवन का आधार

भारतीय संविधान केवल एक विधिक दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय जीवन का मुख्य आधार है। 26 नवम्बर 1949 को इसे अंगीकार कर राष्ट्र ने एक ऐसे भविष्य की नींव रखी, जिसमें न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को सर्वोपरि स्थान दिया गया। संविधान दिवस, उस ऐतिहासिक क्षण का स्मरण मात्र नहीं है; यह हमारे दायित्वों, उपलब्धियों और चुनौतियों पर पुनर्विचार का अवसर भी है। हमारा संविधान हमारी स्वतंत्रता का संरक्षक और लोकतंत्र का वाहक भी है। भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से लेकर समान अवसरों की आधारशिला तक, संविधान ने नागरिकों को ऐसे अधिकार दिए हैं जो किसी भी जीवंत लोकतंत्र की मूल शर्तें हैं। मौलिक अधिकारों की यह संरचना प्रत्येक व्यक्ति को यह विश्वास दिलाती है कि राज्य उसके साथ न्याय करेगा और उसकी गरिमा की रक्षा करेगा। परंतु यह भी सच है कि अधिकार तभी सार्थक बनते हैं जब नागरिक अपने दायित्वों को समान गंभीरता से निभाएं। भारतीय संविधान ने इस संतुलन को समझते हुए नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को भी उतना ही महत्व दिया है। बदलते सामाजिक-राजनीतिक परिवेश में कर्तव्यों की यह सूची केवल एक नैतिक आग्रह नहीं रही, बल्कि राष्ट्र निर्माण की अनिवार्य शर्त के रूप में उभरी है। संविधान दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र केवल मतदान करने का अधिकार ही नहीं है, बल्कि निरंतर सहभागिता का दायित्व भी है। आज से लगभग आठ दशक पहले, जब संविधान सभा ने अपना कार्य प्रारम्भ किया, तब भारत अनेक जटिल समस्याओं और सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों से जूझता रहा था। उन परिस्थितियों में डॉ. भीमराव आंबेडकर, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, सरदार वल्लभभाई पटेल सहित सभी महान मनीषियों ने मिलकर एक ऐसा दस्तावेज तैयार किया, जिसने भारतीय समाज की बुनावट को समझते हुए एक समावेशी ढांचा प्रस्तुत किया। यह संविधान उनकी दृष्टि, संघर्ष और दूरदर्शिता का साक्ष्य है। यह उसी विरासत का परिणाम है कि आज भारत विश्व का सबसे बड़ा और सबसे स्थिर लोकतंत्र है। संविधान दिवस हमें न केवल इन महान आत्माओं का ऋणी होने का एहसास कराता है, बल्कि यह भी प्रेरित करता है कि हम उनकी कल्पना के अनुरूप राष्ट्र का निर्माण करें। बदलते समय में संविधान की प्रासंगिकता पर एक नजर डालें तो तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में संविधान की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर अपराध, पर्यावरण संकट और वैश्विक अर्थव्यवस्था जैसे नए मुद्दे हमारे सामने ऐसी चुनौतियां रखते हैं, जिनकी कल्पना संविधान रचयिताओं ने उस रूप में शायद न की हो, परंतु उनकी स्थापित मूल-नीतियां आज भी मार्गदर्शन देती हैं। कर्तव्य हमेशा से ही राष्ट्र निर्माण का मूलाधार रहते हैं। जहां एक और अधिकार व्यक्ति को सशक्त बनाते हैं, वहीं दूसरी ओर कर्तव्य समाज और राष्ट्र को मजबूत करते हैं। आज संविधान दिवस के अवसर पर यह आवश्यक है कि हम कर्तव्यों को केवल कानूनी या नैतिक सूची के रूप में न देखें, बल्कि उन्हें अपने दैनिक नागरिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। समाज और सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा, स्त्री-पुरुष समानता को प्रोत्साहन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता और संविधान के आदर्शों का पालन ये मात्र लिखित बिंदु नहीं, बल्कि नागरिकता के वास्तविक मानदंड हैं। लोकतंत्र तभी कायम रहता है जब नागरिक अनुशासित, सजग और सहभागी हों। संविधान दिवस सही मायने में आत्ममंथन और संकल्प का अवसर है। आज जब भारत विश्व राजनीति, अर्थव्यवस्था और तकनीक के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है, तब संविधान की मूल भावना 'हम भारत के लोग' और भी प्रासंगिक हो उठती है। यह हमें याद दिलाती है कि राष्ट्र केवल शासन या सरकार से नहीं, बल्कि नागरिकों के सामूहिक संकल्प से चलता है। आज संविधान दिवस हमें दो प्रश्न पूछने को प्रेरित करता है... क्या हम अपने संवैधानिक अधिकारों का सम्मान और उपयोग पूरी जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं? क्या हम अपने कर्तव्यों को निभाकर राष्ट्र की प्रगति में वास्तविक योगदान दे रहे हैं? यह दिन आत्ममंथन का भी अवसर है, जहां हमें यह स्वीकार करना होगा कि भ्रष्टाचार, असमानता, भीड़-मानसिकता, हिंसा और विभाजनकारी प्रवृत्तियां हमारे लोकतांत्रिक चरित्र को चुनौती देती हैं। संविधान दिवस हमें इन प्रवृत्तियों से सावधान करता है और आदर्शों की ओर पुनः लौटने का आग्रह करता है।

( लेखक कानून के वरिष्ठ प्रवक्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# डॉक्टरों के सफेद कोट पर आतंक का दाग



विचार
डॉ. संजय शुक्ला

डॉक्टरों को 'गॉड ऑफ अर्थ' यानि धरती का भगवान कहा जाता है जो लोगों को जिंदगी देते हैं लेकिन जब खुद डॉक्टर ही लोगों की जान लेने लगे तो यह सोचनीय है। बीते 10 नवंबर को दिल्ली के लाल किले के नजदीक हुए कार धमाके की साज़िश में डॉक्टरों की संलिप्तता ने इस पेशे की साख पर बट्टा लगा दिया है। इस आतंकी घटना की जांच जैसे - जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे चौंकाने वाली बातें सामने आ रही है। गौरतलब है कि दिल्ली में हुए आतंकी बम ब्लास्ट की साजिश में इक्का-दुक्का नहीं बल्कि दर्जनों डॉक्टरों के शामिल होने की खबरें आ रही है। दिल्ली ब्लास्ट में गिरफ्तार आतंकियों से यह खुलासा हुआ है कि आतंक के डॉक्टरों की साजिश 32 कारों के जरिए देश को दहलाने की थी। इसी दौरान गुजरात के एक डॉक्टर के पास से 'रिसिन' नामक घातक जहरीला रसायन बरामद किया गया जिसका इस्तेमाल देश में लाखों लोगों को मारने के लिए किया जाने वाला था। इन आतंकी डॉक्टरों का नेटवर्क पाकिस्तान और तुर्किया के आतंकवादी संगठनों के साथ था।

दिल्ली में हुए आतंकी धमाके के ठीक एक दिन पहले जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और उत्तरप्रदेश के कई शहरों के डॉक्टरों से भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद हुए थे। जांच एजेंसियों ने इस 'व्हाइट कॉलर टेरर माड्यूल' में संलिप्त अनेक डॉक्टरों को गिरफ्तार किया है जो अल्पसंख्यक समुदाय के हैं। पुलिस ने इस साजिश में संलिप्त महिला डॉक्टर शाहीन शाहिद को गिरफ्तार किया है वहीं हरियाणा के रोहतक के सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमडी फाइनल ईयर की पढ़ाई कर रही डॉ. प्रियंका शर्मा को भी पुलिस ने इस मामले में हिरासत में लिया है। जांच में यह बात सामने आई है कि मैडम सर्जन के नाम से पुकारी जाने वाली डॉ. शाहीन लेडी आतंकियों की टीम बनाना चाहती थी और बकायदा उसने इसके लिए लड़कियों की लिस्ट बनाई थी। डॉक्टरों के पास से एके 47 रायफल और पिस्तौल तथा गोला -0बारूद भी बरामद हुआ है।

गौरतलब है कि आतंकी हमले को अंजाम देने वाले और साजिश में शामिल डॉक्टरों के तार फरीदाबाद के अल- फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े हुए हैं।जांच एजेंसियों के घेरे में अल फलाह यूनिवर्सिटी के 200 डॉक्टर और कर्मचारी हैं। इस यूनिवर्सिटी का नाम आज से 18 साल पहले तीन राज्यों में हुए बम ब्लास्ट से जुड़ रहे हैं जो मेडिकल कॉलेज के आड़ में पनप रहे आतंक का बदनुमा दाग है। दिल्ली आतंकी हमले मामले की जांच जैसे - जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे इस आतंकी षड़यंत्र में अन्य डॉक्टरों और



मेडिकल स्टुडेंट्स की संलिप्तता भी सामने आ रही है। बहरहाल यह पहली दफा नहीं है जब किसी शिक्षण संस्थान या यूनिवर्सिटी का नाम आतंकवादी या देश विरोधी गतिविधियों से जुड़ा है। कुछ साल पहले दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी ' जेएनयू ' में राष्ट्र विरोधी नारे तथा आतंकियों के समर्थन में छाती पीटने की घटना घट चुकी है। ऐसे घटनाओं से हमें सबक लेना होगा अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब शिक्षा के मंदिरों से देश विरोधी ताकतों को समर्थन मिलने लगेगा।

बहरहाल देश और दुनिया में घटित हो रहे आतंकवादी गतिविधियों में प्रोफेसर, इंजीनियर, डॉक्टर और उच्च शिक्षित लोगों के आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता यह भी बात साबित हो रही है कि अब आतंक सीमापार प्रशिक्षण शिविर या धार्मिक स्थलों से ही संचालित नहीं हो रहा है बल्कि लैपटॉप और स्मार्ट फोन के जरिए यूनिवर्सिटीज और कॉलेजों में पढ़ने वाले युवाओं का ब्रेनवाश कर रहा है। विचारणीय है कि देश में एक विचारधारा अभिव्यक्ति की आजादी और मानवाधिकार के नाम पर अलगाववादी और माओवादी ताकतों का समर्थन कर रही जिसे सोशल मीडिया के जरिए बढ़ावा मिल रहा है। 'व्हाइट कॉलर टेरर माड्यूल' के तार केवल भारत में ही नहीं बल्कि दुनिया के देशों तक फैले हैं जो दहशतगर्दों की जमात तैयार कर रहे हैं। हालिया घटना में गिरफ्तार डॉक्टरों की बात करें तो इनमें से अनेक डॉक्टर अपने पेशे और पढ़ाई में काफी मेधावी थे। सफेदपोश आतंकवाद के वैश्विक नेटवर्क के इतिहास पर गौर करें तो आतंकी संगठन अलकायदा का संस्थापक अल जवाहिरी की पहचान एक सर्जन और इस्लामिक बुद्धिजीवी के तौर पर थी। इसी कड़ी में खूंखार आतंकवादी ओसामा बिन लादेन के पास इंजीनियरिंग की डिग्री थी तो आतंकी संगठन आईएसआईएस का पूर्व मुखिया अबू बकर बग़दादी स्कॉलर था।

दुनिया भर में आतंकवाद का चेहरा बने संगठन अलकायदा और आईएसआईएस डॉक्टर और इंजीनियर पेशेवरों को शामिल करने के लिए भर्ती अभियान चला रखा है।भारत में दक्षिण कश्मीर कट्टरपंथियों का गढ़ रहा है जहां आतंकी संगठन हिजबुल, लश्कर-ए-तैयबा और जैश ने प्रोफेशनल और उच्च शिक्षित युवाओं को आतंक की राह पकड़ने के लिए उनका 'ब्रेनवॉश' किया। इन कट्टरपंथी संगठनों ने पहले कश्मीर घाटी के स्कूली बच्चों के हाथ पत्थर थमाया फिर अपने नेटवर्क में प्रोफेसर, इंजीनियर, एमबीए, एमफिल और शिक्षकों को शामिल किया। अब इन संगठनों ने ऐसे लोगों को चुना जिनका पहले कोई आतंकी रिकॉर्ड न रहा हो और इस मापदंड में डॉक्टर मुफीद बैठे।आतंकी संगठन में डॉक्टरों को शामिल करने की पीछे अहम मंशा लोगों के बीच इस पेशे के प्रति सम्मान और भरोसा है जिसके चलते कोई डॉक्टर को आतंकी होने पर शक नहीं करेगा और आतंकी अपने मंसूबे पर कामयाब हो जाएंगे।

गौरतलब है कि डॉक्टरी को पवित्र पेशा माना जाता है लेकिन इस बम धमाके ने डॉक्टरों के सफेद कोट के पीछे छिपे आतंकी चेहरे को बेनकाब कर दिया है। आतंकवादी संगठनों ने समाज में डॉक्टरों के प्रति भरोसे का इस्तेमाल आतंक फैलाने के लिए किया वह समूचे चिकित्सा बिरादरी और समाज के लिए चिंताजनक है। भारत में शिक्षक और डॉक्टर की सर्वाधिक सामाजिक प्रतिष्ठा रही है तथा पेशेवर तौर पर इन्हें धार्मिक और जातिगत तौर पर सबसे सहिष्णु माना जाता है। विडंबना है कि देश और दुनिया में बढ़ रहे धार्मिक उन्माद और नफरत के चलते डॉक्टर भी अब मजहबी कट्टरपंथ के चंगुल में फंसकर विवेकशून्य हो रहे हैं जो चिंताजनक है। अलबत्ता भारत में किसी मेडिकल शिक्षा संस्थान और डॉक्टरों के आतंकवादी हिंसा में संलिप्त होने का सनसनीखेज मामला समाज और देश के लिए बहुत बड़ा सवाल पैदा कर रहा है।

अलबत्ता धर्म और जाति के नाम पर बढ़ रही कट्टरता अब कानून और व्यवस्था के साथ ही मानवता के लिए भी खतरा बन रहा है। विचारणीय यह भी कि दिल्ली बम धमाके में शामिल डॉक्टर पढ़ाई में मेधावी थे और उनके सामने एक अच्छा कैरियर था बावजूद उन्होंने आतंकवाद का रास्ता क्यों चुना? अभी तक कट्टरपंथी समूहों के टारगेट पर कम पढ़े-लिखे, बेरोजगार और गरीब किशोर और युवा थे लेकिन अब उनके निशाने पर उच्च शिक्षित युवा हैं। अहम सवाल यह भी कि क्या उच्च शिक्षित युवाओं के बुद्धि पर धार्मिक कट्टरवाद का जूनून इस कदर हावी हो सकता है कि वह अपनी जान देकर हजारों लोगों के जान लेने उतारु हो जाए? इन सवालों का जवाब सभी धर्मों के धर्मगुरुओं, बुद्धिजीवियों, धार्मिक और राजनीतिक संगठनों को ढूंढना होगा। बहरहाल नैतिक मूल्यों के अवमूल्यन के वर्तमान दौर में डॉक्टरी पेशा पहले से ही दागदार था लेकिन डॉक्टरों के एप्रन पर लगे इस खूनी दाग ने इस पेशे की भरोसे और शुचिता को काफी खंडित किया है जिसकी भरपाई जरुरी है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

## भगवान के चरणों में स्वयं को अर्पित करना ही ज्ञान



संकलित
दर्शन

सर्व सामर्थ्य होते हुए भी अहंशून्य होकर स्वयं को भगवान के चरणों अर्पित कर देना ही ज्ञान, भक्ति और कर्म की परिपूर्णता है। भगवान के परम भक्त बालिपुत्र अंगद ने रावण की सभा में अपना एक पैर रोपकर अपने मुष्टिप्रहार से रावण के दसों मुकुटों को सिर से गिरा दिया था, वहीं चार मुकुटों को बीच में उछालकर भगवान के पास भेज दिया था। लंका से लौटकर आए अंगद से जब भगवान श्रीराम ने पूछा कि तुमने ये मुकुट कहां और कैसे प्राप्त किए, तब अंगद ने धर्म और ईश्वर से विमुख व्यक्ति की तात्विक व्याख्या की है। अंगद विनम्र भाव से कहते हैं, प्रभु! ये चार मुकुट नहीं, राजनीति के चार पद हैं, जिन पर चलकर व्यक्ति व्यवहार करते हुए भी परमार्थ को प्राप्त कर लेता है। रावण आपसे और धर्म से विमुख हो चुका है, इसलिए राजनीति के चारों चरणों (साम, दाम, दंड और भेद) का दुरुपयोग कर रहा था, इस कारण मुकुट के रूप में ये चारों उसको छोड़कर आपकी शरण में आ गए हैं। रावण ने शेष छह मुकुट जो सिर पर धारण कर रखे हैं, वे साधक के जीवन में रहने वाली षड्संपत्ति (शम, दम, उपरति, तितीक्षा, श्रद्धा और समाधान) हैं। चूंकि रावण उनका भी दुरुपयोग कर रहा था, इसलिए ये षड्संपत्ति न रहकर विकार बनकर रावण के सिर पर शासन कर रहे हैं, जो उसके विनाश के कारण बनेंगे। मेरे प्रभु! गुण तो केवल वे ही हैं, जिन्हें आपने स्वीकारा है। शेष सब अवगुण ही हैं। गुणों का योग जब तक भगवान से नहीं होगा, तब तक व्यक्ति उसका उपयोग और कहां करेगा?

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। क्योंकि ये ही लोग हमारे सच्चे हितैषी और सेवक होते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### श्रमिकों का बुढ़ापा भी सुरक्षित हो

देश की आर्थिकी को मजबूती प्रदान करने के लिए कृषि के बाद अगर कोई दूसरी चीज है तो वो है उद्योग जगत और उद्योग जगत को कामयाब बनाने में श्रमिकों का भी कोई कम योगदान नहीं होता है। यह अलग बात है कि आज आजाद देश में कुछ लोग श्रमिकों को अपना गुलाम समझते हैं और आज भी श्रमिकों को उनके उतने अधिकार नहीं मिलते जितने मिलने चाहिए। अब मोदी सरकार ने श्रमिकों को अपनी तरफ से राहत देने के लिए इन्हें और सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए नई श्रम संहिता नीति को हरी झंडी दी है। लेकिन नई श्रम संहिता में सरकार ने श्रमिकों के बुढ़ापे को सुरक्षित करने और आर्थिक मदद के लिए श्रमिकों को उचित पेंशन का प्रावधान क्यों नहीं किया? उनका बुढ़ापा सुरक्षित होना चाहिए।

*- मनोज कश्यप, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### चीन का भारतीय महिला को परेशान करने से इनकार



चीन ने मंगलवार को इन आरोपों को गलत बताया कि अरुणाचल प्रदेश की एक भारतीय महिला को शंघाई हवाई अड्डे पर परेशान किया गया। चीन ने कहा कि चीनी आव्रजन अधिकारियों ने जो कार्रवाई की, वह कानून और नियमों के मुताबिक थी। ब्रिटेन में रहने वाली भारतीय नागरिक पेमा वांगजोम थोंगडोक 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही थीं। उन्होंने दावा किया कि उनका तीन घंटे का तय ठहराव तब बहुत बुरा हो गया जब आव्रजन वालों ने उनके पासपोर्ट को सिर्फ़ इसलिए "अवैध" घोषित कर दिया क्योंकि उसमें अरुणाचल प्रदेश उनका जन्मस्थान लिखा था। थोंगडोक के साथ हुई इस घटना पर जवाब मांगने पर, चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने दावा किया कि उक्त महिला के साथ किसी भी तरह के अनिवार्य कदम, हिरासत या उत्पीड़न नहीं हुआ, जैसा कि उसने आरोप लगाया है। माओ ने कहा कि एयरलाइन ने उनके लिए विश्राम, खाने–पीने की व्यवस्था भी की थी। माओ ने कहा, "हमें पता चला कि चीन के सीमा निरीक्षण अधिकारियों ने कानूनों और नियमों के हिसाब से सभी प्रक्रिया पूरी की है और संबंधित व्यक्ति के कानूनी अधिकारों और हितों की पूरी तरह से रक्षा की है।"

## ऑफ बीट

### आपका बैंक पहले ही एआई का इस्तेमाल कर रहा है



दुनिया की पहली ऑटोमेटेड टेलर मशीन या एटीएम को नॉर्थ लंदन में बार्कलेज बैंक की एक ब्रांच में जून 1967 में एक बड़े समारोह में शुरू किया गया था। वह पहला सिस्टम आज के सिस्टम से थोड़ा अलग दिखता था, जिसे हम जानते और इस्तेमाल करते हैं। लेकिन लगभग छह दशक बाद, ऐसी दुनिया की कल्पना करना मुश्किल है, जहाँ लोग सिर्फ़ बैंकिंग घंटों के दौरान ही नकदी निकाल सकें। अब, ऑस्ट्रेलिया और दुनिया भर में, बैंक इस बात पर बड़ा दांव लगा रहे हैं कि एक नए तरह का ऑटोमेशन उनके बिज़नेस मॉडल को बदल देगा और वह है : आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई)। बेंडिगो बैंक ने बताया कि उसने गूगल के साथ कई साल का समझौता किया है। इसके तहत वह टेक कंपनी के जेमिनी एंटरप्राइज एआई प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कई कामों में मदद के लिए करेगा, जिसमें लोन एप्लीकेशन की जांच करना और धोखाधड़ी का पता लगाना शामिल है। यह अगस्त में घोषित कॉमनवेल्थ बैंक और ओपनएआई के बीच एक बड़े करार के बाद हुआ है, जिसका मकसद ग्राहकों और कर्मचारियों के लिए एडवांस्ड एआई लाना है। अभी, एआई बैंकों और कर्मचारियों की फ़ैसले लेने में मदद कर रहा है। यह धोखाधड़ी और घोटालों की जांच कर रहा है, क्रेडिट स्कोर का पता लगा रहा है, ट्रेडिंग और इन्वेस्टमेंट एक्टिविटी में मदद कर रहा है।

## ट्रेंड

### इतिहास रचा गया



श्री राम जन्मभूमि मंदिर में धर्म ध्वजारोहण उत्सव का साक्षी बनना ऐसा क्षण है जिसका भारत और दुनिया के करोड़ों लोगों को बेसब्री से इंतज़ार था। अयोध्या में इतिहास रचा गया है और यह हमें प्रभु श्री राम के दिखाए मार्ग पर चलने को प्रेरित करेगा।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### मंदिर निर्माण का सपना



अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री द्वारा सम्पन्न ध्वजारोहण युगों की तपस्या का पूर्णत्व है। श्रीराम मंदिर निर्माण का वह सपना, जिसे मेरी पूज्या आजी अम्मा राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी ने देखा था, वो आज भव्य सांस्कृतिक पुनर्जागरण बनकर साकार खड़ा है।

- ज्योतिरादित्य सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

### जवाब देने वाला कौन



हर सांस के साथ जीवन बढ़ना चाहिए, घटना नहीं। दिल्ली प्रदूषण की राजधानी बन गया है। एनसीआर के लोगों का जीवन बचाने के लिए भाजपा सरकार क्या रही है, इसका जवाब देने वाला कोई है क्या?

- अखिलेश यादव, सपा नेता

### बलिदान की गाथा



हमारे जीते जी अयोध्या में हमें श्री राम मंदिर पर ध्वजारोहण समारोह देखने का अवसर प्राप्त हुआ। मोदी जी के कांपते हाथ और आंखो में अश्रुओं की हल्की सी धारा हज़ारों लाखो श्रद्धालुओं और राम भक्तों के बलिदान की गाथा कहते हैं। जय हो

- अनुपम खेर, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com




इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ HDFC BANK क्रेडिट कार्ड FESTIVE TREATS Powered by pine labs
+
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू
विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक | 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*
Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Kick in Chhattisgarh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः बिलासपुरः सत्या हीरो 9289922464, गैलेक्सी हीरो, 9289922706, अंबिकापुरः आनंद हीरो, 9289922359, सरगुजा हीरो, 9289923110, कोरबाः शांति हीरो, 9289922813, छत्तीसगढ़ हीरो, 9289923057, रायगढ़ः गोयल हीरो, 9289922373, आदित्य हीरो, 9289923091, जांजगीरः आनंद हीरो, 9289922772, बैकुंठपुरः आर.के. हीरो, 9289922812, जशपुरः आकाश हीरो, 9289922909, एसोशिएट डीलरः खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415, चौराः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सरियाः अग्रवाल ऑटो सेण्टर, 9993121909, गौरेलाः श्री माँ नर्मदा मोटर्स, 7587796622/7587796611, सनावलः सोनी ऑटोमोबाइल्स, 9479235816, रतनपुरः माँ महामाया मोटर्स, 9754240437/8839972027, बलोदाः श्री कमला ऑटो, 9926515216, मरवाहीः राहुल ऑटोमोबाइल्स, 8889467369/8719087320, मुगेलीः महावीर, 9993855199, मनेन्द्रगढ़ः विवेक ट्रेडर्स, 6261178785, कटघोराः श्री शारदा एंटरप्राइज, 9809809925, शिवरीनारायणः सुल्तानिया ऑटो केयर, 9407600319, सक्तीः गोयल ऑटो, 9303571001/7000490324, खरसियाः विजय ऑटो एजेंसी, 9993093829, सीतापुरः श्रीराम हीरो, 7000043001, पत्थलगांवः ज्योति ऑटो, 9406399000, सारंगढ़ः गोपाल ऑटो सेंटर, 9827893203, सूरजपुरः आशा ऑटोमोबाईल्स, 9826440096, अकलतराः श्री ऑटो, 9424174274, कोटाः उर्मिला मोटर्स, 9340252857, श्री पुष्कर मोटर्स, 6268000180/8718888789, रामानुजगंजः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 8827674000, बाराद्वारः दुर्गा ऑटो एजेंसी, 8319982160, उदयपुरः बंसत ऑटोमोबाईल्स, 9406022927, तपकराः प्रीति ऑटोमोबाईल्स, 7354334545/7999851514, प्रतापपुरः तायल ऑटोमोबाईल्स, 9617218005, पटनाः आयुश ऑटोमोबाईल्स, 8839141926, पालीः आनंद ऑटोमोबाईल्स, 7089519999, राजपुरः महामाया एजेंसी, 9516209272/9340726288, मदनपुरः ओम ऑटो एजेंसी, 7000316070, सीपतः मेसर्स गणेश मोटर्स, 9993194005, महापालीः साहू ऑटोमोबाईल्स, 7746028455, लखनपुर : पीएन ऑटोमोबाइल्स, 8839193005, बटौली : इक्छा ऑटोमोबाइल्स, 8770232677, कुसमीः बोल्बम ऑटो, 8120191597, विश्रामपुरः ख़ुशी ऑटोमोबाइल, 9826775718, झरगांवः ऐबानी मोटर्स, 7849000000, रामानुजनगर : जयसवाल ऑटो , 9926015773, बलंगीः नमो ऑटोमोबाइल्स, 9977876863, भैयाथानः आनंद ऑटोमोबाइल्स, 9977221111, प्रेमनगरः मानस ऑटोमोबाइल्स, 9131301594, लोरमीः महेश मोटर्स, 7974700929, खैरागढ़ः पुष्पक बिक्री, 9425554343, भानपुरीः अपराशा ऑटोमोबाइल्स, 9981009491, ऐडिशनल वर्कशॉपः अम्बिकापुरः आनंद ऑटोमोबाईल्स, देवीगंज, 7771008601/9289922359, जेन्युइन स्पेअर पार्ट्स के लिए संपर्क करें: अधिकृत स्टॉकिस्टः ओरियन ऑटोव्हील्स, 07752-252088, अधिकृत सिटी वर्कसः उरगाः बालाजी सर्विस स्टेशन, 279600, डीलर एक्सटेंशन काउंटरः बिलासपुर (सकरी): सत्या सर्विसेज़, 9111107951, गैलेक्सी हीरो (जगमल चौक) 8085152612, चम्पाः आनंद हीरो, 7909901444, कोरबाः शांति हीरो, 7440299000, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) बिलासपुरः सत्या हीरो, 9289922464, खड़गांवः बंसल ऑटो एजेंसी, 7000103415.



# प्राचीन गढ़ के अवशेष सिंघनगढ़ में

पुरातात्विक
ललित शर्मा

छत्तीसगढ़ के सिरपुर क्षेत्र के बोरिद गांव से नाला पार करने बाद वन में एक स्थान को किसबिन डेरा कहते हैं, इससे लगी हुई पहाड़ी के ऊपर पहुंचने पर पत्थरों की बनी हुई दीवाल दिखाई देती है, थोड़ा आगे बढ़ने पर सिंह द्वार भी दिखाई देने लगते हैं। सिंह द्वार लगभग 8-9 फुट ऊंची है। द्वार के सिर दल पर कमलांकन है। अन्य कोई शिल्पकारी इस द्वार पर दिखाई नहीं देती। द्वार के दोनों तरफ भग्नावशेष रखे हैं। द्वार से भीतर प्रवेश करने पर चौकीनुमा प्रस्तर भग्नावशेष दिखाई देता है। लोगों के अनुसार यह पीढ़ा है। ऊपर से सपाट होने एवं चारों कोनो में पाया होने



के कारण इस वर्गाकार आकृति को ग्रामीण पीढ़ा मानते हैं। इसका वजन लगभग 50 किलो होगा। लकड़ी के सहारे से शिलाखंड को उठाकर देखने पर नीचे पद्माकृति बनी दिखाई देती है। इससे प्रतीत होता है कि यह किसी भवन की छत का अवशेष या मंदिर का वितान होगा। इसी के थोड़ा आगे अनगढ़ पत्थरों की दीवार बनी हुई है। आदिवासी समाज के लोग कुछ वर्षों से यहां नवरात्रि में ज्योति प्रज्वलित करते हैं। जिसके लिए यहां लकड़ियों से ज्योति कक्ष की स्थापना भी की गई है। धीरे धीरे श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है जिसके कारण रुकने की व्यवस्था भी की जाती है। इसी स्थल के और थोड़ा आगे आटा पीसने की प्राचीन चक्कियां और स्थापत्य के आधार स्तंभ दिखाई देते हैं।

संस्कार
डा. ज्योति किरण चंद्राकर

## अंचल में संतान प्राप्ति में तितरा तितरी होने पर शांति की परम्परा



अंचल के प्रायः अधिकांश जातियों में तितरा शांति करने की परम्परा है। यदि किसी माता के गर्भ से तीन लड़के के पश्चात चौथी लड़की हो या तीन लड़की के बाद चौथी संतान लड़का हो तो वह संतान तितरा तितरी कहलाता है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि ऐसी संतान स्वयं के लिए और परिवार के लिए मंगलकारी नहीं होती और धन संपत्ति की हानि होती है। अतः तितरा बच्चे के जन्म के तुरन्त बाद तीतरा शांति किया जाता है। कुछ लोग इमली पेड़ के पास टोटका करते हैं। पिता बच्चे को लेकर इमली पेड़ के पास जाकर लोहे से पेड़ को तीन बार आघात करते हुए कहता है मेरा तितरा बेटा खूब फले फूले। ऐसा करने के बाद पिता सात घरों में इमली देता है व पूछने पर यह इमली किसका है उसका उत्तर देते कहता है -यह तितरा का है। इस टोटका को करने के बाद बच्चा व उसके परिवार पर पड़ने वाले कष्ट का समाधान होना माना जाता है। आज की पीढ़ी अब इस संस्कार को नहीं जानते। इसका मूल कारण पढ़े लिखे होकर समाज जागरूक होता जा रहा है और दो बच्चे तक परिवार को सीमित रखने लगे हैं चाहे दोनों बच्चे लड़की या लड़का ही हो।

लोक साहित्य
डा. सुधीर पाठक

## सरगुजिहा की उपबोलियों में भखारी



सरगुजिहा पूर्व स्टर्न स्टेट्स के पांच रियासत सरगुजा, कोरिया, चांगभखार, जशपुर तथा उदयपुर के आमजन की संपर्क भाषा है। सरगुजिहा भाषा भाषी समूह के पश्चिमी क्षेत्र, वर्तमान कोरिया जिला के भरतपुर तहसील को रियासत काल में चांगभखार रियासत के नाम पर जाना जाता था। संभवतः रियासत का नामकरण चांग देवी के नाम पर चांगभखार किया जाना प्रतीत होता है। चांगभखार की पूर्वी सीमा कोरिया से स्पर्श करता है, वहीं उत्तर पश्चिमी और दक्षिणी सीमा वर्तमान मध्यप्रदेश के रीवा जिले के संपर्क में आता है। चांगभखार सतपुड़ा की उच्च समतल भूमि पर स्थित है। इसमें कई विशाल पर्वत श्रेणियां फैली हुई हैं। प्रायः पूरा क्षेत्र पर्वतों से ढंका हुआ है, इन पर्वतों के बीच में कई स्थानों में समतल भूमि है। सामान्य तौर पर इसका उत्तरी , पूर्वी और दक्षिण का भाग बहुत ऊंचा है। पश्चिम की ओर का भाग कुछ नीचा है, इसलिए कई नदी नाले इस ओर बहते हैं। बनास नदी है, जो मौजा बरैल के समीप की पहाड़ियों से निकलती है।कंजिया, छिनदौना पहाड़ और तितोला घाट पर्वत श्रेणी की प्रमुख उपशाखाओं के नाम हैं। चांगभखार को भरतपुर के नाम से भी जाना जाता है जो रीवा जिले के तीन ओर से घिरा है, जहां की बोली बघेली है, इसलिए भरतपुर की सरगुजिहा बोली पर निकटवर्ती पश्चिमी बघेलखंड की बघेली बोली का प्रभाव पड़ा है जिसके विशिष्ट स्वरूप के कारण ही इस क्षेत्र के नाम पर भखारी का प्रचलन हुआ है। क्षेत्र का नाम स्टेट के समय चांगभखार राज्य था। जो वहां स्थापित राज्य की कुल देवी चांग देवी के नाम पर रखा गया था। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात सरगुजा, कोरिया और चांगभखार तीनों राज्यों को मिलाकर सबसे बड़े राज्य सरगुजा के नाम से जिला बनाया गया था। इस क्षेत्र की बोली भखारी है जो कि सरगुजिहा की एक उपबोली है।

**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- Choupalharibhoomi@gmail.com

ऐतिहासिक
डा. ऋषिराज पाण्डेय

# सारंगढ़ रियासत में राजा सुभद्रसाय का शासन काल



राजा विश्वनाथ साय के पश्चात सन 1808 ई. में उसका पुत्र सुभद्रसाय सारंगढ़ रियासत के उत्तराधिकारी हुए। उसने केवल 7 वर्ष तक शासन किया। राजा सुभद्रसाय के शासन काल में सारंगढ़ रियासत को अत्यधिक क्षति उठानी पड़ी। मराठे, ब्रिटिश तथा चौहान शक्ति के मध्य उचित तालमेल रख पाने में यह कामयाब नहीं हो पाए। इनके समक्ष यह धर्म संकट था कि किस शक्ति को ज्यादा महत्व दें और किसे कम। संबलपुर की महारानी रतन कुमारी देवी ने सारंगढ़ राजा सुभद्रसाय के अनुज रणजोर सिंह से अनुरोध किया कि वे उन्हें संबलपुर से दूर किसी सुरक्षित स्थान में ले चलें, जहां मराठा उन्हें पकड़ न सकें। रणजोर ने महारानी को दीपदरहा नामक सुरक्षित स्थान में पहुंचा दिया। तब मराठा सूबेदार माधव राव भोंसरा तथा टांटिआ कम विंसदार संबलपुर ने सारंगढ़ राजा सुभद्रसाय तथा संबलपुर महारानी रतन कुमारी देवी के मध्य सांठगांठ होने के संदेह के चलते माह अगहन सन 1809 में सारसींवा , सोहागपुर, तथा सारंगढ़ ताल्लुका के 5 गांव सारंगढ़ रियासत से छीन लिए तथा 18000 रूपए जुर्माना किया। ठीक एक वर्ष के भीतर सन 1810 में मराठों ने किरकिरदा तथा चंद्रपुर



परगना अंतर्गत डभरा भी छीन लिया। यह उल्लेखनीय है कि यह सभी जागीरें सारंगढ़ रियासत को किसी न किसी सत्ता की सेवा के बदले पुरस्कार स्वरूप प्राप्त हुए थे। राजा सुभद्रसाय की तीन रानियां थी। प्रथम रानी जोतकुंवर नवागढ़ के राजा प्रेमसाय की पुत्री थी, द्वितीय रानी अमोलकुंवर विजयपुर के ठाकुर कृपाल सिंह की पुत्री थी तथा तीसरी रानी विश्वासकुंवर बरगढ़ के शासक महाराजसाय की पुत्री थी। सन 1815 में राजा सुभद्रसाय का देहांत हो गया। राजा सुभद्रसाय का शासन काल उत्साहवर्धन नहीं कहा जा सकता। हालांकि उन्हें सारंगढ़ रियासत के विकास का अवसर नहीं मिला, किन्तु यह भी सत्य है कि राजा विश्वनाथ साय विस्तारित सारंगढ़ रियासत को वे संभाल नहीं पाए तथा विभिन्न साम्राज्यवादी शक्तियों के बीच संतुलन रख पाने में नाकामयाब सिद्ध हुए।

धार्मिक : डा. किरण नुरुटी

# घंसिया जाति की कुल देवी रेवागढ़िन माता




रेवागढ़िन माता घंसिया जाति की कुल देवी है। यह हैजा दूर करने में सहायक है। भंगाराम देव भी हैजा दूर करने तथा सभी क्षेत्रों की बोहरनी को जमा कर आगे भेजने का काम करता है। माना जाता है कि यह देवी पहले ग्राम पलारी में पहुंचे किन्तु वहां जगह नहीं मिलने के कारण माता को कोंडागांव आना पड़ा। माटी तिहार में माता की विशेष पूजा की जाती है। इस अंचल में अनेक देवी देवता विराजमान हैं जिनकी किसी अवसर विशेष और तीज त्यौहारों में पूजा अर्चना की जाती है। इन देवी देवताओं में मावली माता, हिंगलाजिन माता, सेंदरी माता, बूढ़ी माता, लालमन कुंवर देव, पेंड्रावडिन देवी, राजा राव, एक्टा माता, लंगूर माता, ढाबागोसिन माता, शीतला माता, मुरकी माता जैसे और भी कई देवता यहां विराजित हैं। यह देवी देवता विभिन्न आपदाओं और बीमारियों से अपने भक्तों को बचाते हैं। आदिवासियों की इन देवी देवताओं पर विशेष आस्था है।

सुरता
प्रो. अश्विनी केशरवानी

## भारतेन्दुकालीन शख्सियतों में पंडित मालिकराम भोगहा का योगदान

छ पंडित मालिकराम भोगहा का जन्म बिलासपुर जिले (वर्तमान जांजगीर-चांपा जिला) के शिवरीनारायण में संवत 1927 में हुआ। वे सरयूपारी ब्राह्मण थे। उनके पिता पं. यदुनाथ भोगहा यहां के नारायण मंदिर के प्रमुख पुजारी, मालगुजार और आनरेरी मजिस्ट्रेट थे। जब मालिकराम बहुत छोटे थे तभी उनकी माता का देहावसान हो गया। उनकी सम्पूर्ण शिक्षा दीक्षा तहसीलदार ठाकुर जगमोहनसिंह के संरक्षण में हुई। संस्कृत, अंग्रेजी और उर्दू के अलावा उन्होंने संगीत, गायकी की शिक्षा ग्रहण की। आगे चलकर मराठी और उड़िया भाषा सीखी। पहले उनकी कविता अवस्थानुरूप श्रृंगार रस में बाद में अलंकारिक थी। उनकी कुछ कविताओं को ठाकुर जगमोहनसिंह ने अपनी पुस्तकों में सम्मिलित




किया है। मालिकराम जी अपना उपनाम ''द्विजराज'' लिखा करते थे। उनकी अलंकारी भाषा होने के कारण लोग उन्हें ''अलंकारी'' भी कहा करते थे। शिवरीनारायण के मंदिर के पुजारी होने के कारण ''भोगहा'' उपनाम मिला। उनके वंशज आज भी यहां मंदिर के पुजारी हैं। मालिकराम जी, ठाकुर जगमोहनसिंह के प्रिय शिष्य थे। बाल्यकाल से ही मालिकराम जी धार्मिक प्रवृत्ति के थे। किशोरावस्था में उन्होंने वेद, उपनिषद और दर्शनशास्त्र का अध्ययन किया।

लोक नाट्य : डा. अर्चना झा

# हबीब तनवीर के नाटकों में लोक तत्व



हबीब तनवीर की रंग क्षमता की वास्तविक पहचान नाटक और उसकी अंतर्वस्तु के अनुरूप लोक रंग तत्वों के सार्थक लाभ उठाने और नए आयाम खोजने में देखी जा सकती है। 1985 में पहली बार छत्तीसगढ़ी नाचा शैली से परिचित हुए तथा 1959 में नया थियेटर की स्थापना कर लोक कलाकारों के साथ मिलकर संस्कृत से लेकर यूरोप के कई नाटकों को छत्तीसगढ़ी में खेला और अपनी रंग दृष्टि तथा अद्भुत रंग कौशल से यह साबित किया, किसी तरह से शास्त्रीय व विदेशी नाटकों को ठेठ लोक कला से जोड़ कर मनोरंजक, मोहक और मारक बनाया जा सकता है। लोक कलाकारों के साथ इस नए प्रयोग का उदाहरण था, छत्तीसगढ़ी लोक कथा पर आधारित गांव का नाम



ससुराल, मोर नाव दामाद यह रचना सन 1973 को रायपुर में आयोजित नाचा कार्यशाला में हुआ। इसकी प्रस्तुति ने हबीब तनवीर को ऐसा पाठ पढ़ाया, जिसने उनकी रंगमंचीय अवधारणाओं को पूरी तरह बदल कर रख दिया। वे इस नतीजे पर पहुंचे कि आंचलिक कलाकारों में यह प्रतिभा जन्मजात होती है और वे किसी प्रशिक्षण के मोहताज नहीं होते। उन्होंने इस नाटक में विवाह गीत के साथ ददरिया, करमा, सोहर का प्रयोग पहली बार किया तो इसका महत्व अचानक बढ़ गया। ऐसे आंचलिक नाटकों की श्रृंखला लगातार बढ़ती गई जिसमें गीत- नृत्य और संगीत के साथ त्रासदी और हास्य का अदभुत संतुलन देखा गया। लोक कलाकारों एवं लोक तत्वों के समन्वय द्वारा उन्होंने इस नाटक को न केवल समृद्ध किया वरन प्राणवंत भी बनाया।

# 'जिंदगी का चक्र पूरा हो गया, आज की यादें हमेशा संजोकर रखेंगे'

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

**वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ राममंदिर ध्वजारोहण कार्यक्रम**

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार और 'जय श्री राम' के नारों की गूंज के बीच मंगलवार को भगवा ध्वज फहराया गया। इस अनुष्ठान के साथ ही मंदिर का निर्माण औपचारिक रूप से पूरा हो गया। इस ख़ास कार्यक्रम में मंदिर आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ताओं को भी आमंत्रित किया गया। इनमें से एक अनिल कुमार 26 साल के थे और मिर्जापुर में भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष थे, जब उन्होंने 1992 में राम मंदिर आंदोलन में हिस्सा लिया और जेल गए। कुमार प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी मौजूद थे लेकिन भोजन परोसने वाले स्वयंसेवक के रूप में। वह अपने जिले के 35 लोगों के समूह का हिस्सा हैं, जिनकी आयु 50-60 वर्ष के बीच है और सभी का मंदिर आंदोलन से कुछ न कुछ संबंध है।

### कारसेवक के रूप में आए थे कभी

लखनऊ में राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में वैज्ञानिक के रूप में कार्यरत 50 वर्षीय मृदुल शुक्ला ने कहा कि कि छात्र संघ नेता के रूप में उन्हें विहिप पदाधिकारियों द्वारा इस्लामीकरण विरोधी सेना का कमांडर चुना गया था ताकि तत्कालीन मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी सरकार को अयोध्या को 'मक्का' में बदलने से रोका जा सके। मृदुल ने बातचीत के दौरान कहा, 'अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद, मैंने एक वैज्ञानिक के रूप में और विज्ञान के क्षेत्र में एक गैर-सरकारी संगठन के साथ काम करते हुए, एक दूसरा जीवन शुरू किया। हालाँकि, संघ की विचारधारा हमेशा मेरे दिल के करीब रही। जो लोग हमारे साथ थे, उनमें से कुछ अब नहीं रहे।'



### याद आ गया पूरा वाकया

57 वर्षीय अनिल कुमार सिंह 1992 में भाजपा की मिर्जापुर युवा शाखा के ज़िला प्रमुख थे और आज मिर्जापुर में आरएसएस के 'संपर्क ज़िला प्रमुख' हैं। वे भी पिछले दो राम मंदिर कार्यक्रमों में स्वयंसेवक के तौर पर शामिल हुए थे। उन्होंने कहा, 'ज़िंदगी का चक्र पूरा हो गया है। हमने युवा कारसेवकों के रूप में मंदिर आंदोलन में हिस्सा लिया था। मैं 1992 में जेल भी गया था।' उन्हें उम्मीद है कि मथुरा और काशी मंदिर विवाद भी जल्द ही सुलझ जाएगा। सोनभद्र के जनार्दन वैस्वरन 1992 के राम मंदिर आंदोलन में अन्य लोगों के साथ भाग लेने के समय वे मात्र एक इंटरमीडिएट थे।

### मुख्य वादी इकबाल अंसारी भी रहे मौजूद

बताया जा रहा है कि आरएसएस ने 6 महीने की मेहनत के बाद अतिथियों को चुना है और इसके लिए ज़मीनी कार्यकर्ताओं और उन लोगों को चुना है जिन्होंने या तो राम मंदिर आंदोलन में योगदान दिया या अपने क्षेत्रों या समुदायों में इस आंदोलन को फैलाने में मदद की। अनुसूचित जातियों, जनजातियों और महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। राम जन्मभूमि विवाद में मुस्लिम पक्ष के मुख्य वादी इकबाल अंसारी भी मौजूद रहे। सूत्रों ने बताया कि आमंत्रित सूची में विभिन्न समुदायों और वर्गों का प्रतिनिधित्व है – किन्नर, कुम्हार, लोधी, यादव, धोबी, पासी, वाल्मीकि, रविदास आदि।

---

## खबर संक्षेप

### शहीदी दिवस पर डाक टिकट व सिक्का जारी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र, हरियाणा में ज्योतिसर अनुभव केंद्र का लोकार्पण और पाञ्चजन्य शंख स्मारक का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर हो रहे समागम में पहुंचे। इस ऐतिहासिक मौके पर प्रधानमंत्री ने तेग बहादुर जी के सम्मान में एक डाक टिकट और एक विशेष सिक्का भी जारी किया है। कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि सिख परंपरा का मुख्य केंद्र है। जब नौंवी पातशाही गुरु तेग बहादुर यहां आए, तो उन्होंने यहां अपनी साहसिक छाप छोड़ी।' मोदी ने कहा- 'गुरु तेग बहादुर जी भी सत्य और न्याय को अपना धर्म माना और इसकी रक्षा के लिए अपने प्राण तक दे दिए। कुरुक्षेत्र की पवित्र भूमि सिख परंपरा का मुख्य केंद्र है। जब नौंवी पातशाही गुरु तेग बहादुर यहां आए, तो उन्होंने यहां अपनी साहसिक छाप छोड़ी।' मोदी ने कहा- आज का दिन भारत की विरासत का अद्भुत संगम बनकर आया है। आज सुबह मैं रामायण की नगरी अयोध्या में था, और अब

---

**चीनी प्रवक्ता ने कहा- 'जंगनान हमारा हिस्सा, इधर भारत ने जताई आपत्ति**

# ड्रैगन ने अरुणाचल पर फिर दोहराया दावा भारतीय महिला के उत्पीड़न से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चीन ने मंगलवार को उन आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिनमें अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली एक भारतीय महिला ने शंघाई एयरपोर्ट पर अपने साथ हुई कथित बदसलूकी की शिकायत की थी। इसके साथ ही चीन के विदेश मंत्रालय ने इस घटना का जिक्र करते हुए एक बार फिर अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग का विवादित दावा दोहराया, जिसे वह 'जंगनान' कहता है। हालांकि भारत ने स्पष्ट किया है कि अरुणाचल प्रदेश उसका अखंड और अविवादित हिस्सा है। दरअसल, 21 नवंबर को लंदन से जापान जा रही यूके में रहने वाली भारतीय नागरिक पेमा वांगजोम थोंगडोक ने कहा था कि उनका तीन घंटे का सफर 18 घंटे की मुश्किल समय में बदल गया, जब चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों ने उनके पासपोर्ट को सिर्फ इसलिए अवैध घोषित कर दिया क्योंकि उसमें अरुणाचल प्रदेश उनका जन्मस्थान बताया गया था। सोशल मीडिया पर उन्होंने बताया कि उन्हें कई घंटों तक रोके रखा गया और तब जाकर वह भारतीय वाणिज्य दूतावास से संपर्क कर सकीं।

**थोंगडोक के साथ हुई कार्रवाई को बताया कानून सम्मत**

**अरुणाचल की इस महिला को एयरपोर्ट पर रोका गया था 18 घंटे तक**



**अरुणाचल की रहने वाली है महिला**

प्रेमा थोंगडोक 14 सालों से ब्रिटेन में रह रही हैं। वह मूल रूप से अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले के रूपा की रहने वाली हैं, जहां उनका परिवार अभी भी रहता है। वह एक वित्तीय सलाहकार के रूप में काम करती हैं और उन्होंने बताया कि वह 21 नवंबर को शंघाई पुडोंग एयरपोर्ट पर तीन घंटे की यात्रा के लिए लंदन से जापान जा रही थीं। उनके अनुसार, वह उस सुबह शंघाई में उतरी थीं और आगे की फ्लाइट के लिए सिक्योरिटी चेक के दौरान उन्हें अलग कर दिया गया था।

### यह कहा प्रवक्ता निंग ने

घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि थोंगडोक के साथ किसी तरह की जबरन कार्रवाई, हिरासत या उत्पीड़न नहीं किया गया। अधिकारियों ने कानूनी और विनियमित प्रक्रियाओं के अनुसार काम किया और एयरलाइन ने उन्हें खाना, पानी और आराम की सुविधा उपलब्ध कराई। माओ निंग ने साथ ही कहा, 'जंगनान चीन का हिस्सा है। भारत द्वारा बनाई गई तथाकथित अरुणाचल प्रदेश इकाई को चीन कभी स्वीकार नहीं करता.'

### भारत ने मामले पर जताई कड़ी आपत्ति

भारतीय अधिकारियों ने कहा कि नई दिल्ली ने घटना वाले दिन ही बीजिंग और दिल्ली में चीनी एम्बेसी, दोनों जगहों पर कड़ा विरोध दर्ज कराया, जिसमें साफ तौर पर कहा गया कि अरुणाचल प्रदेश बिना किसी शक के भारतीय इलाका है और इसके निवासियों को भारतीय पासपोर्ट रखने और उस पर यात्रा करने का पूरा हक है। भारतीय वाणिज्य दूतावास, शंघाई ने स्थानीय स्तर पर तुरंत हस्तक्षेप किया और महिला को पूरी मदद उपलब्ध कराई। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि वह इस घटना से बहुत हैरान हैं। उन्होंने इसे इंटरनेशनल नियमों का उल्लंघन और भारतीय नागरिकों का अपमान बताया।

---

**अजाक्स अध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन**

# 'ब्राह्मण की बेटियां' वाले बयान पर एमपी में बवाल

एजेंसी ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश अजाक्स (अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ) के प्रदेश अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा के आरक्षण पर ब्राह्मण समाज की बेटियों को जोड़कर दिए बयान पर बवाल हो गया है। अजाक्स यानी मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद वर्मा ने रविवार को संगठन के प्रांतीय अधिवेशन में कहा था कि जब तक ब्राह्मण अपनी बेटी दान न दे, तब तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। वर्मा के बयान के बाद ब्राह्मण समाज ही नहीं, मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, लिपिक संघ, कर्मचारी मंच के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को मंत्रालय में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल को ज्ञापन देकर मांग कार्रवाई करने की मांग की। उधर, राष्ट्रीय सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद शुक्ल ने संतोष वर्मा का मुंह काला करने पर 51,000 का इनाम घोषित किया।'



### वर्मा ने मांगी माफी

आरक्षण पर दिए इस विवादित बयान के कारण चर्चा में आए अफसर वर्मा ने अब माफी मांग ली है। मंगलवार को इस बयान पर विवाद बढ़ने के बाद एक चैनल से चर्चा में उन्होंने कहा, 'मेरा कोई इरादा राजनीतिक हंगामा खड़ा करने का नहीं था। मेरे 27 मिनट के भाषण से जानबूझकर 9 सेकंड का वीडियो वायरल किया गया।' वर्मा ने मीडिया में सफाई देते हुए कहा कि गलत रूप से प्रस्तुत किए गए मेरा बयान से किसी भी व्यक्ति या वर्ग की भावना आहत हुई हैं तो मैं खेद व्यक्त करता हूं। 29 मिनट के मेरे भाषण का यह संदर्भ सामाजिक समरसता को लेकर था लेकिन बयान को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया गया।

---

**महाराष्ट्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट की दो टूक**

# 'जहां 50% से ज्यादा आरक्षण वहां जीत-हार हम तय करेंगे'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने लोकल बॉडी चुनावों में 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण दिया है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए साफ कहा कि चुनाव परिणाम हमारे फैसले पर निर्भर होंगे। अगर हमने आरक्षण को गलत माना तो पूरा चुनाव रद्द कर देंगे। मामते में अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने साफ कहा कि जहां-जहां भी 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा का उल्लंघन हुआ है, वहां के चुनावी नतीजे हमारे फैसले पर निर्भर करेंगे। सुप्रीम कोर्ट का यह कड़ा रुख देखकर महाराष्ट्र सरकार ने राज्य चुनाव आयोग से सलाह लेने की बात कही है और अदालत से समय मांगा है। इसके बाद सुनवाई 28 नवंबर तक टाल दी गई।



इससे पहले 19 नवंबर को अदालत ने राज्य सरकार से कहा था कि वह स्थानीय निकाय चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया को स्थगित करने पर विचार करे, जब तक कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के मुद्दे का न्यायालय की ओर से निपटारा नहीं हो जाता।

### यह है मामला

सीनियर एडवोकेट बलबीर सिंह ने अदालत को बताया कि 242 नगर परिषदों और 42 नगर पंचायतों यानी कुल 288 निकायों के चुनाव 2 दिसंबर के लिए पहले ही अधिसूचित किए जा चुके हैं। लेकिन इन 288 में से 57 निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा का उल्लंघन हुआ है। इसके बाद अदालत ने तुरंत आदेश दिया कि जिन 57 निकायों में 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण दिया गया है, वहां किसी भी कैंडिडेट की जीत हार अदालत के फैसले के अधीर रहेगी।

---

### यात्रा ऑनलाइन के सिद्धार्थ गुप्ता बने सीईओ

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवा कंपनी 'यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड' ने मंगलवार को अपने नेतृत्व में बदलाव की घोषणा की। कंपनी ने सह-संस्थापक और सीईओ ध्रुव श्रृंगी को निदेशक मंडल में कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया है। यात्रा ऑनलाइन लिमिटेड ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि कंपनी ने सिद्धार्थ गुप्ता को अपना नया सीईओ नियुक्त करने की भी घोषणा की।

### अफगानिस्तान में पाक एयर स्ट्राइक, 9 बच्चों की मौत

**काबुल।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर एक बड़ा हवाई हमला किया, जिसमें 9 मासूम बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। तालिबान ने भी इन मौतों की पुष्टि की है। तालिबान के प्रवक्ता के मुताबिक यह हमला मंगलवार को अफगानिस्तान के दक्षिण-पूर्वी खोस्त प्रांत में एक घर को निशाना बनाकर किया गया। यह एयरस्ट्राइक देर रात खोस्त प्रांत के गुरबुज जिले में की गई। मारे गए बच्चों में 9 लड़के और 4 लड़कियां शामिल बताई जा रही हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले से ही तनाव बढ़ा हुआ है। दोनों देश एक-दूसरे पर लगातार हमलों का आरोप लगाते रहे हैं और सीमावर्ती इलाकों में हालात ज्यादा तनावपूर्ण हो चुके हैं।

---


**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**

**निविदा सूचना**

नि. क्र. 24/न.पा.नि./जोन क्र. - 5/2025-26 बिलासपुर दिनांक 25.11.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 16/12/2025 को सायंकाल 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (राशि लाख में) |
|---|---|---|
| 01 | महापौर निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 30 में रोड व नाली निर्माण कार्य। | 10.00 |
| 02 | विधायक निधि अन्तर्गत वार्ड क्र. 36 मोपका नाका के पास शेड एवं अन्य निर्माण कार्य। | 10.00 |

नगर निगम के विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

कार्यपालन अभियंता
न. नि., बिलासपुर (छ.ग.)

**इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड**
इरकॉन IRCON
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

**ई-प्रोक्योरमेंट सूचना**

छत्तीसगढ़ ईस्ट वैस्ट रेलवे लिमिटेड की ओर से योग्यता आवश्यकताओं को पूरा करने वाले बोलीदाताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

A. ई-निविदा सं: IRCON/2060/CEWRL/e-TENDER/25-26/Gevra-Pendra/Pkg-2B/I (Km 29-65) दिनांक: 24.11.2025

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे पर छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीसगढ़ ईस्ट वैस्ट रेल कॉरीडोर हेतु गेवरा (किमी 0) से पेन्ड्रा रोड (किमी 135) तक वाया दीपका, कठघोरा, सेन्दूरगढ़ एवं पासन नयी बीजी विद्युतीकृत दोहरी रेलवे लाइन के निर्माण के संबंध में किमी 29 से किमी 65 के मध्य (भींगरा, पुटुआ एवं मातिन सहित) सामान्य विद्युत कार्यों के साथ रेलवे फॉर्मेशन, ब्लैंकेटिंग कार्य, एमएनबी व आरयूबी (आरसीसी बॉक्स), स्टेशन भवन व अन्य सेवा भवन, स्टाफ क्वार्टर्स, प्लेटफार्म कार्यों हेतु अर्थ वर्क सहित शेष सिविल कार्य।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 101.92 करोड़ जीएसटी सहित |
| ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 08.12.2025 को 1500 बजे तक |

B. ई-निविदा सं: IRCON/2060/CEWRL/e-TENDER/25-26/Gevra-Pendra/Pkg-2B/II (MJB Km 29-67 & EW, MNB, EOP Km 65-67) दिनांक : 25.11.2025

साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे पर छत्तीसगढ़ राज्य में छत्तीसगढ़ ईस्ट वैस्ट रेल कॉरीडोर हेतु गेवरा (किमी 0) से पेन्ड्रा रोड (किमी 135) तक वाया दीपका, कठघोरा, सेन्दूरगढ़ एवं पासन नयी बीजी विद्युतीकृत दोहरी रेलवे लाइन के निर्माण के संबंध में किमी 65 से किमी 67 के मध्य हार्ड रॉक कटिंग, ब्लैंकेटिंग कार्य, एमएनबी और ईओपी के साथ रेलवे फॉर्मेशन हेतु अर्थ वर्क तथा किमी 29 से किमी 67 दोहरी लाइन के मध्य एमजेबी 112 के पाईलिंग कार्य के साथ बड़े पुलों (स्टील गर्डर आपूर्ति एवं स्थापना रहित) के साथ शेष सिविल कार्य।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रुपये 66.33 करोड़ जीएसटी सहित |
| ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय | 09.12.2025 को 1500 बजे तक |

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धि पत्र, यदि कोई होगा तो, केवल वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। कार्यकारी निदेशक/परियोजनाएं, सी-4, डिस्ट्रिक्ट सेंटर, साकेत, नई दिल्ली-110017


---

### नेतन्याहू का भारत दौरा फिर टला

**तेल अवीव।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का भारत दौरा एक बार फिर टाल दिया गया है। वह दिसंबर में भारत आने वाले थे, लेकिन दिल्ली धमाके के बाद सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनकी यात्रा को आगे के लिए पोस्टपोन कर दिया गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री आखिरी बार 14 जनवरी 2018 को भारत आए थे। इस दौरे को ऐतिहासिक माना गया था। इससे लगभग छह महीने पहले, 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इजरायल का ऐतिहासिक दौरा किया था, जिसके बाद दोनों देशों के संबंध नई दिशा में आगे बढ़े। कुछ दिन पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल भी तीन दिन की इजरायल की द्विपक्षीय यात्रा से वापस लौटे हैं। उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री नेतन्याहू से हुई थी। इस दौरान दोनों देशों ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की शर्तों पर सहमति जताई और आर्थिक, रणनीतिक, रक्षा और विज्ञान के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। अब जब पीएम नेतन्याहू भारत दौरे पर आएंगे तब रिश्ते और मजबूत होने की संभावना है।


**MANAPPURAM FINANCE LTD.**
CIN: L65910KL1992PLC006623,
Registered Office : W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16/12/2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
बिलासपुर, लिंक रोड बिलासपुर, 131560700018C02, महाराणा प्रताप चौक, 124630700016460, मंगला चौक बिलासपुर, 122000700024929, कोर्बा, कोसाबाडी, 125440730045998, रायगढ़, रामनिवास टॉकीज रोड, 117520700039437, सरगुजा, अंबेडकर चौक अंबिकापुर, 131880700021158, 131880730036463, खरसिया रोड अंबिकापुर, 131960700015060, 5305,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 7076372064 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.

**बिक्री सूचना**
**वंदना विद्युत लिमिटेड (परिसमापन में)**
परिसमापक: श्री संजय गुप्ता
परिसमापक का पता: एएए हाउस, 64, ओखला एस्टेट मार्ग, मोदी मिल्स के पीछे, ओखला फेज III, ओखला औद्योगिक एस्टेट, नई दिल्ली, दिल्ली 110020 ईमेल: vandana.vidhyut@aaainsolvency.com, assetsale1@aaainsolvency.in sanjaygupta@aaainsolvency.com,
मोबाइल - 8800865284 (श्री वसीम)

**ई-नीलामी**
दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के अंतर्गत परिसंपत्तियों की बिक्री
ई-नीलामी की तिथि एवं समय: 20 दिसंबर, 2025, दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक
(प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि: 18 दिसंबर, 2025, शाम 7 बजे तक

वंदना विद्युत लिमिटेड – परिसमापन में इन लिक्विडेशन ('सीडी') के स्वामित्व वाली परिसंपत्तियों और संपत्तियों की बिक्री, जो माननीय राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, कटक बेंच द्वारा दिनांक 16 दिसंबर, 2019 के आदेश द्वारा नियुक्त परिसमापक द्वारा गठित परिसमापन एस्टेट का हिस्सा है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-नीलामी प्लेटफॉर्म यानी बैंकनेट के माध्यम से की जाएगी, जिसकी वेबसाइट है: https://baanknet.com/


| संपत्ति का विवरण | ब्लॉक | संरक्षित मूल्य (रू.) | प्रारंभिक बयाना राशि (रू.) | वृद्धि मूल्य (रू.) |
|---|---|---|---|---|
| सीडी के गैर-वर्तमान निवेश यानी वंदना ग्लोबल लिमिटेड के कुल 23,06,156 शेयर | ए | 3,83,39,704 | 38,33,970 | 8,00,000 |
| सीडी के गैर-वर्तमान निवेश यानी गंगा शिपिंग लॉजिस्टिक्स एंड सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के कुल 3,00,000 शेयर | बी | 1,75,75,499 | 17,57,550 | 1,00,000 |
| सीडी के गैर-वर्तमान निवेश यानी निरसन इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के कुल 3,50,000 शेयर | सी | 1,62,03,774 | 16,20,377 | 1,00,000 |
| सीडी के गैर-वर्तमान निवेश यानी वी जी रियल एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड के कुल 2,09,600 शेयर | डी | 1,25,59,631 | 12,55,963 | 1,00,000 |
| सीडी के गैर-वर्तमान निवेश यानी कलावती इस्पात एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड के कुल 37,400 शेयर | ई | 24,80,260 | 2,48,026 | 1,00,000 |

नियम और शर्तें- 1. ई-नीलामी 'जहाँ है जैसा है', 'जो है जैसा है', 'जो भी है' और 'बिना किसी सहारे के' आधार पर आयोजित की जाएगी क्योंकि ऐसी बिक्री BAANKNET द्वारा IBBI ई-नीलामी पोर्टल (https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home) पर अनुमोदित सेवा प्रदाता के माध्यम से किसी भी प्रकार की वारंटी और क्षतिपूर्ति के बिना होगी। 2. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (परिसमापन प्रक्रिया) विनियम, 2016, अनुसूची I 'बिक्री का तरीका' खंड 1(5A) के अनुसार, बोलीदाताओं को यह घोषित करना होगा कि वे धारा 29A के तहत अयोग्य नहीं हैं; हालाँकि, यदि बाद में अपात्रता स्थापित हो जाती है, तो जमा की गई कोई भी अग्रिम राशि जब्त कर ली जाएगी। 3. कृपया ध्यान दें कि अग्रिम राशि सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ केवल बैंकनेट नीलामी मंच के माध्यम से ही जमा करनी होगी।

सही/-
संजय गुप्ता
परिसमापक, वंदना विद्युत लिमिटेड मामले में
IBBI (पंजीकरण संख्या IBBI/IPA-001/IP-P00117/2017-2018/10252)
पता: AAA हाउस, 64, ओखला एस्टेट मार्ग, मोदी मिल्स के पीछे, ओखला फेज III, ओखला इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली, दिल्ली 110020
संपर्क व्यक्ति: मो. वसीम, श्री असीम व श्री रितु राज (+91-8800865284)

दिनांक :22.11.2025
स्थान : नई दिल्ली





### वैश्विक वृद्धि और अमेरिकी शुल्क वृद्धि के प्रभाव को देख बढ़ाया अनुमान

# इंडिया रेटिंग्स ने भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर किया सात प्रतिशत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने मंगलवार को चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के अनुमान को बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया। जून तिमाही में उच्च वृद्धि और वैश्विक वृद्धि और व्यापार पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि के कम प्रभाव को देखते हुए यह अनुमान बढ़ाया गया है। इंडिया रेटिंग्स के बयान के अनुसार, उसे उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी सालाना आधार पर सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह उसके पिछले अनुमान 6.3 प्रतिशत (जुलाई, 2025 में जारी) से 0.7 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष में भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है।

■ वित्त वर्ष 2025-26 में जीडीपी सालाना आधार पर 7% की दर से बढ़ेगी

**कम मुद्रास्फीति के कारण जीडीपी में होगी वृद्धिः** इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने और कम मुद्रास्फीति के कारण वित्त वर्ष 2025-26 में निजी अंतिम उपभोग व्यय (पीएफसीई) में सालाना आधार पर 7.4 प्रतिशत की वृद्धि होगी जो बीते वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत थी।




### शुल्क युद्ध व पूंजी निकासी प्रमुख जोखिम

आर्थिक वृद्धि अनुमान में तीव्र वृद्धि के दो प्रमुख कारण हैं। जून तिमाही में अपेक्षा से अधिक तीव्र जीडीपी वृद्धि और वैश्विक वृद्धि और व्यापार पर अमेरिकी शुल्क वृद्धि का प्रभाव पहले के अनुमान से कम होना है। इंडिया रेटिंग्स ने जुलाई में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था और इसके लिए शुल्क युद्ध और किसी भी पूंजी निकासी के प्रमुख जोखिम को जिम्मेदार ठहराया था।

### मांग में सुधार कमजोर रहा तो आ सकती है गिरावट

रेटिंग एजेंसी का मानना है कि वित्त वर्ष 2025-26 की वृद्धि दर के लिए जोखिम समान रूप से संतुलित हैं। एजेंसी ने कहा, ''भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में तेजी और सर्दियों के महीनों में अनुकूल मौसम की स्थिति जीडीपी वृद्धि को सात प्रतिशत से ऊपर ले जाने की क्षमता रखती है। हालांकि, अगर मांग में सुधार (उपभोग और निवेश) अपेक्षा से कमजोर रहा, तो इससे जीडीपी वृद्धि दर में गिरावट आ सकती है।''

### वैश्विक परिदृश्यों में बदलाव आया

इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि जुलाई, 2025 में उसके अंतिम अनुमान के बाद से घरेलू और वैश्विक दोनों परिदृश्यों में काफी बदलाव आया है। अमेरिका के सभी देशों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि के कारण अनिश्चित वैश्विक परिदृश्य प्रमुख बाधाएं हैं। भारत पर अगस्त, 2025 से जो शुल्क लगाया गया है, वह सबसे अधिक में से एक है।

### आंकड़ा 28 नवंबर को जारी किया जाएगा

भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही जो पांच तिमाहियों में सबसे तेज वृद्धि है। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के जीडीपी वृद्धि का आधिकारिक आंकड़ा 28 नवंबर को जारी किया जाएगा।

### ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई में आई है कमी

रेटिंग एजेंसी के मुख्य अर्थशास्त्री और सार्वजनिक वित्त मामलों के प्रमुख देवेंद्र कुमार पंत ने कहा कि जुलाई के अनुमान के बाद से आर्थिक परिस्थितियां काफी अनुकूल हुई हैं। इनमें उम्मीद से अधिक तेजी से मुद्रास्फीति में गिरावट, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में वास्तविक मजदूरी दर में वृद्धि और जीएसटी को युक्तिसंगत बनाना शामिल हैं।

## एशियन पेंट्स ने बीसीसीआई को बनाया पार्टनर बने भारतीय क्रिकेट टीम के कलर पार्टनर



**मुंबई।** दशकों से भारतीय घरों में रंगों, रचनात्मकता और भावनाओं को सेलिब्रेट करने वाले एक ब्रांड के रूप में, एशियन पेंट्स अब देश के सबसे बड़े जुनून 'क्रिकेट' से जुड़ रहा है और अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है। यह प्रभावशाली सहयोग रंग और क्रिकेट से जुड़ी भावना पर आधारित है जिसमें प्रेरणा और अभिव्यक्ति दोनों ही है और यही भाव पूरे भारत के फैन्स को एकजुट करता है। एशियन पेंट्स और इंडियन क्रिकेट दोनों ही सच्चे लीडरशिप का प्रतीक हैं क्योंकि दोनों ही अपने साहसिक निर्णयों और वाइब्रेंट एक्सप्रेशन के लिए जाने जाते हैं। यह मजबूत साझेदारी अरबों दिलों को जोड़नेवाले रंगों को सेलिब्रेट करती है। इस साझेदारी पर बात करते हुए, एशियन पेंट्स लिमिटेड के एम.डी. और सी.ई.ओ., अमित सिंगल ने कहा, "क्रिकेट अरबों दिलों को जोड़ता है और हम बीसीसीआई के साथ एक ऐसे मंच परसाझेदारी करके रोमांचित हैं जो इस भावना को जीवंत करता है। एशियन पेंट्स में हम हमेशा सेरंगों की शक्ति में विश्वास करते रहे हैं जो लोगों के जीने के तरीके, महसूस करने और खुद कोअभिव्यक्त करने के तरीके को आकार देती है और यह साझेदारी इस विश्वास को और मजबूत करतीहै। बीसीसीआई के साथ हमारी साझेदारी एक नए रोमांचक अध्याय की शुरुआत करती है। जहांहम रंगों की दुनिया को भारत के सबसे पसंदीदा खेल के केंद्र में लाते हैं। आधिकारिक कलर पार्टनर के रूप में, हम फैन्स और कस्टमर्स के साथ सार्थक तरीके से जुड़ना चाहते हैं, ताकि क्रिकेट की भावना और ऊर्जा को सेलिब्रेट कर सकें और खेल के हर पल में और ज़्यादा खुशी और जीवंतता जोड़ सकें। एशियन पेंट्स में हमारा मानना है कि घर सिर्फ़ कोई जगह नहीं हैं, बल्कि यह वो स्थान हैं जहां 1.4 अरब सपने एक साथ खिलखिलाते और खुशियां मनाते हैं। इतने सारे लोगों के जुनून में हम रंग का असली मकसद जान चुके हैं और वो है कनेक्शन यानी जुड़ाव।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)**
**जिला पंचायत भवन, भू-तल कलेक्टोरेट परिसर**
E-mail :- raipurresdivision@gmail.com, ee-res.raipur@nic.in

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

क्रमांक 3335/निविदा/ग्रायांसे/2025 रायपुर, दिनांक 24/11/2025

कार्यालयीन आदेश क्रमांक 3290/निविदा/ग्रायांसेवा/2025 रायपुर, दिनांक 18/11/2025 द्वारा सिस्टम टेण्डर नंबर 180016, 180017, 180022 एवं 180019 निविदा आमंत्रित किया गया है। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

जी. 252604993/3

कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग-रायपुर (छ.ग.)

## सोनालीका ने एग्रोविजन में पेश किया सीएनजी/सीबीजी ट्रैक्टर




**नई दिल्ली।** भारत से ट्रैक्टर निर्यात में नंबर-1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स ने नागपुर में आयोजित 16वें एग्रोविजन 2025 एग्री समिट में खेती के भविष्य को नया आयाम देने वाली महत्वपूर्ण पहल की है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में कंपनी ने अपना नया सीएनजी/सीबीजी ईंधन से संचालित ट्रैक्टर लॉन्च किया।

यह तकनीक भारत सरकार के सतत विकास और गोबरधन कार्यक्रमों को नई गति देने के साथ स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देगी। सोनालीका का नया ट्रैक्टर खासतौर पर हैवी-ड्यूटी ढुलाई के लिए तैयार किया गया है। इसमें 2000 आरपीएम का शक्तिशाली इंजन, 12+3 कॉन्स्टेंट मेश ट्रांसमिशन और 14.9x28 पिछले टायर दिए गए हैं, जो अधिक भार वहन को सक्षम बनाते हैं। 40 किलोग्राम (14+27 किलोग्राम) ईंधन क्षमता के साथ यह लंबी दूरी की ढुलाई में दक्षता बढ़ाता है। एग्रोविजन 2025 में कंपनी ने ट्रैक्टर + ट्रॉली सिस्टम भी प्रदर्शित किया, जो ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से विकसित हो रहे सीएनजी ढांचे का लाभ उठाने में सहायक होगा। आईटीएल के जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर रमन मित्तल ने कहा कि यह ट्रैक्टर स्वच्छ, स्मार्ट और किफायती कृषि तकनीक की दिशा में अहम उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह मॉडल किसानों को कम परिचालन लागत, बेहतर प्रदर्शन और पर्यावरण अनुकूल विकल्प प्रदान करेगा।

## देश की 93 फीसदी कंपनियों का एआई पर भरोसा बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों में कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर भरोसा लगातार बढ़ रहा है और 93 प्रतिशत संगठनों को एआई निवेश से तीन साल से कम समय में सकारात्मक रिटर्न मिलने की उम्मीद है। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है। जर्मन सॉफ्टवेयर एवं व्यवसाय समाधान प्रदाता एसएपी (सैप) की 'वैल्यू ऑफ एआई रिपोर्ट 2025'' को ऑक्सफोर्ड इकॉनमिक्स के साथ मिलकर तैयार किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की कंपनियां वर्ष 2025 में एआई पर औसतन 3.1 करोड़ डॉलर खर्च कर रही हैं।




## एईआईएम रायपुर सुविधा केंद्र में निवेश बढ़ाएगी

**नई दिल्ली।** सेमीकंडक्टर सामग्री और इलेक्ट्रॉनिक कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी एईआईएम ने कहा कि वह वर्ष 2030 तक रायपुर में मौजूद अपनी सुविधा केंद्र में 10,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। कंपनी ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि उसे छत्तीसगढ़ के नवा रायपुर में कोसला इंडस्ट्रियल पार्क में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) से अपनी सेमीकंडक्टर सामग्री विनिर्माण सुविधा केंद्र लगाने के लिए 11.28 एकड़ प्रमुख औद्योगिक जमीन दी गई है।

**Chhattisgarh Grameen Aajeevika Samvardhan Samiti (CGSRLM-Bihan**

(Under the aegis of Panchayat & Rural Development Department, Govt. Of Chhattisgarh)
2nd Floor, Vikas Bhawan, Sector 19, North Block, Nava Raipur Atal Nagar, Chhattisgarh -492001
Phone No. 0771-2512395, 2960615
Email- mdsrlm.cg@nic.in, Website- www.bihan.gov.in

No.-1541/CGSRLM/Proc./Stat. Aud_CLF/RFP-04/2025-26 Dated: 25/11/2025

**Request for Proposal**
**For Empanelment of Chartered Accountancy Firms for Conducting Statutory Audit of Cluster Level Federations (CLF) formed under Chhattisgarh Grameen Aajeevika Samvardhan Samiti(CGSRLM-Bihan)**

Chhattisgarh Grameen Aajeevika Samvardhan Samiti (CGSRLM- Bihan) invites Proposals from eligible registered chartered accountancy firms for empanelment for conducting Statutory Audit of Cluster Level Federations (CLF) formed under **Chhattisgarh Grameen Aajeevika Samvardhan Samiti (CGSRLM-Bihan).**

Interested firms may submit their proposals in a sealed envelope clearly superscripted as "Proposal for CA Empanelment for Statutory Audit of CLF" on or before 22nd December, 2025 up to 15.00 hours. Firms may obtain further information and procedures for submitting the proposal from official website of CGSRLM-www.bihan.gov.in/ procurement/ tender.

सं- 46029

Mission Director, CGSRLM
Nava Raipur Atal Nagar (CG)

## सेबी ने फ्रैक्टल, अमागी मीडिया के निर्गम को दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** कृत्रिम मेधा (एआई) समाधान प्रदाता फ्रैक्टल एनालिटिक्स, सॉफ्टवेयर सेवा कंपनी अमागी मीडिया लैब्स और स्टेंट विनिर्माता सहजानंद मेडिकल टेक्नोलॉजीज को अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर डाले गए दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई।

## बजाज ऑटो ई-रिक्शा 'रिकी' की मौजूदगी 200 शहरों तक बढ़ाएगी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बजाज ऑटो लिमिटेड ने इस साल 'रिकी' के साथ ई-रिक्शा खंड में कदम रखा है। कंपनी का इरादा अगले साल जनवरी से मार्च तक 'रिकी' की मौजूदगी 200 शहरों तक पहुंचाने का है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। बजाज ऑटो के कार्यकारी निदेशक राकेश शर्मा ने बताया, ''कंपनी ने चार शहरों के साथ रिकी का पायलट परीक्षण शुरू किया था। अब चरण एक के तहत कंपनी ने अपनी मौजूदगी आठ शहरों तक कर दी है।'' रिकी के पूरे भारत में विस्तार की योजनाओं के बारे में पूछे जाने पर शर्मा ने कहा, हमने इसे चार शहरों में इसे पेश किया है। अब यह पटना, मुरादाबाद, गुवाहाटी और रायपुर समेत आठ शहरों तक पहुंच गया है। हम अभी पहले चरण में हैं, जहां एक या दो महीने तक हम यह देखेंगे कि ग्राहकों से क्या प्रतिक्रिया मिलती है।

■ कंपनी ने इस साल रिकी के साथ ई रिक्शा खंड में कदम रखा

**कार्यालय मुख्य अभियंता, लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 24.11.2025

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | नि.आ.सू. क्र. दिनांक | सिस्टम आई डी क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 116/CE/NH/TC/44-89/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH_886805_1 | Widening and strengthening with paved shoulder from km. 25.530 To km. 31.540 = 6.010 km. and reconstruction of box cell in km. 25.700, km. 25.925, km. 26.875, km. 27.150, km. 27.225, km. 28.900, km. 30.200, and 31.200 (HPC) Of NH-30 (Old NH-221) In the state of Chhattisgarh through EPC basis. | Rs. 30.09 Cr. |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 07.01.2026 शाम 11.00 बजे तक है।
2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure. gov.in/eprocure/app से डाऊनलोड की जा सकती है।

जी. 252605005/4

मुख्य अभियंता
लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र,
रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो. नि. वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-9996/NIT-13/2025-2026/ व ले लि दिनांक 21/11/2025

एकीकत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एनआईटी क्र. निविदा क्रं | कार्य का नाम/ No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 13 T0140 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग में स्थापित एयर कंडीशनिंग हेतु संधारण/मरम्मत का कार्य। प्रथम आमंत्रण | 10.00 |
| 13 T0141 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग के आवासीय भवनों में स्थापित वाटर पंप-सबमर्सिबल पंप, मोनोब्लॉक पंप, प्रेशर पंप इत्यादि हेतु संधारण मरम्मत का कार्य। प्रथम आमंत्रण | 3.50 |
| 13 T0142 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग के गैर आवासीय भवनों में स्थापित वाटर पंप-सबमर्सिबल पंप, मोनोब्लॉक पंप, प्रेशर पंप इत्यादि हेतु संधारण/मरम्मत का कार्य। प्रथम आमंत्रण | 1.50 |
| 13 T0143 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग में स्थापित एल.ई.डी. साइन बोर्ड हेतु संधारण मरम्मत का कार्य **प्रथम आमंत्रण** | 1.20 |
| 13 T0144 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग के गैर आवासीय भवनों में स्थापित सीलिंग फैन, एग्जॉस्ट फैन, डेजर्ट कूलर, गीजर, इत्यादि हेतु संधारण मरम्मत का कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | 2.50 |
| 13 T0145 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग के आवासीय भवनों में स्थापित सीलिंग फैन, एग्जॉस्ट फैन, डेजर्ट कूलर, गीजर, इत्यादि हेतु संधारण/मरम्मत का कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | 1.00 |
| 13 T0146 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग के गैर आवासीय भवनों में स्थापित विद्युत कण्ट्रोल पैनल, स्विच गियर, केबलिंग इत्यादि हेतु संधारण/मरम्मत का कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | 2.50 |
| 13 T0147 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग के आवासीय भवनों में स्थापित विद्युत कण्ट्रोल पैनल, स्विच गियर, केबलिंग इत्यादि हेतु संधारण/मरम्मत का कार्य । **प्रथम आमंत्रण** | 2.00 |
| 13 T0148 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग में स्थित आवासीय भवनों में विद्युतीकरण संधारण/मरम्मत का कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | 5.20 |
| 13 T0149 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग में स्थित गैर आवासीय भवनों में विद्युतीकरण संधारण/मरम्मत का कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | 9.80 |
| 13 T0150 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग में स्थापित 10,25, एवं 200 के.वी.ए. क्षमता के 05 डी.जी. सेटों का रखरखाव/संधारण का कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | 5.00 |
| 13 T0151 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग कर्मशाला रायपुर के अंतर्गत सिरपुर भवन एवं सिविल लाइन अनुभाग में स्थापित 10,25, एवं 200 के.वी.ए. क्षमता के 05 डी.जी. सेटों का रखरखाव/संधारण का कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | 5.00 |
| 13 T0152 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग विधानसभा रायपुर अंतर्गत नवीन विश्राम भवन सिविल लाइन रायपुर में सीलिंग फैन, एग्जॉस्ट फैन, गीजर एवं अन्य विद्युत उपकरणों का वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य । **प्रथम आमंत्रण** | 8.00 |
| 13 T0153 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग विधानसभा रायपुर अंतर्गत न्यू कन्वेंशन हॉल एवं नवीन विश्राम भवन सिविल लाइन रायपुर में स्थापित लिफ्ट का वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | 8.00 |
| 13 T0156 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग विधानसभा रायपुर अंतर्गत नवीन विश्राम भवन सिविल लाइन रायपुर में लगे हुए डी.जी. सेट का वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | 7.50 |
| 13 T0155 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग विधानसभा रायपुर अंतर्गत नवीन विश्राम भवन सिविल लाइन के कन्वेंशन हॉल, कांफ्रेंस हॉल एवं मिनी कांफ्रेंस में ऑडियो विडियो व एल.ई.डी. वाल सिस्टम का वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | 9.20 |
| 3 T0156 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग विधानसभा रायपुर अंतर्गत नवीन विश्राम भवन सिविल लाइन रायपुर में यू.पी.एस., इन्वर्टर एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम का वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य। प्रथम आमंत्रण | 5.90 |
| 3 T0157 | लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग विधानसभा रायपुर अंतर्गत नवीन विश्राम भवन सिविल लाइन रायपुर में अग्निशामक यंत्र का वार्षिक रिफिलिंग एवं रखरखाव का कार्य । प्रथम आमंत्रण | 2.80 |

**नोट :-** निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी दिनांक **05/12/2025** अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।
इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्त- 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी ।

जी- 252604988/5

**कार्यपालन अभियंता**
**लो. नि. वि. वि/यां संभाग रायपुर छ ग**


## राशिफल


**मेष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहें हैं।


**वृष** कारोबार से आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव ये परेशान हो सकते हैं। खर्चों की अधिकता एवं आय में कमी से चिन्तित रहेंगे।


**मिथुन** कारोबार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में सुधार होगा। भाग-दौड़ की अधिकता रहेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।


**सिंह** सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में सौम्यता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी भी आ सकती है। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे।



**कन्या** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। खर्च की अधिकता से परेशान हो सकते हैं।


**तुला** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन में प्रसन्नता के भाव रहेंगे।


**वृश्चिक** कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। वाणी में कठोरता का प्रभाव रहेगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।



**धनु** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन कष्टमय रहेगा।


**मकर** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु परिवार में सामन्जस्य बनाये रखने के प्रयास करें। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में वृद्धि होगी।


**कुंभ** परिवार का साथ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयां आ सकती हैं।


**मीन** परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। मन में नकारात्मकता का प्रभाव रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 6059



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 6058 का हल



## सूडोकु नवताल - 6069

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6068 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

## खबर संक्षेप

### किसानों की समस्याओं को बृजमोहन ने प्रखरता से रखा

**रायपुर।** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में जैविक एवं जैव उर्वरकों को बढ़ावा विषय पर केंद्रित रसायन एवं उर्वरक संबंधी संसदीय स्थाई समिति की बैठक में प्रदेश के किसानों की समस्याओं को प्रखरता से रखा। श्री अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के किसानों की समस्याओं, अनुभवों और आकांक्षाओं को अत्यंत मजबूती से रखा और कई निर्णायक सुझाव दिए। श्री अग्रवाल ने जैविक उर्वरकों की उपलब्धता ग्रामीण क्षेत्रों तक सरलता से सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने राज्यवार आवश्यकता के अनुसार उत्पादन क्षमता बढ़ाने तथा प्रमाणीकरण प्रक्रिया को तेज और किसान-हितैषी बनाने पर जोर दिया। साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण के लिए तकनीकी निगरानी तंत्र को सुदृढ़ करने की बात कही और किसान उत्पादक संगठन तथा महिला स्व-सहायता समूहों को जैविक उर्वरक उत्पादन में जोड़ने का प्रस्ताव रखा।

### तार्किक और मनमाने ढंग से बढ़ाई जमीन की दरें

**रायपुर।** जमीन की गाइड लाइन दरों में की गई बेतहाशा बढ़ेतरी का विरोध कर रहे व्यापारियों की मांगों और उनके आंदोलन का कांग्रेस समर्थन करती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, सरकार ने अतार्किक तरीके से जमीनों की नई गाइड लाइन दर का निर्धारण किया है, इससे पूरे प्रदेश में असंतोष है। सरकार के इस फैसले से जमीन व्यवसायी, किसान और उद्योग लगाने वाले सभी परेशान हैं। दुर्ग में गाइड लाइन का विरोध कर रहे व्यापारियों ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के काफिले को रोककर नारेबाजी की, रायपुर में भी व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन कर हस्ताक्षर अभियान चलाया। उन्होंने कहा, न किसी से चर्चा, न सुझाव, न ही दावा आपत्ति का अवसर, अचानक अनुचित फैसले थोप दिये गये। सरकार पहले भूमि के गाइड लाइन दरों में कांग्रेस सरकार के समय दी जाने वाली 30 प्रतिशत छूट को समाप्त कर दिया। अब अचानक से जमीनों की सरकारी कीमत 10 से 100 प्रतिशत बढ़ा दिया, मतलब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आने के बाद भूमि की सरकारी कीमत 40 से 130 प्रतिशत बढ़ गयी, इससे जमीन व्यवसाय ठप हो गया।

### पायलट दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर

**रायपुर।** सचिन पायलट 26 नवंबर को दोपहर 12:30 बजे रायपुर पहुंचेंगे, जहां से सीधे धमतरी के लिए रवाना होंगे। धमतरी में वे संविधान बचाओ दिवस के आयोजन में शामिल होंगे और इसके बाद एसआईआर अभियान की समीक्षा बैठक लेंगे। धमतरी के कार्यक्रमों के बाद पायलट कांकेर जाएंगे, जहां पार्टी पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक होगी। कांकेर से पायलट देर शाम जगदलपुर पहुंचेंगे। यहां वे अगले दिन यानी 27 नवंबर को एसआईआर अभियान की विस्तृत समीक्षा करेंगे। शाम को दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## पीएम और गृहमंत्री की सुरक्षा एसपीजी के हवाले

# डीजीपी-आईजी कांफ्रेंस की तैयारी का एसपीजी ने लिया जायजा, आज और कल रिहर्सल

**हरिभूमि न्यूज: रायपुर**

### एसपीजी ने किया कार्यक्रम स्थलों को निरीक्षण




रायपुर में 28 से 30 नवंबर तक नवा रायपुर स्थित आईआईएम परिसर में 60वां अखिल भारतीय डीजीपी-आईजी सम्मेलन आयोजित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इस तीन दिवसीय बैठक में शामिल होंगे। सम्मेलन से पहले 26 और 27 नवंबर को रिहर्सल रखी गई है। मंगलवार को एसपीजी की टीम रायपुर पहुंच गई है, जिसने कार्यक्रम स्थल और सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। कांफ्रेंस को लेकर नया रायपुर पूरी तरह सील रहेगा। उससे पहले सिविल लाइंस स्थित सी-4 डायल 112 कंट्रोल रूम में अधिकारियों की बैठक होगी।

सम्मेलन में देशभर के डीजीपी और आईजी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अहम मसलों पर चर्चा करेंगे। साइबर सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी रणनीति, ड्रग्स नियंत्रण और सीमा प्रबंधन प्रमुख एजेंडा होंगे। पहले दिन 2, दूसरे दिन 4 और तीसरे दिन 2 सत्र होंगे। अमित शाह तीनों दिन मौजूद रहेंगे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी दो दिन शामिल हो सकते हैं। सभी राज्य अपराध नियंत्रण और सुरक्षा उपायों पर प्रेजेंटेशन देंगे। एक मॉडल स्टेट के आधार पर कॉमन गाइड लाइन तैयार की जाएगी। उद्घाटन सत्र में अमित शाह और समापन सत्र में प्रधानमंत्री मोदी शामिल होंगे। सम्मेलन के दौरान विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह का बंगला अस्थायी पीएमओ के रूप में उपयोग होगा।

वहीं पीएम मोदी और कई वीवीआईपी 28–29 नवंबर को रायपुर पहुंचेंगे। जिसके चलते वीवीआईपी सुरक्षा के लिए शहर में कारकेड की व्यवस्था की गई है। अफसरों के लिए विशेष बस सेवा तैयार किया गया है। 27 नवंबर से एयरपोर्ट पर अफसरों और मेहमानों के स्वागत के खास इंतजाम होंगे। सुबह वीवीआईपी आगमन, शाम को वापसी, आम जनता की आवाजाही पर न्यूनतम असर रहेगा। रूट डायवर्जन, होटल व्यवस्था और उच्च स्तरीय सुरक्षा के लिए सभी विभाग अलर्ट पर हैं।

प्रधानमंत्री एम-1, केंद्रीय गृहमंत्री एम-11 में ठहरेंगे। नए सर्किट हाउस में एनएसए अजीत डोभाल, डिप्टी एनएसए अनीश दयाल सिंह, आईबी चीफ तपन डेका, केंद्रीय गृह सचिव और दोनों केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के ठहरने की व्यवस्था की गई है। सर्किट हाउस में 6 सूइट और 22 कमरे बुक किए गए हैं। ठाकुर प्यारेलाल संस्थान में 140 कमरे और निमोरा अकादमी में 91 कमरे बुक हैं। यहां 33 राज्यों से आने वाले डीजीपी, पैरामिलिट्री फोर्स के 20 डीजी/एडीजी समेत 75 पुलिस अधिकारी ठहरेंगे।

### कॉन्फ्रेंस में जुटेंगे साढ़े पांच सौ अफसर

साथ ही रुकने वाले स्थानों की सुरक्षा के लिए जवानों की तैनाती की जाएगी. राज्य पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बल की 5 कंपनी को ड्यूटी में उपलब्ध कराया जाएगा। 28 से 30 नवंबर तक होने वाले सम्मेलन स्थल पर सीआरपीएफ के जवानों के साथ ही आईबी की टीम तैनात रहेगी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सुरक्षा की जिम्मेदारी एसपीजी के जिम्मे रहेगी। केंद्रीय फोर्स के जवान सहयोगी की भूमिका में रहेंगे। सम्मेलन की सुरक्षा एडीजी दीपांशु काबरा और आईजी अमरेश मिश्रा की कमान में रहेगी। केंद्रीय फोर्स, इंटेलिजेंस एजेंसियों और राज्य पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी इनके पास होगी।

## किसान सोसाइटी से टोकन लेकर भी बेच सकते हैं धान, 50 दिन में खरीदी पूरी करने का है लक्ष्य



**हरिभूमि न्यूज: रायपुर**

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए किसानों को आनलाइन टोकन हासिल करना ही आवश्यक नहीं है। किसान उपार्जन केंद्र (सोसाइटी से सीधे प्राप्त कर सकते हैं, या टोकन तुहर हाथ मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं भी टोकन ले सकते हैं। यह मोबाइल ऐप गूगल प्ले स्टोर में उपलब्ध है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में प्रदेश में धान उपार्जन प्रक्रिया को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित करने के लिए राज्य शासन द्वारा धान खरीदी 15 नवंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। लगभग 50 कार्य दिवसों में खरीदी कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

### किस किसान को कितने टोकन

राज्य शासन के निर्देशों के अनुसार किसानों की भूमि धारिता के आधार पर टोकन जारी किए जा रहे हैं। 2 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को एक टोकन, 2 से 10 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को अधिकतम 2 टोकन और 10 एकड़ से अधिक भूमि वाले किसानों को अधिकतम 3 टोकन जारी किए जा रहे हैं। खरीदी से संबंधित शिकायतें एवं सुझाव खाद्य विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-233-3663 पर भी दी जा सकती हैं। इसके साथ ही जिले में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तथा कॉल सेंटर का गठन किया गया है, जो धान की रीसाइक्लिंग पर रोक, कोचियों,बिचौलियों की गतिविधियों की निगरानी और धान के उठाव एवं परिवहन की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर रहा है।

### धान सुखाकर लाएं, 17 प्रतिशत नमी होगी मान्य

किसानों से कहा गया है कि उपार्जन केंद्र में धान लाते समय किसान-धान को अच्छी तरह सुखाकर लाएं, जिसमें नमी 17 प्रतिशत से अधिक न हो, धान साफ-सुथरा एवं अशुद्धियों से मुक्त हो। साथ में टोकन, ऋण पुस्तिका एवं आधार कार्ड अवश्य रखें। किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित निर्देशों का पालन करते हुए समय पर धान विक्रय करें, जिससे खरीदी कार्य सुचारू एवं बाधारहित पूर्ण किया जा सके।

## ठंड में हार्ट का जोखिम, सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में हार्ट अटैक के रोज तीन केस

### नसों में सिकुड़न से दिल पर अतिरिक्त दबाव और खून गाढ़ा होने से क्लाटिंग का खतरा

**हरिभूमि न्यूज: रायपुर**



ठंड का मौसम शुरू होते ही हृदय संबंधी रोगों का जोखिम बढ़ गया है। लगातार ठंड के संपर्क में रहने से नसों में सिकुड़न और खून गाढ़ा होने की समस्या हो सकती है, जो हार्ट फेल्यिर अथवा अटैक का कारण बन सकता है। आंबेडकर अस्पताल के एसीआई में हार्ट अटैक जैसी शिकायत के साथ औसतन तीन मरीज पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों की मानें, तो अक्टूबर से जनवरी के बीच एसीआई की ओपीडी में मरीजों की संख्या डेढ़ से दो गुना बढ़ जाती है।

ठंड का मौसम कई तरह की बीमारियों को गंभीर करने की वजह बनता है। इनमें सबसे जोखिम हार्ट संबंधी रोगों का जिसका सही समय पर इलाज नहीं होने पर काफी नुकसान उठाना पड़ता है। राज्य में नवंबर की शुरुआत में काफी ठंड पड़ी थी और कई इलाकों में शीतलहर जैसे हालात बने थे। चिकित्सकों की मानें, तो ज्यादा ठंड सीधे हार्ट की नसों को प्रभावित करती है। आमतौर में ठंड की वजह से नसों में सिकुड़न होती है, जिससे शरीर के विभिन्न अंगों में अकड़न की समस्या होती है। सिकुड़न अगर हृदय की नसों से संबंधित है, तो हार्ट फेल्यिर जैसी बड़ी समस्या का कारण बन सकता है। इसी तरह ठंड के सीधे और ज्यादा संपर्क में रहने की वजह से खून गाढ़ा होने की शिकायत भी होती है, जो ब्लाकेज यानी हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। आंबेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में इस तरह के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। यहां हार्ट अटैक जैसी समस्या लेकर रोजाना औसतन तीन मरीज पहुंच रहे हैं। आंकड़ों के अनुसार इस महीने एसीआई में करीब 50 लोगों की एंजियोग्राफी अथवा एंजियोप्लास्टी की जरूरत पड़ी है। डाक्टरों की मानें, तो अक्टूबर से जनवरी के चार महीने में हृदय संबंधी शिकायतों के मरीजों की संख्या डेढ़ से दो गुनी बढ़ जाती है।

हृदय रोग के अलावा ठंड के मौसम में श्वांस संबंधी परेशानी बढ़ जाती है। इस मौसम में अस्था अटैक का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे पुराने रोगियों को ठंड में सावधानी बरतने की नसीहत दी जाती है। टीबी एवं चेस्ट रोग विभागाध्यक्ष डा. आरके पांडा के मुताबिक बीते दिनों जोरदार ठंड के दौरान मरीजों की संख्या 20 फीसदी तक बढ़ी थी। इन मरीजों को ठंड के साथ एलर्जी से बचकर रहना चाहिए। यह मौसम उन मरीजों के लिए भी थोड़ी परेशानी का कारण बन जाता है जिनकी हड्डियों अथवा जोड़ों की सर्जरी हुई रहती है। ठंड में नमी की कमी होने से हड्डियां सिकुड़ती हैं जिससे समस्याएं पैदा होती हैं।

बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जरूरी एहतियाती दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि शीतलहर के दौरान लोग अनावश्यक घर से बाहर न निकलें और यात्रा से यथासंभव बचें। ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करें और शरीर को गर्म रखने के लिए गर्म तरल पदार्थों का सेवन लगातार करते रहें। यदि किसी व्यक्ति को अत्यधिक कंपकंपी, उंगलियों में पीलापन या सफेदपन, सुन्नता जैसे लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें। कई लोग ठंड से बचने के लिए कोयला जलाकर आग सेंकते हैं, लेकिन बंद कमरे में कोयला जलाना अत्यंत खतरनाक है, क्योंकि इससे निकलने वाली कार्बन मोनोऑक्साइड गैस जहरीली होती है और जानलेवा भी साबित हो सकती है। हाइपोथर्मिया की स्थिति में व्यक्ति को तुरंत गर्म स्थान पर लिटाएं और कंबल या गर्म कपडों से ढंक दे, जिससे शरीर का तापमान सामान्य हो सके। मांसपेशियों में अकड़न होने पर भी डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।


**कार्यालय, नगर पंचायत सरिया, जिला- सारंगढ-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

E-mail-cmonpsariya@gmail.com

क्रमांक क्रमांक/2293 / लो.नि.वि./न.पं. / 2025-26 सरिया, दिनांक 24/11/2025

**// पंचम ई-निविदा आमंत्रण सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु0लागत (रू0 लाख में) | निविदा ऑनलाईन सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 180350 | Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) work including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Sariya under SBM 2.0.(5th Call) | 195.54 Lakh | 05-12-2025 17:30 PM |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरिया


## पंजीकृत आवासीय समितियों में मेंटनेंस शुल्क को लेकर रजिस्ट्रार, फर्म सोसाइटी ने मांगे प्रस्ताव

**हरिभूमि न्यूज: रायपुर**

### अधिनियम में सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक प्रयोजनों का उल्लेख

पंजीकृत आवासीय समितियों द्वारा मेंटेनेंस शुल्क लिए जाने के संबंध में रजिस्ट्रार, फर्म्स और सोसाइटी ने समितियों से उनके उपनियमों में संशोधन के प्रस्ताव मांगे हैं। यह कदम मेंटेनेंस शुल्क के संबंध में पारदर्शिता लाने और एक समान नीति बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है, क्योंकि इस मुद्दे पर अक्सर समितियों के बीच विवाद होते रहते हैं।

शुल्क लेना अनिवार्यः एक हाउसिंग सोसाइटी का हिस्सा होने के नाते, निवासियों के लिए रखरखाव शुल्क (मेंटेनेंस चार्ज) का भुगतान करना अनिवार्य है, क्योंकि इसका उपयोग सुरक्षा, सफाई, पानी की आपूर्ति और अन्य साझा सुविधाओं के प्रबंधन के लिए किया जाता है। रजिस्ट्रार ने समितियों से उनके मौजूदा उपनियमों में संशोधन के लिए प्रस्ताव 15 दिन में भेजने कहा है। इन प्रस्तावों में रखरखाव शुल्क की संरचना, बकाया राशि पर जुर्माना और अन्य वित्तीय नियम शामिल हो सकते हैं। इसका उद्देश्य अधिनियम के तहत स्पष्टता लाना, विवादों को कम करना और समितियों के संचालन को सुव्यवस्थित करना है। रियल एस्टेट सेक्टर का रेगुलेशन कर इस सेक्टर में पारदर्शिता व दक्षता लाने तथा उपभोक्ताओं के हितों को संरक्षित करने के उद्देश्य से 1 मई 2017 से भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम लागू किया गया। अधिनियम की धारा 11 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार किसी रियल एस्टेट प्रोजेक्ट में 50 प्रतिशत से अधिक आबंटितियों (केताओं) द्वारा अपना प्लाट, अपार्टमेंट, भवन बुक कराने के 3 माह के अवधि के भीतर अनिवार्य रूप से उनका एसोसिएशन या सोसायटी या सहकारी सोसायटी बनाए जाने का प्रावधान है।


**कार्यालय नगर पंचायत राहौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

NIT NO-965 **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** RAHOUD, DATED, 24/11/2025

न.पं. राहौद में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) ओपन टेण्डर अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 180256 | नंगमचा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य 1st call (Amount 22.77 Lacs) Form-"A" | 24.11.2025 / 17:00 बजे से | 15.12.2025/ 17:30 बजे तक | 18.12.2025/ 12:30 बजे | 17.12.2025 / 16:30 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से सम्बन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं एवं Main Portal; https://eproc.cgstate.gov.in / www.uad.cg.gov.inपर उपलब्ध हैं। निविदा आमंत्रण सूचना निविदा का ही भाग होगा।

-:: सिंगल यूज प्लास्टिक प्रयोग प्रतिबंध है उपयोग नही करें पर्यावरण स्वच्छ बनाये जुर्माने से बचे ::-

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत राहौद, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)


## तरुण चुग बोले- घुसपैठिया, नकली और मृत वोट लोकतंत्र को खोखला कर रहे

**हरिभूमि न्यूज: रायपुर**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व एसआईआर के राष्ट्रीय प्रभारी तरुण चुग ने कहा, एसआईआर की प्रक्रिया लोकतंत्र के लिए अमतृ है। घुसपैठिया, नकली और मृत वोट लोकतंत्र को खोखला करने का काम कर रहे हैं। ये दीमक की तरह हैं। हर 20 साल बाद एसआईआर होता है। इससे घुसपैठिया, नकली और मृत वोट डिलीट होते हैं।

श्री चुग ने कहा, कांग्रेस नेता राहुल गांधी से लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तक घुसपैठियों का बचाने के लिए यात्राएं कर रहे हैं और बयान दे रहे हैं। ममता बनर्जी बंगाल के अंदर जिहादी मानसिकता को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। श्री चुग ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में एसआईआर रायपुर संभाग के टोली की बैठक ली। श्री चुग ने कहा, एसआईआर के माध्यम से हम लोकतांत्रिक व्यवस्था और निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक शुद्ध व मजबूत कर सकते हैं। उनका कहना है, मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र के लिए अमृत है। इस अभियान में हम सब की भूमिका महत्वपूर्ण है।

### सबकी सहभागिता जरूरी

श्री चुग ने कहा, एसआईआर के माध्यम से हम आने वाले हर लोकतंत्र के पर्व को और भी उत्साह से मना सकते हैं। जब-जब देश में चुनाव होगा, तो उस समय आज हो रहे एसआईआर की जरूरत अनुभव होगी। इसलिए लोकतंत्र के इस महायज्ञ में हम सब जरूर जुड़ें। श्री चुग ने कहा, फेक वोटर्स को डिलीट व डिटेक्ट करने के साथ ही पात्र मतदाताओं को जोड़ने का यह अभियान है, जिसके लिए आप सबकी सहभागिता जरूरी है।


**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भगवान दास अग्रवाल, आत्मज स्व. श्रीरामकिशन अग्रवाल, निवासी-अग्रोहा मार्ग, श्वेता नर्सिंग होम, वार्ड नं.-8, कोरबा टाउन, कोरबा, तह. एवं जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की सुनालिया चौक, नहर के पास, ग्राम-कोरबा तह. व जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं.- 634/8, कि रकबा 0.040 हेक्टेयर /0.10एकड़/4647.65 वर्गफुट एवं उसपर निर्मित तीन मंजिला नर्सिंग होम (भूतल 4647.65 वर्गफुट पर सर्वसुविधायुक्त अस्पताल भवन, प्रथम ताल पर 4647.65 वर्गफुट सर्वसुविधायुक्त अस्पताल भवन एवं द्वितीय तल पर 4647.65 वर्गफुट पर निर्मित टीनशेड युक्त अस्पताल भवन तथा तीनों तलो पर संचालित नर्सिंग होमका ओपीडी ऑपरेशन थियेटर आई.सी.यू एक्सरे, मेडीकल स्टोर, पैथोलॉजी लैब, लिफ्ट, रिसेप्शन, उपकरण ,मशीनरी, फर्नीचर, एवं इंफ्रास्ट्रक्चर आदिसहित संलग्न सूची अनुसार सम्पूर्ण सम्पत्ति (आगे सम्पत्ति से सम्बोधित), विक्रोयोपरांत हस्तान्तरण द्वितीय पक्ष दीपक जैन, दिलीप जैन एवं प्रदीप जैन, सभी आत्मज श्री सिरेमल जैन, को करने हेतु बयाना राशि हम क्रेतागण से अर्जित कर संपत्ति का पक्का सौदा करते हुए एकअनुबंध पत्र का निष्पदन हमारे हित में किया गया है। परिवर्तित भूमि होंने से शासन द्वारा प्रदत्त अनुमति के आधार पर संपत्ति के बिक्रीनामा का विधिवत पंजीयन क्रेतागण के नाम पर किया जाना श्री भगवानदास अग्रवाल अवं हम लोगो के माध्यम अनुबंधित है.इस सूचना के प्रकाशन के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित/किया जाता है की उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का किसी से लेन देन/संव्यवहार न करे ऐसे किसी संव्यवहार के कारण होने वाली किसी भी क्षति के सम्बन्ध में सम्बंधित व्यक्ति ही दायित्वधीन रहेंगे। उपरोक्त वर्णित भूमि के समस्त दस्तावेज मेरे कार्यालय में सुरक्षित है। उक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति या दावा हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अवधि में मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित हो। निर्धारित समय अवधि के पश्चात कोई आपत्ति/उजरदावा किसी भी वैधानिक प्रयोजना हेतु शून्य होगा.

कोरबा, दिनांक- 24/11/2025

श्री विरेन्द्र नारद, अधिवक्ता
कोरबा मो.नं.-9926909180
दीपक जैन
राजकेसर भवन, अकलतरा रोड बलौदा, तहसील- बलौदा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) मो.नं.-7999640661



**TRN Energy Private Limited**

Registered Office : 18 Vasant Enclave, Rao Tula Ram Marg : New Delhi-110057
Corporate Office : 7th Floor, Office Tower, Ambience Mall NH-8, Gurgaon-122002 (Haryana) Ph: 0124-2719000; Fax: 0124-2719185
E-Mail :trnenergy@acbindia.com&info@trnenergy.com

Ref. No.: TRNEPL/ASH/ENV/2026-27/02 Dated: 26.11.2025

**Description:** Open Action for Sale of the Ash (Dry Fly Ash, Bottom Ash and Pond Ash)

TRN Energy Private Limited Power Plant (TRNEPL) is operating 2x300 MW Thermal Power Plant at Village: Nawapara (Tenda), PO: Bhengari, Dist.: Raigarh, Chhattisgarh. Our daily ash generation is approximately 4,000 to 4,500 Metric Tonnes (approx. 1,20,000 1,39,500 MT monthly) and approx. 18,00,000 MT Ash is also available in our existing Ash Dykes for Sale (The quantity in whole or part may be allocated to one or more bidders).

Through advisory dated 15th March 2024, Ministry of Power has directed to the Thermal Power Plants to utilise ash by providing it to the 'user agency' as stipulated in the MoEF&CC notification dated 31.12.2021 and subsequent amendments dated 30.12.2022 & 01.01.2024 to a transparent bidding process. To comply with the guidelines of Ministry of Power, we wish to sale the Ash (Dry Fly Ash, Bottom Ash and Pond Ash) to the end users. The cost of above mentioned quantity of ash along with the cost of the ash transportation shall be borne by the end user/user agency.

The proposals are invited from the interested end users / user agency for the above mentioned quantity of ash from our plant located at Village: Nawapara (Tenda), PO: Bhengari, Dist.: Raigarh, Chhattisgarh. Interested bidders may submit their offers in sealed envelope, super scribing Ref No. TRNEPL/ASH/ENV/ 2026-27/02 dated 26.11.2025 on left hand top of the envelop and mentioning details of required quantity in metric tonne at the below mentioned address on or before closing time and date.

**Closing Date and Time for submission of proposal:** 10.12.2025 at 17:00Hrs.

**Contact Persons** : Mr. Deepak Sanganeria/Mr. Nagaprasad
**Contact No** : 7000016927/9885067246
**Email** : environment@trnenergy.com,
**Address** : TRN Energy Pvt. Ltd, Village-Bhengari, Tehsil Gharghoda, Dist.-Raigarh (CG)

Site: TRN Energy Pvt. Ltd., 2x300 MW Thermal Power Project, Bhengari, Nawapara (Tenda), Gharghoda, Raigarh-496111 (C.G.)
E-Mail: trnenergy.raigarh@gmail.com



**केनरा बैंक Canara Bank** (भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking) सिंडिकेट Syndicate

केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल फोन : 8989014648

**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) एवं 6(2) का परन्तुक देखें ]

**चल/अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 6(2) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **18.12.2025** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| ऋणी: **मेसर्स लालचंदानी केमिकल्स प्रोपराइटर- श्री संजय लालचंदानी** ब्लॉक बी, प्लॉट नंबर 10 औद्योगिक क्षेत्र सिलपहरी, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001 **श्री संजय लालचंदानी** | भूमि एवं भवन (लीज होल्ड संपत्ति) स्थित सिलपहारी औद्योगिक क्षेत्र, ब्लॉक बी, प्लॉट नंबर 10, खसरा नंबर 18 और 42 का भाग, मौजा- सिलपहारी, तहसील- बिल्हा, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 2000 वर्गमीटर 21528 वर्गफिट, संपत्ति मालिक- मेसर्स लालचंदानी केमिकल, द्वारा प्रोपराइटर- श्री संजय लालचंदानी पुत्र वीरदेव लाल लालचंदानी के नाम पर आवंटित, लीजहोल्ड पीरियड 06.05.2022 से शुरू होकर 05.05.2121 को समाप्त होगा **चर्तुसीमाएं:** पूर्व-प्लॉट नंबर 11, पश्चिम-प्लॉट नंबर 9, उत्तर-प्लॉट नंबर 43 ए बी और सी, दक्षिण- 24 मीटर चौड़ी सड़क<br>• भूमि/शेड-भवन का उपयोग केवल उद्योग स्थापित करने के लिए किया जा सकता है।<br>• सफल बोलीदाता द्वारा राज्य सरकार/उद्योग निदेशालय/जिला व्यापार और औद्योगिक केंद्र/सीएसआईडीसी लिमिटेड द्वारा आवंटित भूमि/शेड के लिए उस समय प्रचलित भूमि हस्तांतरण शुल्क और ब्याज सहित पुराने बकाया का भुगतान करना होगा।<br>• अनुमति उसी प्रयोजन के लिए होगी जिसके लिए भूमि/शेड भवन आवंटित किया गया है।<br>• खरीदार को संपत्ति का कब्जा प्राप्त होने की तारीख से 90 दिनों के भीतर भूमि आवंटन/हस्तांतरण के लिए आवेदन जमा करना होगा।<br>**BAANKNET PROPERTY ID: CNRB311983022** सांकेतिक कब्जा<br>**COORDINATES: 22.01818, 82.191135** | 24/06/2024<br>17/09/2024<br>दि. 25/11/2025 को ₹ 17,80,957.13 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | ₹ 49,60,000/-<br>₹ 4,96,000/-<br>₹ 10000/- |

धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 17/12/2025 या उससे पूर्व सायं 5.00 बजे तक
ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 18/12/2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 2.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)

(1) इच्छुक बोलीदाताओं को आरक्षित मूल्य की 10% अग्रिम राशि (ईएमडी) सीधे मेसर्स पीएसबी अलायंस प्राइवेट लिमिटेड (baanknet.com) पोर्टल के ई-वॉलेट में जमा करनी होगी या चालान जनरेट करके बोली जमा करने की उपरोक्त तिथि को उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करनी होगी।
(2) सफल बोलीदाता को बिक्री मूल्य का 25% (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) उसके पक्ष में बिक्री होने के तुरंत बाद जमा करना होगा और शेष राशि बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करनी होगी। यदि सफल बोलीदाता उपरोक्त अनुसार बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है, तो उसके द्वारा जमा की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
(3) सभी शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और कोई भी कर, राजस्व/किसी भी स्थानीय प्राधिकारी को बकाया आदि केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा।
(4) यहां संपत्ति का विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1% टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबपोर्टल http://BAANKNET.com देखें अथवा सम्पर्क करें- मुख्य प्रबंधक, केनरा बैंक, स्पेशलाइज्ड, ए.आर.एम. शाखा, प्लाट नं. 4, पीएसपी एरिया, एम्स के पास, साकेत नगर, भोपाल 8989014648, 8057766078, 9755569030 9691096410, 9123403299 (भोपाल), 7905027805 (जबलपुर एवं बिलासपुर), 7683068902 (रायपुर), 9140476074 (ग्वालियर), 9830130770 (इंदौर), 8073562754 (BHOPAL)

दिनांक : 25-11-2025, स्थान : भोपाल — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

# सोना 3,500 रुपए उछला और चांदी में 5,800 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली।** शादी-विवाह के मौसम की मांग के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा कारोबारियों की ताजा खरीदारी के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 3,500 रुपये बढ़कर 1,28,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। सराफा में तीन दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला टूट गया और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,500 रुपये बढ़कर 1,28,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गयी। सोने के साथ-साथ चांदी की कीमतों में भी लिवाली देखी गई। यह 5,800 रुपये बढ़कर 1,60,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) पर पहुंच गई। व्यापारियों ने कहा कि शादियों के मौसम के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की मांग बढ़ी है।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

सभी प्रकार की एलर्जी | डेंटल सुविधा भी उपलब्ध..
• जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग- • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना
• पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क: 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771-4060929, मो. 7389485756

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### पिता कीर्तिनारायण द्विवेदी...

पुत्रवधू कीर्ति द्विवेदी ग्वालियर स्थित हाईकोर्ट के प्रसिद्ध एडवोकेट हैं। पुत्री डा. राखी और दामाद डा. अविनाश शर्मा ख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ हैं।

### माड़ के 28 नक्सलियों...

पर विश्वास का एक स्पष्ट और सकारात्मक संकेत है। एसपी नारायणपुर रॉबिन्सन गुड़िया ने जानकारी दी कि आज की कार्रवाई के बाद वर्ष 2025 में जिले में कुल 287 माओवादी कैडर हिंसा त्यागकर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं। यह आंकड़ा बताता है कि क्षेत्र में विश्वास, शांति और विकास की प्रक्रिया लगातार गति पकड़ रही है। आईजी सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा कि नारायणपुर में 28 माओवादी कैडरों का पुनर्वास यह दशार्ता है कि हिंसक और जनविरोधी माओवादी विचारधारा का अंत अब निकट है। लोग पूना मारगेम पुनर्वास से पुनर्जीवन पहल पर भरोसा जताते हुए शांति, गरिमा और स्थायी प्रगति का मार्ग चुन रहे हैं।

### बीहड़ में जीना...

किलोमीटर जाकर वापसी में भी 35 किमी का सफर तय करना पड़ता है।

पिछले चार दशकों से ग्रामीण राशन के चावल पर निर्भर रहकर ही अपना पेट भरने के लिए कई समस्याओं से जूझ रहे हैं खास बात यह है कि जिस अंदरूनी ग्रामीण अंचलों से यह ग्रामीण चिंतलनार पंचायत तक राशन लेने आते हैं, उस गांव तक बारिश के दिनों में पैदल तथा अन्य सीजन में जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर की ट्रॉली में बैठकर सफर तय करना पड़ता है।

हम बात कर रहे है सुकमा जिले के धूर नक्सल प्रभावित और हाल ही में मारे गए खूंखार नक्सली लीडर माड़वी हिड़मा के गांव पूवर्ती से लगे जब्बागट्टा पंचायत की, जहां के ग्रामीण मुफ्त के राशन के लिए 70 किमी का सफर तय करते है। इसके लिए उन्हे प्रति सवारी 150 रुपए का भुगतान करना पड़ता है। देश के आजादी के 76 साल बाद भी अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए ग्रामीण सालों से जूझ रहे हैं। यह सफर तय करने के लिए ग्रामीणों को जब्बागट्टा से ट्रैक्टर में सवार होकर पूवर्ती होते हुए चिंतलनार तक जाना पड़ता है। इन ग्रामीणों को अपना पेट भरने के लिए हर महीने कई मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। मसलन बरसात के दिनों में जंगल के रास्ते पैदल सफर करना पड़ता है, हालांकि जंगल का रास्ता हाल ही में निर्माण हुए कच्चे रास्ते के 35 किमी की दूरी से कुछ कम होती है, लेकिन जंगल के रास्ते से आने के लिए ग्रामीणों को जंगली जानवरों व सांप बिच्छुओं का सामना भी करना पड़ता है। बहरहाल वर्तमान में हाल यह है कि इन ग्रामीणों को ट्रैक्टर में सफर करने की मजबूरी है। ट्रैक्टर चालक व ग्रामीणों ने बताया कि एक बार में लगभग 35 परिवार के लोग जब्बागट्टा से चितंलनार तक लगभग 70 किमी का सफर तय करते है और मुफ्त का राशन लेकर वापस आते है।

### सातवें किमी में...

लीडर सीसी मेंबर माड़वी हिड़मा के घर का बरामदा होता है। यहां बने सार्वजनिक हैण्डपम्प में हाथ मुंह धोकर ग्रामीण पीने का पानी भरते है, फिर अपने अगले पड़ाव की ओर रवाना होते है। यह वही जगह है जहां हिड़मा की मौत से कुछ दिन पूर्व गृहमंत्री विजय शर्मा ने चौपाल लगाई थी।

### जब्बागट्टा का 105...

है। एक बार में ट्रैक्टर में लगभग 35 परिवार ही जा पाते हैं, जिसके लिए उन्हें अलग अलग दिन या एक ही दिन में एक से अधिक ट्रैक्टर में जाना पड़ता है।

### राम मंदिर पर...

संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इसके पहले प्रधानमंत्री मोदी सप्त मंदिर पहुंचे और महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, देवी अहिल्या, निषादराज गुह और माता शबरी मंदिर में भी शीश झुकाये। मोदी ने मां अन्नपूर्णा के भी दर्शन किये। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में पहुंचकर भगवान राम लला की आरती और पूजन किया।

मोदी ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में कहा कि राम सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, एक मूल्य हैं, एक मर्यादा हैं, एक दिशा हैं और अगर भारत को 2047 तक विकसित बनाना है, अगर समाज को शक्तिशाली बनाना है तो हमें अपने भीतर राम को जगाना होगा। उन्होंने भगवान राम के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा, हमें अपने भीतर के राम की समीक्षा करनी होगी। इस संकल्प के लिए आज से बेहतर दिन क्या हो सकता है।

पीएम मोदी ने मंदिर निर्माण में योगदान देने वालों का उल्लेख करते हुए इस अवसर पर कहा, ''मैं इस खास मौके पर राम भक्तों को बधाई देता हूं, उन सभी को बधाई देता हूं जिन्होंने राम मंदिर निर्माण में दान दिया या किसी भी तरह से मदद की।'' प्रधानमंत्री ने समारोह में यह भी कहा, ''2047 तक जब हम भारत की आजादी के 100 साल पूरे कर लेंगे, तो हमें एक विकसित भारत बनाना होगा।'' उन्होंने कहा कि ''हमें याद रखना है जो सिर्फ वर्तमान का सोचते हैं, वे आने वाली पीढ़ियों के साथ अन्याय करते हैं। हमें वर्तमान के साथ-साथ भावी पीढ़ियों के बारे में सोचना है क्योंकि जब हम नहीं थे, यह देश तब भी था। जब हम नहीं रहेंगे, यह देश तब भी रहेगा।'' मोदी ने कहा, ''हमें एक जीवंत समाज के लिए दूरदृष्टि से काम करना होगा।

उन्होंने कहा, ''आज से 190 साल पहले 1835 में मैकाले नाम के एक अंग्रेज ने भारत को अपनी जड़ों से उखाड़ने के बीज बोये थे। कुछ दिन पहले हमने एक कार्यक्रम में आग्रह किया था कि आने वाले 10 वर्षों में भारत को गुलामी की मानसिकता से मुक्त करके रहेंगे।'' मोदी ने कहा, ''देश को आगे बढ़ना है तो अपनी विरासत पर गर्व करना होगा। हमें गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह मुक्त होना होगा।

**राम मंदिर का निर्माण हुआ पूरा-**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने कहा कि इस समारोह के साथ राम मंदिर का निर्माण औपचारिक रूप से पूरा हो गया। यह ध्वज पारंपरिक उत्तर भारतीय नागर शैली में बने शिखर पर फहराया गया, जबकि मंदिर के चारों ओर बना 800 मीटर का परकोटा (दक्षिण भारतीय वास्तु शैली में डिजाइन किया गया घेरा) मंदिर की शिल्प विविधता को दिखाता है। मंदिर परिसर में मुख्य मंदिर की बाहरी दीवारों पर वाल्मीकि रामायण पर आधारित भगवान श्री राम के जीवन से जुड़े 87 प्रसंग बारीकी से पत्थरों पर उकेरे गए हैं। घेरे की दीवारों पर भारतीय संस्कृति से जुड़े 79 कांस्य-ढाल वाले प्रसंग अंकित हैं।

**ध्वज की विशेषता—-**

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अनुसार ध्वज पर भगवान श्री राम की प्रतिभा और वीरता का प्रतीक चमकते सूर्य की तस्वीर है। इस पर कोविदार वृक्ष की तस्वीर के साथ ओम लिखा है। भगवा ध्वज रामराज्य के आदर्शों को दिखाते हुए गरिमा, एकता और सांस्कृतिक निरंतरता का संदेश देगा।

22 फीट लंबा-
11 फीट चौड़ा-
कोविदार वृक्ष, सूर्यवंश का प्रतीक और 'ॐ' अंकित

### छग में निवेश...

इस निवेश प्रस्ताव के साथ अब तक छत्तीसगढ़ को कुल 7.90 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं।

दिल्ली स्थित होटल द ललित में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में स्टील और टूरिज़्म सेक्टर को केंद्र में रखते हुए नए निवेश अवसरों पर फोकस किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उद्योग जगत के प्रमुख निवेशकों, विशेषज्ञों और उद्योग प्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। चर्चा के दौरान स्टील और टूरिज़्म सेक्टर की कई कंपनियों को निवेश प्रस्ताव पत्र सौंपे गए।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, भारत सरकार के केमिकल और उर्वरक मंत्रालय के सचिव अमित अग्रवाल, इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंडरिक भी उपस्थित रहे।

**कचरा से बिजली बनाने प्लांट लगेगा -**

ग्रीन एनर्जी इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने कचरे से बिजली उत्पादन करने 50 मेगावॉट के वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट की स्थापना के लिए 3,769 करोड़ का निवेश प्रस्तावित किया है। यह प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ में कचरा प्रबंधन और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। आरती कोटेड स्टील द्वारा 315 करोड़ निवेश प्रस्ताव दिया गया है। एसडीआरएम मेटैलिक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्टील प्लांट एवं पावर यूनिट के लिए 195.75 करोड़ का निवेश प्रस्ताव दिया है। आरएसएलडी बायोफ्यूल प्राइवेट लिमिटेड, चंडीगढ़ द्वारा इथेनॉल प्लांट हेतु 200 करोड़ का निवेश प्रस्ताव दिया। जेके लक्ष्मी सीमेंट, राजस्थान द्वारा क्षमता विस्तार हेतु 1816.5 करोड़ से अधिक निवेश प्रस्ताव दिया। अरमानी ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, रायपुर द्वारा मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण निर्माण हेतु 25 करोड़ का प्रस्ताव दिया।

**पर्यटन क्षेत्र में मिले 505 करोड़ के निवेश प्रस्ताव-**

मार्स विवान प्राइवेट लिमिटेड, रायपुर द्वारा 217 कमरों वाले होटल के लिए 220 करोड़ निवेश। हार्टफुलनेस इंस्टिट्यूट, तेलंगाना द्वारा वेलनेस रिसॉर्ट एवं शिक्षा केंद्र हेतु 200 करोड़ निवेश। विद्या इन, जशपुर द्वारा 52 कमरों के होटल हेतु 25 करोड़ निवेश। पीएसए रिज़ॉर्ट, जगदलपुर द्वारा 150 कमरों के एडवेंचर होटल एवं रिसॉर्ट हेतु 60 करोड़ निवेश, जिससे बस्तर में पर्यटन गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।

### छत्तीसगढ़ देश का...

दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है और राज्य सरकार होम-स्टे नीति, ट्राइबल टूरिज्म व सस्टेनेबल टूरिज्म पर फोकस कर रही है।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें

बाल्य रोगों व चुरना, दस्त (कृमि) के लिए विशेष लाभकारी
सुखौना टेबलेट
20 वर्षों से प्रसिद्ध 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** कैफे में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है। इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- हैप्पीएस्ट डिलाइट कैफे, ओल्ड हाईकोर्ट रोड गांधी चौक के पास बिलासपुर 9039064800 (39251)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर 407, 712 गाड़ी चलाने हेतु एवं साउण्ड, एलईडी स्क्रीन कार्य हेतु आपरेटर/हेल्पर चाहिए सम्पर्क करें- 12बजे से 3बजे तक सुरेश यादव, ट्रिनिटी कम्प्यूटर, कुबेर प्लाजा अग्रसेन चौक बिलासपुर (39250)

**आवश्यकता है-** मंगला चौक स्थित घर में कार्य हेतु (1) ड्राइवर (2) घरेलू कार्य एवं देखरेख हेतु लड़के या लड़कियां या छोटे परिवार की आवश्यकता है। रहने की सुविधा। सम्पर्क करें- 9753301111 (39252)

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में पैकिंग करने तथा माल ट्रांसपोर्ट लेजाने और आर्डर एवं वसूली करने हेतु लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार (पढ़ाई बाध्य नहीं है) सम्पर्क करें- 9111000629 (39255)

**आवश्यकता है-** ड्राइवर (माजदा/ आयशर-2, बड़ा दोस्त, पिकअप न्यू व्हीकल-2, चलाने हेतु) एवं सेल्स एग्जीक्यूटिव- 2 चाहिए अनुभवी को प्राथमिकता पता- प्रतीक ऑटोमोबाइल्स बबल आइलैंड के सामने सिरगिट्टी रोड बिलासपुर 8827773222, 9425530065 (39253)

**आवश्यकता है-** सलवार सूट, लहंगा, ब्लाउज, गाउन सिलाई हेतु अनुभवी महिला, पुरुष टेलर चाहिए। वेतन 25000 से 30000 (प्रोफेशनल सिलाई, कटिंग की बेहतरीन ट्रेनिंग उपलब्ध) पता- परफेक्ट बुटीक, मुंगेली नाका, बिलासपुर 7389444785 (39223)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है रिसेप्शनिस्ट 1, सेल्समेन/ सेल्सगर्ल 2 एवं प्यून (चपरासी) 1, वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गणेश चौक नेहरू नगर बिलासपुर 8770832241 (39246)

**आवश्यकता है-** Ocean Group Company को ऑफिस हेतु युवक, युवतियां चाहिए योग्यता 10वीं- ग्रेजुएट, आय 8500 से 18000+ रहना, खाना, उम्र 18-28, निःशुल्क भर्ती पता- न्यू बस स्टैण्ड तिफरा बिलासपुर, 8818877406, 9644433021 (39247)

**आवश्यकता है-** बागेश्वर बालाजी कोल एण्ड ट्रान्सपोर्ट में फिल्ड वर्क के लिए लड़को की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 8516900999 (39254)

**आवश्यकता है-** कार वॉशिंग सेन्टर में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- महर्षि चौक, मंगला बिलासपुर 8770279882 (39249)

**आवश्यकता है-** डेयरी में काम करने हेतु राऊत चाहिए उनकी फेमिली को भी यहां काम मिलेगा एवं रहने हेतु बिजली पानी लैट्रिन सहित सर्वसुविधायुक्त कवार्टर मिलेगा। राऊत का काम गाय दुहना, चारा कटिया, दाना गोबर सफाई सब करना पड़ेगा। रेजा को खेत से हरा चारा कटाई करनी पड़ेगी एवं चारा संबंधित सारा काम करना होगा। रोजी- प्रतिदिन राऊत 350/- रेजा 250 सम्पर्क करें- 95753 02419 (39245)

**आवश्यकता है-** मारुति वैन चलाने हेतु कुशल ड्राईवर की आवश्यकता है। आधार कार्ड एवं लाइसेन्स सहित सम्पर्क करें- बिलासपुर 8827030822 (39239)

**आवश्यकता है-** मेडिकल एजेन्सी में पेमेंट कलेक्शन पैकिंग, साफ सफाई, सेल्समेन (लोकल एवं बाहर टूर) हेतु स्टाफ की आवश्यकता है वेतन अनुभव के अनुसार सम्पर्क करें- सिटी केमिस्ट मेडिकल काम्प्लेक्स तेलीपारा रोड बिलासपुर (39243)

**आवश्यकता है-** FMCG एवं वेलनेस बिजनेस हेतु एक मार्केटिंग पर्सन चाहिए योग्यता एमबीए, बीफार्मा डीफार्मा बीसीए डीसीए, बीबीए एवं अन्य सभी डिग्रीधारी बायोडाटा व्हाट्स एप करें- 98930 81826, 7067124226 इंटरव्यू, मिलने एवं कॉल करने का समय शाम 5बजे से 10बजे तक (39233)

**आवश्यकता है-** इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लोडिंग, अनलोडिंग कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इंटरप्राइजेस सिटी कोतवाली चौक के पास तेलीपारा रोड बिलासपुर 9907326286 (39226)

**आवश्यकता है-** देवरीखुर्द कॉलोनी बिलासपुर स्थित दुकान में कम्प्यूटर टायपिंग, ऑन लाईन वर्क, च्वाईस सेन्टर जॉब वर्कर, ब्यूटी पार्लर वर्कर एवं लेडिज टेलर की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 93018 02425 (39235)

**आवश्यकता है-** अनुभवी कम्प्यूटर ऑपरेटर (युवती) एवं अनुभवी कार ड्राइवर अच्छे व्यवहार वाले की आवश्यकता है आधार कार्ड लाइसेन्स के साथ वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- 9575558854, 9424185377 (39236)

**आवश्यकता है-** होटल नटराज में काम करने हेतु अनुभवी हाऊस कीपिंग/ वेटर की आवश्यकता है वेतन 7000 से 10000 तक सम्पर्क करें- 9977861508 (39237)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गीता इलेक्ट्रीकल्स एण्ड हार्डवेयर सीपत रोड बहतराई चौक बिलासपुर 8839011077, 9827184971 (39221)

**आवश्यकता है-** मैनेजर एक पद आयु 30 वर्ष (वेतन 12000) एवं अनुभवी बिजली मिस्त्री अनुभवी की तत्काल आवश्यकता है ओरिजनल आईडी के साथ सम्पर्क करें- प्रबन्धक अग्रवाल लॉज खादिम शो रूम के पीछे गली में गोल बाजार बिलासपुर 98263900898 (39195)

**आवश्यकता है-** कॉलोनी में 6 सुरक्षागार्ड एवं 2 सुपरवाइजर चाहिए योग्यता 12वीं, उम्र 40वर्ष तक, इ्यूटी 12घंटे एंड्रॉयड फोन चलाने का अनुभवी, वेतन 10000 से 12000 सम्पर्क- सुबह 9 से 11बजे, रामावैली आवासीय सहकारी समिति प्रथम तल ऑफिस नं.-3 शॉपिंग काम्प्लेक्स, रामावैली कॉलोनी बोदरी बिलासपुर 88272 83767, 7999946658 (39224)

**आवश्यकता है-** अनुभवी मेहनती फील्ड कार्य हेतु सुपरवाइजर कम्प्यूटर कार्य, हिन्दी टाइपिंग जानकार, फील्ड हेतु मेहनती सुपरवाइजर, युवक, युवती। सम्पर्क- अजय शुक्ला ग्रीन पार्क जरहाभाटा हर्ष आशियाना के पास बिलासपुर 6267249741 9589944464 (39199)

**आवश्यकता है-**औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000/- कम्प्यूटर ऑपरेटर 3 सुरक्षागार्ड 56 वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, FF-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 7747000019, 77470 00016, 7746000016, 7746000019 (348)

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री पता- बंजारी मन्दिर के पास, रावाभाटा, रायपुर 7471176423 (39200)

**आवश्यकता है-** UTN शॉप में काम करने हेतु लड़के, लड़कियो की आवश्यकता है। वेतन 8000 से 12000 सम्पर्क करें- शॉप नम्बर एफएस- 16 प्रथम तल, सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक बिलासपुर 79995 94790, 7806007192 (39227)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर की Pvt. Ltd. कम्पनी को मैनेजर-2 (20000- 25000), फिल्ड ऑफिसर- 5 (13000 15000+ पेट्रोल), कांउसलर- 2 (15000- 17000), टेली कॉलर-4 (12000- 15000) कम्प्यूटर आपरेटर (एकाउंटेंट)- 2, (13000- 15000) ऑफिस ब्वाय (प्यून) चाहिए। उम्र 28 से 50वर्ष, अनुभवी ही सम्पर्क करें- नारायण प्लाजा, बिलासपुर 6269222003, 62692 22001 (39229)

**आवश्यकता है-** फोर व्हीलर वर्कशॉप में लड़के/ लड़कियों, सुपर डिजायनर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, प्यून चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- बालाजी सेल्स एण्ड सर्विसेज मगरपारा रोड बिलासपुर (39197)

**आवश्यकता है-**औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुपरवाइजर 16000 फील्ड ऑफिसर 15000/- कम्प्यूटर ऑपरेटर 3 सुरक्षागार्ड 56 वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, FF-6 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर 7747000019, 77470 00016, 7746000016, 7746000019 (348)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य की आवश्यकताएं 10वी 12वीं पास छात्रों के लिए जो कानपुर में रह कर काम कर सके वेतन 10000 + कमीशन +बोनस +प्रमोशन + रेल ट्रेनिंग के बाद कमाए 15 से 20 हजार महीना 8770508791, 7225815090 (801)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य एवं टेलीकॉलिंग हेतु अविवाहित उत्साही लड़को की आवश्यकता है उम्र 18-28, वेतन 10,000/- +कमीशन +बोनस, ट्रेनिंग के पश्चात कमाये 15-20 हजार प्रतिमाह, रहना फ्री संपर्कः- 78701 92397, 779688012 (385)

**आवश्यकता है-** पेन, पेन्सिल, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो सम्पर्क करें- 8092366306 (757)

**आवश्यकता है-**अम्मा जी ट्रेडर्स बिलासपुर में सेल्स मार्केटिंग कार्य करने के लिए लड़के की आवश्यकता है सैलरी+ कमीशन+ पेट्रोल सम्पर्क करें- व्यापार विहार, बिलासपुर 6266732985, 9685138652 (346)

**आवश्यकता है-**हाऊस कीपिंग स्टाफ-100 (गर्ल, ब्यॉय) नर्स-15, लेडिज गार्ड- 10, वार्डब्यॉय-10, ऑफिस ब्यॉय-10 बिलासपुर अम्बिकापुर हेतु रहना फ्री ड्यूटी 8घंटे, वेतन 6000-10000 पता-डीके एण्ड सन्स प्लेसमेन्ट सर्विसेस शंकर नगर बिलासपुर 8889823100 (39144)

## बेचना है

**बेचना है-** प्लाश 39 स्मृतिवन के गेट के सामने, राजकिशोर नगर मेन रोड में 30×50= 1500 वर्गफुट (BDA) 1500 वर्गफुट कमर्शियल दुकान एवं 1500 वर्गफुट 3BHK रेसिडेंशियल मकान सम्पर्क करें- नितिन जैन 83496 58314, 9630195219 (39232)

**बेचना है-** परसदा (सकरी) कोटा मोड़ दीनदयाल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगे सर्वसुविधायुक्त 2BHK मकान 26 लाख एवं 3BHK मकान 27 लाख में उपलब्ध हैं। बुकिंग कराने हेतु सम्पर्क करें- 9884261185, 98274 04638 (39217)

**बेचना है-** बिलासपुर सिरगिट्टी में गोविन्द नगर में 3225 वर्गफीट प्लाट और व्यापार विहार में एक कमर्शियल प्लॉट साईज 375 वर्गफीट कमर्शियल प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9630083740, 9770676030 (39238)

**बेचना है-** बिलासपुर प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2 BHK स्वतंत्र मकान बेचना है (फाइनेंस सुविधा उपलब्ध) संपर्कः- 6265041277, 8461997770 (383)

**बेचना है-**हर्षफिनिक्स सिटी पूर्ण विकसित कालोनी वार्ड49 बीआर यादव नगर, बिजौर बिलासपुर विभिन्न साइज लेआउट प्लाट, 2/3/4BHK डुप्लेक्स बंगलो, 2/3BHK अफोर्डेबल फ्लैट टाउनकंट्री रेरा रजिस्टर्ड। सम्पर्क- एसके बिल्डर्स & डेवलपर्स 88394 55596, 7697644444 (38649)

## किराया

**किराया-** शारदा सदन विद्या नगर शिव मन्दिर के पीछे बिलासपुर में 2500 वर्गफुट का 2मंजिला, फर्निश्ड घर किराए पर देना है 5 कमरे, हॉल परिवार ऑफिस हेतु उपयुक्त। सम्पर्क करें- 8989220777, 70244 80818 (39191)

**किराया-** 22×67 एवं 22×25 की दुकान सीपत रोड, आर.के. पैट्रोल पम्प के सामने कार्यालय, बैंक, व्यापारिक प्रतिष्ठान हेतु किराये पर देना है सम्पर्क करें- 7000360763 (39234)

**किराया-** 1000 वर्गफुट हॉल अटैच टॉयलेट, टाइल्स फ्लोरिंग, फॉल्स सीलिंग, सेकण्ड फ्लोर, सीएलसी प्लाजा मंगला चौक, बिलासपुर में किराए पर देना है कोचिंग, ऑफिस, स्टूडियो, कमर्शियल उपयोग हेतु सम्पर्क करें- 9993067464 (39225)

**किराया-** खरमोरा, कोरबा में 700 sft मे बना 2 BHK घर नव निर्मित किराए पर देना है. संपर्क करे 9893294680 (RS Yadav मकान न. 61/02) (6576)

## फायनेंस

**फायनेंस-** जन कल्याण योजना अन्तर्गत पूरे छत्तीसगढ़ में लोन सिर्फ आधार कार्ड पर 50000 से 15 लाख तक 1% ब्याज वार्षिक, प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाएं सम्पर्क करें-92893 84524 (380)

**फायनेंस-** राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट मो. 8168338503, 8168328503 (382)

**सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Medicare Specialists
इसे जरूर पढ़िये और समझिये
इसे नजर अंदाज कर क्षणिक इलाज से रोग को दबा कर अपने जीवन को संकट में मत डालिए क्योंकि यह जिद्दी व लाईलाज बीमारी है यह दवा से दबकर बार-बार फिर उभरता है। क्योंकि इसका जड़ चमड़ी में नहीं कहीं और है।
क्या आपको किसी भी प्रकार का लाईलाज चमड़ी रोग है सोरायसिस सिर एवं शरीर से तांबे रंग के छिलके, खुजली, रुसी, जोड़ों में दर्द, सुजन अंगुलियों का टेढ़ा होना नाखुनों का सड़ना पुराना एक्जिमा रोग है।
क्या आप किसी प्रकार के यौन समस्या यौन कमजोरी व यौन रोग से परेशान है जैसे : शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, पेशाब से धातु जाना, उत्तेजना की कमी, मधुमेह जन्य नपुंसकता इत्यादि।
ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं है। ये खुरापाती नीम हकीमों से सावधान इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इन्नुनों थैरिपी पर आधारित केवल रस रसायन में ही है।
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
मो.- 94255-55659, 96177-89223, 93032-42200
गुरुवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

**हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें**

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# हार्दिक की वापसी, आईपीएल नीलामी से पहले घरेलू खिलाड़ियों को चमकने का मौका

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

चोट के बाद वापसी कर रहे हार्दिक पंड्या पर बुधवार से शुरू हो रहे सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट में सभी की नजरें होंगी जबकि प्रतिभाशाली घरेलू क्रिकेटर आईपीएल की नीलामी से पहले अच्छा प्रदर्शन करके ध्यान खींचना चाहेंगे।

हार्दिक ने सितंबर में एशिया कप के दौरान चोट लगने के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। फरवरी मार्च में भारत में होने वाले टी20 विश्व कप से पहले हार्दिक सिर्फ टी20 प्रारूप ही खेलेंगे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 9 दिसंबर से शुरू हो रही टी20 श्रृंखला से पहले अपनी फिटनेस साबित करने का उनके पास यह टूर्नामेंट ही एक मौका है। टूर्नामेंट हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता और लखनऊ में खेला जाएगा।

- आज से शुरू हो रहा सैयद मुश्ताक अली टी20 टूर्नामेंट
- हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता और लखनऊ में खेले जाएंगे मैच



### सूर्यकुमार खेलेंगे मुंबई के लिए ग्रुप मैच

शार्दुल ठाकुर की कप्तानी वाली मुंबई टीम गत चैंपियन के तौर पर उतरेगी। बड़ौदा की टीम 8 दिसंबर तक सात ग्रुप मैच खेलेगी और मुख्य कोच मुकुंद परमार को पंड्या के अधिकांश मैचों में खेलने की उम्मीद है। परमार ने कहा, 'वह अभी टीम से जुड़ा नहीं है लेकिन हमें उम्मीद है कि वह अधिकांश मैच खेलेगा। उसकी मौजूदगी से टीम का मनोबल बढेगा।' कप्तान सूर्यकुमार यादव भी मुंबई के लिए अधिकांश ग्रुप मैच खेलेंगे। शिवम दुबे भी मुंबई टीम का हिस्सा है। वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को तमिलनाडु का कप्तान बनाया गया है, जो ग्रुप चरण में खेलेंगे। केरल के कप्तान संजू सैमसन भी ग्रुप चरण में नजर आएंगे।

### बेहतर प्रदर्शन पर पराग और अय्यर की नजरें

एक समय भारतीय क्रिकेट में भविष्य का सितारा माने जा रहे पृथ्वी साव को पिछले साल नीलामी में किसी आईपीएल टीम ने नहीं खरीदा था। अब वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए नहीं बल्कि महाराष्ट्र के लिए खेलते हैं।वह भी अच्छा प्रदर्शन करके वापसी का दावा ठोकना चाहेंगे। नीतिश राणा दिल्ली की कप्तानी करेंगे। असम के कप्तान रियान पराग और मध्यप्रदेश के वेंकटेश अय्यर की नजरें भी बेहतर प्रदर्शन पर होंगी। अय्यर को 23.75 करोड़ रुपए में खरीदने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज कर दिया है।

## टी20 विश्वकप 2026 का ऐलान

# भारत-श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होगा टूर्नामेंट




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित टी20 विश्व कप 2026 का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा, जो इस साल के एशिया कप के गरमागरम मैचों के बाद दोनों टीमों के बीच पहली भिड़ंत होगी। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 का आयोजन भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे, जिसमें 20 टीमें भाग लेंगी और टूर्नामेंट का प्रारूप अपरिवर्तित रहेगा। भारत और पाकिस्तान अगले साल 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में आमने-सामने होंगे। टूर्नामेंट के कार्यक्रम के अनुसार, जिसका अनावरण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) मंगलवार को मुंबई में करेगी। इस साल के एशिया कप के दौरान भारत के जीते गए तीन गरमागरम मैचों के बाद यह पहली बार होगा जब दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इस मैच में मैदान के अंदर और बाहर काफी विवाद भी देखने को मिला था। यह मैच आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा और भारत का तीसरा मैच होगा। भारत और पाकिस्तान को अमेरिका, नामीबिया और नीदरलैंड के साथ ग्रुप में रखा गया है।

### भारत का पहला मैच 7 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ

भारत अपने अभियान की शुरुआत टूर्नामेंट के पहले दिन 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका के खिलाफ करेगा, जिसके बाद 'मेन इन ब्लू' 12 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ मुकाबले के लिए दिल्ली रवाना होगा। टूर्नामेंट का 2026 संस्करण 7 फरवरी से 8 मार्च तक भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें पाकिस्तान अपने सभी मैच कोलंबो या कैंडी में खेलेगा। टूर्नामेंट का प्रारुप अपरिवर्तित है, जिसमें 20 टीमों को चार-चार के समूहों में विभाजित किया गया है, जिनमें से प्रत्येक में पाँच टीमें होंगी। भारत गत चैंपियन है, जिसने बारबाडोस में 2024 संस्करण के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराया था।

### फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा

प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सुपर आठ चरण के लिए क्वालीफाई करेंगी, जहाँ टीमों को चार-चार के समूहों में विभाजित किया जाएगा। प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। यदि भारत सुपर आठ चरण में पहुंचता है, तो उसके तीन सुपर आठ मुकाबले अहमदाबाद, चेन्नई और कोलकाता में होंगे। यदि भारत सेमीफाइनल में पहुंचता है, तो उसका सेमीफाइनल मुंबई में होगा। अन्य सेमीफाइनल स्थान कोलंबो या कोलकाता है, जो इस बात पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान या श्रीलंका क्वालीफाई करते हैं या नहीं। फाइनल अहमदाबाद में खेला जाएगा। लेकिन यदि पाकिस्तान खिताबी मुकाबले में पहुँचता है, तो इसे कोलंबो में स्थानांतरित किए जाने की संभावना है।

### भारत और श्रीलंका के अलावा, 18 टीमें

अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त राज्य अमेरिका, वेस्टइंडीज, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, इटली, नीदरलैंड, नामीबिया, जिम्बाब्वे, नेपाल, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात।

## साउथ अफ्रीका ने 260/5 के स्कोर पर घोषित की दूसरी पारी, भारत के 27/2

# भारत के खिलाफ इतिहास में 5वीं बार 500 से ज्यादा की बढ़त, मिला 549 रन का मुश्किल लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

जिस पिच की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल प्रवृत्ति का दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया ,उस पर भारतीय बल्लेबाज दूसरी पारी में भी जूझते हुए नजर आए, जिससे उनकी टीम पर दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में बड़ी हार का खतरा मंडराने लग गया है। दो मैच की श्रृंखला में पहले ही पीछे चल रहे भारत ने 549 रन के लगभग असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए मंगलवार को चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में 15.5 ओवर में दो विकेट पर 27 रन बनाए हैं और लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उसे अब 522 रन की जरूरत है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 5वीं बार किसी टीम ने भारत के खिलाफ 500 से ज्यादा रन की बढ़त हासिल की। जबकि 2006 कराची टेस्ट में पाकिस्तान के बाद यह पहली बार है।

### स्टब्स ने खेली शानदार पारी

दक्षिण अफ्रीका में इससे पहले अपनी दूसरी पारी पांच विकेट पर 260 रन बनाकर समाप्त घोषित की। उसका आकर्षण ट्रिस्टन स्टब्स की पारी रही। इस युवा बल्लेबाज ने 180 गेंद का सामना करके 94 रन बनाए, जिसमें नौ चौके और एक छक्का शामिल है। उन्होंने टोनी डि जॉर्जी (68 गेंद पर 49) के साथ चौथे विकेट के लिए 101 रन और वियान मुल्डर (69 गेंद पर नाबाद 35) के साथ पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारत 201 रन ही बना पाया था।



### साउथ अफ्रीका की बढ़त

मंगलवार को साउथ अफ्रीका ने 260 रन और बनाकर अपनी बढ़त को बढ़ा दिया। साउथ अफ्रीका ने 26/0 से आगे खेलते हुए चौथे दिन के खेल की शुरुआत की। रयान रिकेल्टन और एडन मार्करम की ओपनिंग जोड़ी के बीच 59 रन की पार्टनरशपि हुई। रवींद्र जडेजा ने रिकेल्टन को सिराज के हाथों कैच आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ दिया। वो 35 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जडेजा ने मार्करम की पारी को 29 रन पर रोक दिया। फिर वाशिंगटन सुंदर ने कप्तान टेंबा बवुमा को तीन पर आउट करके साउथ अफ्रीका को 77 रन पर तीन झटके दे दिए।

**स्कोर बोर्ड**

दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 489
भारत पहली पारी: 201

| दक्षिण अफ्रीका दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रिकेल्टन का सिराज बो जडेजा | 35 | 64 | 4 | 0 |
| मारक्रम बो जडेजा | 29 | 84 | 3 | 0 |
| स्टब्स बो जडेजा | 94 | 180 | 9 | 1 |
| बावुमा का रेड्डी बो वाशिंगटन | 03 | 11 | 0 | 0 |
| जॉर्जी पगबाधा बो जडेजा | 49 | 68 | 4 | 1 |
| वियान मुल्डर नाबाद | 35 | 69 | 5 | 0 |

अतिरिक्त: 15, कुल: 78.3 ओवर में 260/5 रन पर पारी घोषित
गेंदबाजी: बुमराह 6-0-22-0, सिराज 5-1-19-0, जडेजा 28.3-3-62-4, कुलदीप 12-0-48-0, वाशिंगटन 22-2-67-1, जायसवाल 1-0-9-0, रेड्डी 4-0-24-0

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल का वेरेन बो यानसेन | 13 | 19 | 1 | 1 |
| राहुल बो हार्मर | 06 | 30 | 0 | 0 |
| सुदर्शन खेल रहे हैं | 02 | 25 | 0 | 0 |
| यादव खेल रहे हैं | 04 | 22 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 02, कुल: 15.5 ओवर में दो विकेट पर: 27 रन
गेंदबाजी: यानसेन 5-2-14-1, मुल्डर 4-1-6-0, हार्मर 3.5-2-1-1, महाराज 3-1-5-0

### भारत के सामने मैच बचाने की चुनौती

भारत के सामने मैच बचाने की चुनौती है लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उसके दोनों सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (13) और केएल राहुल (06) दस ओवर और 21 रन के अंदर पवेलियन में विराजमान थे। जायसवाल ने पहली पारी में छह विकेट लेने वाले मार्को यानसन की तेजी से उठती गेंद पर कट करने के प्रयास में विकेट के पीछे कैच दिया जबकि राहुल ऑफ स्पिनर साइमन हार्मर की गेंद पर पूरी तरह से गच्चा खाकर बोल्ड हो गए। दिन का खेल समाप्त होने के समय साई सुदर्शन दो और नाइटवॉचमैन कुलदीप यादव चार रन पर खेल रहे थे। पिच पर दरार पड़ गई हैं, जिससे स्पिन गेंदबाजों को टर्न मिलना शुरू हो गया है। ऐसे में अगर भारत हार्मर एंड कंपनी के सामने मैच बचाने में सफल रहता है तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।

### जडेजा ने बनाया रिकॉर्ड

रवींद्र जडेजा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में इतिहास रच दिया है। वह अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन के खास क्लब में शामिल हो गए हैं। गुवाहाटी में चौथे दिन के खेल के सुबह के सेशन में दो विकेट लेकर जडेजा ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में अपने विकेटों की संख्या 50 तक पहुंचा दी। वह कुंबले, जवागल श्रीनाथ, हरभजन सिंह और अश्विन के बाद पांचवे ऐसे भारतीय बॉलर हैं, जिन्होंने टेस्ट में कम से कम 50 साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों को आउट किया है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ जडेजा का 11वां टेस्ट है और 19 पारी में उन्होंने अब तक 50 विकेट लिए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत के लिए टेस्ट में सबसे ज़्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड कुंबले के नाम है। अपने 18 साल के टेस्ट करियर में महान स्पिनर ने प्रोटियाज के खिलाफ 21 टेस्ट खेले और 84 बल्लेबाजों को आउट किया। उनके बाद 13 मैचों में 64 विकेट के साथ जवागल श्रीनाथ दूसरे नंबर पर, हरभजन सिंह 11 मैचों में 60 विकेट के साथ तीसरे नंबर पर और आर अश्वनि 14 मैचों में 57 विकेट के साथ चौथे नंबर पर हैं।

## खबर संक्षेप



### नागल ने झांग को हराया क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**चेंगडू।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने चीन के मिंगुइ झांग को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन एशिया पेसीफिक वाइल्ड कार्ड प्लेआफ के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त नागल ने 2-6, 6-0, 6-2 से जीत दर्ज की। नवंबर 24 से 29 तक होने वाले इस टूर्नामेंट में आस्ट्रेलियाई ओपन 2026 के मुख्य ड्रॉ के लिए पुरुष और महिला एकल विजेता को वाइल्ड कार्ड मिलेंगे। नागल को शुरूआत में चीन का वीजा लेने में दिक्कत आई। उनका आवेदन खारिज होने के बाद उन्हें चीनी अधिकारियों से सार्वजनिक तौर पर अपील करनी पड़ी। बाद में मसला सुलझने पर वह यहां आ सके। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त बू युंचाओकेते और जिजियांग यांग के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

### बल्लेबाजों की नाकामी कोच की गलती नहीं: रैना

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने आलोचनाओं से घिरे राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर का समर्थन करते हुए कहा है कि घरेलू टेस्ट मैचों में टीम के हालिया खराब



प्रदर्शन के लिए सहयोगी स्टाफ को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि खिलाड़ियों को नतीजों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। रैना ने कहा, 'गौती भैया (गौतम गंभीर) ने बहुत मेहनत की है और इसमें (टेस्ट टीम की मौजूदा स्थिति) उनकी कोई गलती नहीं है। खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत करनी होगी और अच्छा खेलना होगा। उनके नेतृत्व में हम सीमित ओवरों के प्रारुप में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जहां हमने इस साल की शुरुआत में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और दुबई में एशिया कप जीता था।' रैना ने कहा, 'रन तो खिलाड़ियों को ही बनाने होंगे। कोच मार्गदर्शन और सलाह ही दे सकता है।' रैना ने उन सुझावों को खारिज कर दिया कि घरेलू टेस्ट मैचों में खराब प्रदर्शन के कारण मुख्य कोच के रूप में गंभीर का भविष्य खतरे में है।

### भारत की मेजबानी हो सकते हैं राष्ट्रमंडल खेल, फैसला आज




**नई दिल्ली।** राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी अधिकार हासिल करने को लेकर आश्वस्त भारत की बोली को ग्लासगो में राष्ट्रमंडल खेलों की आम सभा में औपचारिक रूप से मंजूरी मिल जाएगी, जो देश की वैश्विक बहु-खेल केंद्र बनने की महत्वाकांक्षी योजना में मील का पत्थर साबित होगा। भारत ने इससे पहले 2010 में दिल्ली में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन किया था लेकिन 2030 में इन खेलों को अहमदाबाद में आयोजित किया जाएगा, जिसने पिछले एक दशक में अपने खेल ढांचे को नए स्तर तक पहुंचाया है। आम सभा में राष्ट्रमंडल खेल बोर्ड की सिफारिशों पर मुहर लगाने की औपचारिकता पूरी की जाएगी।

# सैयद मोदी इंटरनेशल : मलेशिया की जोड़ी को हराकर गायत्री-त्रीशा दूसरे दौर में

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वेदांत त्रिवेदी की 102 गेंद में 83 रन की पारी की बदौलत भारत बी ने अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान को दो विकेट से हरा दिया। भारत बी की प्रतियोगिता में यह पहली जीत है। इससे पहले टीम ने अफगानिस्तान और भारत ए के खिलाफ अपने तीनों मैच गंवाए थे। त्रिवेदी के अलावा कप्तान आरोन जॉर्ज (42), बीके किशोर (नाबाद 29) और दीपेश दीपेंद्रन (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेली, जिससे भारत बी ने 11 गेंद शेष रहते आठ विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले जॉर्ज ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, जिसने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 202 रन बनाए। अफगानिस्तान की ओर से उजेहल्लाह नियाजेई ने सर्वाधिक 96 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया।




### जूनियर हॉकी विश्व कप में स्पेन, जापान को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**मदुरै।** दो बार की कांस्य पदक विजेता स्पेन को जूनियर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है और उनके कोच ने कहा कि टीम पूरी तैयारी के साथ उतरी है। स्पेन और आस्ट्रिया की टीमें पहुंची जबकि जापान और चिली की टीमें चेन्नई पहुंची हैं। स्पेन के कोच ओरियोल पुइग टोरास ने कहा,' हम काफी रोमांचित हैं और इतने प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर गौरवान्वित भी। हमारी तैयारियां अच्छी चल रही है और मेरा मानना है कि हमारे पास शीर्ष स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम है।' स्पेन ने 2003 कुआलालम्पुर जूनियर विश्व कप में भारत को हराकर कांस्य पदक जीता था। स्पेन को पूल डी में बेल्जियम, नामीबिया और मिस्र के साथ रखा गया है। वह शुक्रवार को मिस्र से पहला मैच खेलेंगे।

# भारत बी ने अफगानिस्तान को हराया, त्रिवेदी ने जड़ा अर्धशतक

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

वेदांत त्रिवेदी की 102 गेंद में 83 रन की पारी की बदौलत भारत बी ने अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला में अफगानिस्तान को दो विकेट से हरा दिया। भारत बी की प्रतियोगिता में यह पहली जीत है। इससे पहले टीम ने अफगानिस्तान और भारत ए के खिलाफ अपने तीनों मैच गंवाए थे।

त्रिवेदी के अलावा कप्तान आरोन जॉर्ज (42), बीके किशोर (नाबाद 29) और दीपेश दीपेंद्रन (नाबाद 20) ने भी उपयोगी पारियां खेली, जिससे भारत बी ने 11 गेंद



शेष रहते आठ विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले जॉर्ज ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया, जिसने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 202 रन बनाए।

अफगानिस्तान की ओर से उजेहल्लाह नियाजेई ने सर्वाधिक 96 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 30 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। इसके बाद अफगानिस्तान ने उस पर मोर्चा संभाला जब अफगानिस्तान की टीम 25वें ओवर में 78 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद संकट में थी।

## गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग की नीलामी

# दीप्ति, क्रांति और चरणी पर बरस सकती है बड़ी धनराशि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लॉरा वोलवार्ट और भारत की विश्व कप में जीत की नायिका दीप्ति शर्मा सहित कई शीर्ष अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर गुरुवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की नीलामी में आकर्षण का केंद्र होंगे जबकि घरेलू खिलाड़ी क्रांति गौड़ और श्री चरणी को भी मोटी धनराशि मिलने की उम्मीद है।

कुल 277 खिलाड़ी (194 भारतीय और 83 विदेशी) पहली बार होने वाली इस मेगा नीलामी का हिस्सा होंगे। पांच टीमें अधिकतम 73 स्थानों को भरने की कोशिश करेंगी, जिनमें 50 भारतीय और 23 विदेशी खिलाड़ी शामिल होंगे। कम से कम 15 और अधिकतम 18 खिलाड़ी टीम में शामिल किए जा सकते हैं।

**277 खिलाड़ी होंगे डब्ल्यूपीएल की मेगा नीलामी का हिस्सा**






### भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग

वनडे विश्व कप जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग होगी। टूर्नामेंट की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट दीप्ति शर्मा पर अच्छी बोली लगने की संभावना है। उन्हें विश्व कप फाइनल के तुरंत बाद यूपी वॉरियर्स ने रिलीज कर दिया था। अगर क्रांति और चरणी जैसी युवा खिलाड़ी धनराशि के मामले में दीप्ति की बराबरी कर ले तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। इन दोनों ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करके प्रभावित किया था।

### हरलीन, रेणुका और स्नेह नीलामी का हिस्सा

*हरलीन देओल, रेणुका सिंह और स्नेह राणा भी नीलामी का हिस्सा हैं। जिन अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर दांव लगने के संभावना है उनमें ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग, वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली, इंग्लैंड की प्रमुख स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, उनकी हमवतन अमेलिया केर और दक्षिण अफ्रीकी कप्तान वोलवार्ट शामिल हैं। सि फ एक खिलाड़ी को रिटेन करने के बाद यूपी वॉरियर्स के पास नीलामी में सबसे अधिक राशि (14.5 करोड़ रुपए) है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास सबसे कम राशि (5.70 करोड़) है।*

# अजलन शाह कप : भारत ने किया डटकर मुकाबला, बेल्जियम जीता



एजेंसी ▶▶| इपोह

भारत ने बारिश से प्रभावित सुल्तान अजलन शाह कप हॉकी टूर्नामेंट के मैच में डटकर मुकाबला किया लेकिन आखिर में वह बेल्जियम से 2-3 से हार गया। भारत के लिए अभिषेक (33वें मिनट) और शिलानंद लाकड़ा (57वें) ने, जबकि बेल्जियम के लिए रोमन डुवेकोट (17वें और 57वें) और निकोलस डी केर्पेल (45वें) ने गोल किए। डिफेंडर संजय की अगुआई में भारत ने छह टीमों की प्रतियोगिता में रविवार को तीन बार के चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ पहला मैच 1-0 से जीता था। बेल्जियम को मैच शुरू होने के 10 मिनट बाद पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला। इसके बाद उसने जल्द ही दूसरा पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल कर लिया। लेकिन दोनों अवसरों पर भारतीय रक्षापंक्ति ने डटकर मुकाबला किया और सुनिश्चित किया कि पहले क्वार्टर के अंत तक वे बराबरी पर रहें। भारतीय गोलकीपर पवन ने अच्छा खेल दिखाया लेकिन वह 17वें मिनट में रोमन डुवेकोट को गोल करने से नहीं रोक पाए, जिससे बेल्जियम ने बढ़त हासिल कर ली।

इसरो 15 दिसंबर 2025 को अपने सबसे ताकतवर रॉकेट एलवीएम-3 से एक बेहद खास सैटेलाइट ब्लूबर्ड-6 लॉन्च करने वाला है। बता दें कि यह सैटेलाइट आम स्मार्टफोन पर सीधे स्पेस से नेटवर्क देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

# इसरो एलवीएम-3 से लॉन्च करेगा ब्लूबर्ड-6, स्पेस से सीधा मिलेगा नेटवर्क

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की एक कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल द्वारा बनाया गया यह सैटेलाइट दुनिया का पहला ऐसा सिस्टम तैयार करने वाला है, जिससे बिना किसी टॉवर के मोबाइल फोन में सीधा स्पेस से ही सेलुलर नेटवर्क मिल पाएगा।

एलवीएम-3 एक तीन स्टेज वाला हेवी लिफ्ट रॉकेट है, जो लगभग 8,000 किलो तक का पेलोड लो-अर्थ ऑर्बिट में ले जाने की योग्यता रखता है। इसी रॉकेट से चंद्रयान-2, चंद्रयान-3 और वनवेब के कई सैटेलाइट्स को भी अंतरिक्ष में भेजा जा चुका है।

## 15 दिसंबर को बदल जाएगी मोबाइल दुनिया!





लगातार सेलुलर ब्रॉडबैंड कवरेज उपलब्ध कराने में सक्षम हो सकता है

हालांकि, मौसम और तकनीकी तैयारियों के आधार पर लॉन्च का समय तय किया जाना बाकी है। बता दें कि अगर मिशन सफल रहा तो ब्लूबर्ड-6 अमेरिका और चुनिंदा देशों में लगातार सेलुलर ब्रॉडबैंड कवरेज उपलब्ध कराने में सक्षम हो सकता है। यह तकनीक आने वाले समय में उन इलाकों के लिए वरदान साबित हो सकती है जहां मोबाइल टॉवर लगाना बहुत ही मुश्किल होता है।

### कब और कहां से लॉन्चिंग?

इस मिशन को 15 दिसंबर 2025 को श्रीहरिकोटा में मौजूद सतीश धवन स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। बता दें कि सैटेलाइट भारत पहुंच चुका है और रॉकेट के साथ इसे जोड़ने का प्रोसेस भी शुरू हो चुका है। सभी टेस्ट पूरे होने के बाद इसे लॉन्च पैड पर ले जाया जाएगा।



### कितना खास है ब्लूबर्ड-6 सैटेलाइट?

ब्लूबर्ड-6 कंपनी के पहले बनाए गए सैटेलाइट्स की तुलना में करीब 10 गुना ज्यादा डेटा क्षमता रखता है। यह लगभग 223 वर्ग मीटर आकार वाले बड़े एंटीना से लैस है। कंपनी आने वाले समय में कुल 45 से 60 सैटेलाइट लॉन्च करने की योजना पर काम कर रही है। बता दें कि इससे दुनिया के कई हिस्सों में लगातार मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराया जा सकेगा।


## रोचक खबरें

### अंतिम संस्कार की चल रही थी तैयारी, तभी ताबूत से आई आवाज- मैं जिंदा हूं...!



**बैंकाक।** जिस महिला को मृत समझकर उसके परिवारवाले अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, वह जलने से कुछ ही सेकंड पहले ताबूत के भीतर से जोर-जोर से लात मारने लगी। जब घरवालों ने ताबूत खोलकर देखा, तो वे सन्न रह गए। क्योंकि, मरी हुई दादी जिंदा होकर उठ खड़ी हुई। चौंकाने वाली यह घटना थाईलैंड के फिट्सानुलोक में हुई। एक रिपोर्ट के अनुसार, लंबे समय से बीमार चल रहीं 65 वर्षीय चुओनथिरोत 23 नवंबर की सुबह अपने घर में बेहोशी की हात में पाई गई। घरवालों ने मान लिया कि उनकी नेचुरल डेथ हुई है, इसलिए उन्होंने महिला को एक ताबूत में लेटा दिया, और बैंकॉक के बाहरी इलाके में स्थित एक मंदिर तक 4 घंटे लंबी यात्रा करके ले गए, जहां गरीबों को मुफ्त दाह संस्कार सेवा मिलती है। महिला के छोटे भाई 57 वर्षीय मोंगकोल ने तो डेथ सर्टिफिकेट पर साइन भी कर दिए थे। लेकिन, जब पिकअप ट्रक मंदिर पहुंचा, तो ताबूत के भीतर से जोर-जोर से लात मारने की आवाजें आने लगीं। यह देखकर रिश्तेदार घबरा गए, और जब उन्होंने ताबूत को खोला, तो पाया कि दादी तो जिंदा है। तब महिला करवटें लेकर अपने चेहरे से मक्खियां भगा रही थीं। मोंगकोल ने कहा, मैं हैरान होने के साथ खुश था। उन्होंने इसे ऊपरवाले का चमत्कार बताया। रिपोर्ट के अनुसार, मंदिर के स्टाफ 27 वर्षीय थम्मनून ने बताया कि ताबूत को चिता तक ले जाने ही वाले थे कि उन्होंने लात मारने की आवाज सुनीं। खोलकर देखा, तो बुजुर्ग महिला कह रही थी- वह जिंदा है।

### 141 साल की उम्र में सबसे बुजुर्ग कछुआ रानी ग्रैमा की मौत



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के सैन डिएगो जू में रह रही गैलापागोस कछुए ग्रैमा की 141 साल की उम्र में मौत हो गई। मादा कछुआ ग्रैमा ने करीब डेढ़ सदी तक जीवित रही। ग्रैमा को रोमेन लेट्यूस और कैक्टस जैसे फल खान पसंद थे। वो सैन डिएगो जू की सबसे बुजुर्ग जानवर थी। जू अधिकारियों के मुताबिक, ग्रैमा की मौत करीब 141 साल की उम्र में 20 नवंबर को हुई, जो कर्मचारियों के साथ ही यहां आने वाले सभी लोगों के लिए प्रिय थी। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इसकी जानकारी नहीं है कि कछुआ सैन डिएगो जू में कब आई थी। जू के अधिकारियों ने बताया कि वह 1928 या 1931 में ब्रोंक्स जू से उनके गैलापागोस कछुओं के पहले ग्रुप के हिस्से के तौर पहुंची थी। सने अपनी प्यारी और शर्मीले स्वभाव से सभी ध्यान अपनी तरफ खींचा और हमेशा सबको खुश किया। ग्रैमा के केयर विशेष उसे प्यार से जू की रानी बुलाते थे। जू की तरफ जारी बयान में बताया गया है कि वह अपनी बढ़ती उम्र के कारण हड्डियों की परेशानियों से जूझ रही थी। हाल के दिनों यह परेशानी काफी बढ़ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। दुर्लभ प्रजाति के गैलापागोस कछुए जंगल में 100 साल से ज्यादा जीवित रह सकते हैं, तो वहीं चिड़ियाघर में उनकी उम्र और बढ़ जाती है। सबसे पुराने गैलापागोस कछुए का नाम हैरियट था। यह 175 साल की उम्र तक ऑस्ट्रेलिया जू में जीवित रहा।







## खोज

### टेक्टॉनिक प्लेटों का नया नाटक!

# स्वेज की खाड़ी हो रही है चौड़ी अफ्रीका-एशिया हो रहे हैं दूर!

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिकों ने एक नई खोज में बताया है कि स्वेज की खाड़ी, जोकि अफ्रीका और एशिया को अलग करती है। अब भी धीरे-धीरे चौड़ी होती जा रही है। पहले माना जाता था कि यह प्रोसेस लाखों साल पहले रुक गया था, लेकिन नई रिसर्च में पता चला है कि रिफ्ट अभी भी एक्टिव है। इस खोज से यह पता चला है कि पृथ्वी की टेक्टॉनिक गतिविधियों को समझने में बड़ा बदलाव ला सकती है। धीमी गति से हो रही यह हलचल आगे चलकर जमीन की बनावट और भूकंप के खतरे को भी ला सकता है। पृथ्वी कभी स्थिर तो रहती नहीं है। उसकी सतह लगातार बदलती रहती है, यह कभी तेज, कभी बेहद धीरे होती है। ऐसे ही एक बदलाव को लेकर वैज्ञानिकों ने हाल ही में चौंकाने वाली जानकारी दे दी है। मिस्र में स्थित स्वेज की खाड़ी जो अफ्रीका और एशिया महाद्वीपों को अलग करती है, अब भी धीरे-धीरे फैलती जा रही है। आपको



### वैज्ञानिकों ने यह कैसे पता लगाया?

रिसर्चर्स ने खाड़ी के 300 किलोमीटर लंबे क्षेत्र का गहराई से अध्ययन किया है। बता दें की पुरानी कोरल रीफ्स जमीन से ऊपर मिलना, इलाके में छोटे भूकंप, एक्टिव फॉल्ट लाइन्स और पहाड़ों की बनावट. ये सब संकेत बताते हैं कि जमीन अब भी हिल रही है और रिफ्ट पूरी तरह बंद नहीं हुआ है। बता दें कि लगभग 50 लाख साल पहले अफ्रीकी और अरब प्लेटों की दिशा बदल गई है। जिससे खिंचाव कम हो गया है। अब यह बदलाव अमेरिका के पश्चिमी इलाके की तरह बेहद धीरे-धीरे हो रहा है। जहां धीमी टेक्टॉनिक गतिविधि से घाटियां और पहाड़ बनते जा रहे हैं।

### नई रिसर्च का बड़ा खुलासा


नई स्टडी में बताया गया है कि स्वेज का फैलाव कभी बंद ही नहीं हुआ है। बस बहुत धीमा हो गया है। हालांकि, वैज्ञानिकों का मानना है कि खाड़ी हर साल तकरीबन 0.5 मिलीमीटर चौड़ी हो रही है। बता दें कि यह आकार भले ही बेहद छोटा लगता हो, लेकिन लाखों साल बाद इसका असर बहुत बड़ा हो सकता है।



### कैसे बनी स्वेज की खाड़ी?

स्वेज की खाड़ी लाल सागर का उत्तरी हिस्सा है। यह करीब 2.8 करोड़ साल पहले जब अरब टेक्टॉनिक प्लेट अफ्रीकी प्लेट से अलग होने लगी तब जमीन में दरारें पड़ीं और यह खाड़ी बन गई. इसे ही रिफ्ट कहा जाता है। यह एक ऐसी जगह हैं, जहां प्लेटें अलग होती हैं और पृथ्वी की सतह फटने लगती है। लाल सागर तो आज भी फैलकर नया महासागर बन रहा है। हालांकि, स्वेज की खाड़ी को अब तक एक असफल रिफ्ट माना जाता था।

## बुढ़ापे के बाद दोबारा हो जाता है जवान! ये है दुनिया का सबसे पुराना जीव



**लंदन।** यूं तो दुनिया में ऐसे कई जीव हैं जिन्हें लंबी उम्र का दर्जा मिला हुआ है। लेकिन, इम्मोर्टल जेलीफिश की कहानी बिल्कुल चौंकाने वाली है। इस जीव के अंदर एक ऐसी अद्भुत कला है जिससे ये अपनी उम्र को न सिर्फ रोक सकता है, बल्कि पास्ट में जाकर दोबारा बचपन और जवानी को जी सकता है। जी हां, ये कोई कल्पना नहीं है, बल्कि सच है। इसी क्षमता के कारण ये नन्हा सा जीव विज्ञान जगत में चर्चा और शोध का विषय बना रहता है।

**क्या है जेलीफिश :** जानकारी के अनुसार जेलीफिश एक अकशेरुकी जीव है। इसमें रीढ़ की हड्डी नहीं होती है। जेलीफिश में मछली की तरह दिमाग, दिल या खून नहीं होता है। जानकारी के अनुसार अधिकांश जेलीफिश मर जाती हैं, लेकिन ये खास प्रजाति ट्यूरिटोप्सिस डोहरनी (अमर जेलीफिश) या इम्मोर्टल जेलीफिश है जो अपनी उम्र को पलटने की क्षमता रखती है। इम्मोर्टल जेलीफिश को 'जैविक रूप से' से अविनाशी या अमर माना गया है।

### क्यों नहीं मरती है ये जेलीफिश?

जेलीफिश के अमर होने या न मरने के पीछे एक गजब की क्षमता या मैकेनिज्म है। दरअसल, जब जेलीफिश को कोई चोट लगती है, किसी कारण भोजन नहीं मिल पाता है या जब ये ज्यादा तनाव में होती है जो ये अपना व्यस्क रूप छोड़कर वापस पॉलीप चरण या किशोरावस्था में बदल जाती है। इससे ये अपना जीवन दोबारा शुरू कर सकती है। ऐसा करने से जेलीफिश को अपना जीवन दोबारा जीने का मौका मिलता है। यानि वास्ताविक रूम में यदि कोई बीमारी या शिकारी इसे न मारे तो ये जीव कभी नहीं मरेगा। यही कारण है कि इसे अमर जेलीफिश के नाम से भी बुलाते हैं।

# म्यूजियम में मुर्दों की प्रदर्शनी देखने पहुंची मां ने देखा बेटे का शव

**न्यूयार्क।** जरा सोचिए, जिस बेटे को 12 साल पहले दफनाया, जिसकी राख उसके गर्दन के हार में लटकी है।..एक दिन किसी म्यूजियम की प्रदर्शनी में वही बेटा खाल उतरे हुए शरीर की शक्ल में सामने खड़ा मिल जाए, तो यकीनन किसी भी कलेजा फट पड़ेगा। ये कहानी किसी हॉलीवुड थ्रिलर जैसी लगती है, लेकिन अमेरिका में रहने वाली किम एरिक के लिए यह सच भयानक, दिल तोड़ने वाला और सवालों से भरा है। मीडिया के मुताबिक, किम के बेटे क्रिस की मौत 2012 में हुई थी। पुलिस ने कहा, 'दो हार्ट अटैक...मौत नींद में हुई', लेकिन किम को तब भी शक था और फिर कुछ महीने पहले, जब वह लास वेगास के रियल बॉडीज़ म्यूजियम पहुंचीं, उनकी दुनिया थम गई। एक शव जिसकी खाल उतरी हुई थी, अंदरूनी अंग खुले हुए...उन्हें ठीक अपने बेटे क्रिस जैसा लगा। किम ने कहा, 'मैंने उसे देखा और मेरे पूरे शरीर में झनझनाहट



दौड़ गई. मुझे पता था कि ये मेरा क्रिस है।' रियल बॉडीज़ म्यूजियम के अधिकारी ने साफ कहा हैं कि, 'शव चीन से आते हैं। पहचान बताने वाला कोई डेटा नहीं होता और प्रदर्शनी 2004 से जारी है।' उन्होंने कहा था कि, 'सभी बॉडीज नैतिक रूप से प्राप्त की जाती हैं, यह दावा तथ्यहीन है', लेकिन किम की कहानी वहीं खत्म नहीं होती। किम ने क्रिस की मौत का केस दोबारा खुलवाया, तब उन्हें पहली बार वे तस्वीरें भेजी गईं, जिन्हें देखकर कोई भी खोखला हो जाए।















हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com